6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 100 | पृष्ठ : 22
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 19 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2082




**सौगात** मोतिहारी बनेगा पूरब का मुंबई, गयाजी में गुरुग्राम की तरह देंगे रोजगार...17 दिल्ली-एनसीआर

# शराब घोटाले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने किया गिरफ्तार

## छत्तीसगढ़ : अपराध की आय से चैतन्य की कंपनियों को 17 करोड़ मिले...विशेष अदालत ने पांच दिन के ईडी रिमांड में भेजा

**रायपुर।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। ईडी ने शुक्रवार को दुर्ग जिले के भिलाई स्थित पूर्व सीएम के आवास पर छापा मारने के बाद चैतन्य को गिरफ्तार कर विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन के लिए ईडी की रिमांड में भेज दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, चैतन्य को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि वह शराब घोटाले में ताजा साक्ष्य मिलने के बाद मारे गए छापे के दौरान एजेंसी का सहयोग नहीं कर रहे थे। आरोप है कि चैतन्य से जुड़ी कंपनियों को शराब घोटाले से अर्जित अपराध की आय से 17 करोड़ रुपये मिले थे। एजेंसी ने दावा किया कि इस घोटाले के कारण राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट से जुड़े लोगों की जेबों में 2,100 करोड़ से अधिक की रकम पहुंची। एजेंसी इसी में से 1,070 करोड़ की धनराशि के संबंध में चैतन्य की भूमिका जांच रही है।

ईडी ने इस वर्ष 10 मार्च को छापे में भूपेश बघेल और चैतन्य के आवास से 30 लाख रुपये जब्त किए थे। यह राशि छत्तीसगढ़ में शराब व्यापार में कथित अनियमितताओं के मामले में प्रदेश में कुल 14 स्थानों पर चलाए गए दिनभर के तलाशी अभियान के दौरान बरामद की गई, जिसमें संदिग्ध अवैध कमीशन और मनी लॉन्ड्रिंग शामिल है। एजेंसी



चैतन्य बघेल को गिरफ्तार करने के बाद रायपुर में विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश गिया गया, जहां से उन्हें ईडी के रिमांड पर भेजा गया। एजेंसी

**अवैध शराब बिक्री से कमाई :** ईडी के अनुसार, शराब घोटाले को बहुत ही सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। घोटाले से जुड़े आरोपियों ने सरकारी दुकानों से अवैध शराब की बिक्री की। बिना रिकॉर्ड में दर्ज किए शराब सरकारी दुकानों को भेजी गई और उसकी बिक्री से हुई कमाई सिंडिकेट से जुड़े सदस्यों की जेबों में गई।


### पूर्व मंत्री समेत कई शिकंजे में

शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता कवासी लखमा को गिरफ्तार किया गया था। रायपुर के मेयर और कांग्रेस नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी को भी गिरफ्तार किया गया था।

### बघेल सरकार में घोटाले का आरोप

ईडी के अनुसार, शराब घोटाला बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में 2019 व 2022 के दौरान हुआ था। मामले में ईडी ने अभियुक्तों की 205 करोड़ की संपत्तियां अटैच की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग की शिकायत पर दर्ज ईडी की पहली प्राथमिकी रद्द कर दी थी। बाद में ईडी ने छग आर्थिक अपराधा शाखा की ओर से दर्ज एफआईआर पर नया केस दर्ज किया था।

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग : बघेल



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। शुक्रवार को मेरे बेटे का जन्मदिन था। बघेल ने कहा, ईडी विधानसभा सत्र के अंतिम दिन उनके घर आया, जब रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में अदाणी समूह की कोयला खदान परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठाया जाना था।

# चांदनी चौक में सील की जाएंगी अवैध निर्माण वाली संपत्तियां

## सुप्रीम कोर्ट सख्त : एक भी अनधिकृत ईंट लगाने वाले को करें गिरफ्तार

## एमसीडी के अफसरों की मिलीभगत से चल रहा घोटाला, गश्त करे पुलिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चांदनी चौक में बड़े पैमाने पर अवैध और अनधिकृत निर्माण कार्यों पर सख्त नाराजगी जताते हुए इलाके में सभी अवैध निर्माण वाली संपत्तियों को सील करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक भी अनधिकृत ईंट लगाते पाए जाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली पुलिस से कहा, आप हर दिन गश्त के लिए जाते हैं। अगर कोई ईंट लगाते पाया जाता है, तो उसे तुरंत गिरफ्तार करें। यह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा बड़ा घोटाला है। इसे रोका जाना चाहिए। पीठ ने आदेश में कहा, पुलिस आयुक्त क्षेत्र में गश्त के लिए एक पुलिस दल तैनात करते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि एमसीडी की ओर से पारित सभी ध्वस्तीकरण नोटिस का सावधानीपूर्वक पालन किया जाए। जहां अवैध या अनधिकृत निर्माण हो रहे हैं, ऐसी संपत्तियों को तुरंत सील किया जाए। स्थानीय डीसीपी की ओर से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए।

पीठ ने उस संपत्ति का भी संज्ञान लिया जिसके भूतल पर एक वृद्ध महिला रहती है और एक बिल्डर की ओर से अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार नगर निगम से लगा रही है। जस्टिस कांत ने एमसीडी से पूछा, 2022 में बिल्डर ने काम शुरू कर दिया और वृद्ध महिला रो रही है, दर-दर भटक रही है। आप कुछ नहीं करते। और जब हम आदेश देते हैं तो आप जाकर सब कुछ तोड़ देते हैं। आप इतने सालों से क्या कर रहे थे! कोर्ट ने बिल्डर का विवरण मांगा ताकि उसके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। अंततः, पीठ ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसडी संजय से कहा कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करवाएं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, देखते हैं उन्हें कौन जमानत देता है। ब्यूरो



### व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति नहीं

पीठ ने कुछ घरों को गुप्त तरीके से एकसाथ मिलाने के मामले में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए। इससे जुड़े आवेदन पर एमसीडी से जवाब-तलब करते हुए आदेश दिया कि संबंधित संपत्ति पर किसी भी व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी, जरूरी हो तो सील करें। हालांकि पीठ ने कहा कि आखिरकार एमसीडी अपनी नींद से जाग गया है और कुछ कदम उठा रहा है।

### एमसीडी को दी चेतावनी लापरवाही मानेंगे अवमानना

अदालत ने एमसीडी को भी आगाह किया कि किसी भी तरह की लापरवाही न सिर्फ न्यायालय की अवमानना मानी जाएगी बल्कि एमसीडी और संबंधित बिल्डरों के बीच मिलीभगत के बारे में प्रतिकूल निष्कर्ष निकालने का भी आधार बनेगी।

■ पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक में अवैध व अनधिकृत व्यावसायिक निर्माण और एमसीडी की ओर से इससे निपटने में विफलता की सीबीआई से जांच कराने की इच्छा व्यक्त की थी। अदालत ने क्षेत्र में आवासीय भवनों को व्यावसायिक परिसरों में बदलने पर रोक लगा दी। शीर्ष कोर्ट दिल्ली हाईकोर्ट के दो आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार कर रहा था।

# युवाओं के लिए शानदार अवसर, कहानी लिखें, किताब का हिस्सा बनें

**नई दिल्ली।** अगर आपके दिल में कोई कहानी है, मन में कोई रचनाकार कुलांचे मार रहा है, तो झिझकिये मत। कलम उठाइये और उसे कागज पर उतार दीजिये। आपकी कलम से निकली अनूठी कहानी अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन से प्रकाशित होने वाली एक अमूल्य किताब का हिस्सा बन सकती है।

अमर उजाला आपके लिए कहानी प्रतियोगिता नई उमर की नई फसल-2025 के जरिये शानदार अवसर मुहैया करा रहा है। इसमें प्रविष्टियां 20 जुलाई से भेजी जा सकती हैं। आवेदन की आखिरी तारीख पांच अगस्त है। शर्त बस इतनी है कि आपकी उम्र 18 से 27 के बीच होनी चाहिए और रचना मौलिक हो। ब्यूरो

नई उमर की नई फसल 2025 कलम से किताब तक | पेंगुइन स्वदेश-अमर उजाला कहानी प्रतियोगिता

क्यूआर कोड के जरिये कहानी भेज सकते हैं...

### कल से करें आवेदन : मौलिक व अप्रकाशित हों कहानियां


- ■ कहानी की शब्द सीमा 2000 से 2500 शब्द के बीच होनी चाहिए।
- ■ कहानियां मौलिक और अप्रकाशित हों। कहानियों का चयन निर्णायक मंडल करेगा।
- ■ चयनित 25 कहानियों के एक संकलन का प्रकाशन पेंगुइन स्वदेश करेगा, जिसमें लेखकों का परिचय भी रहेगा।
- ■ प्रकाशित रचनाकारों को प्रकाशक की ओर से रॉयल्टी मिलेगी और अमर उजाला की ओर से सम्मान-पत्र दिया जाएगा।
- ■ लिखने के लिए विषय कुछ भी हो सकता है, मसलन...समाज, जीवन, रिश्ते, कॉलेज लाइफ, रोमांस, थ्रिलर, हॉरर, फंतासी, मिथक, साइंस फिक्शन, इतिहास, कोई चरित्र, कोई संवेदना, कोई घटना।

# केजरीवाल व सोरेन को गिरफ्तार करने वाले अफसर का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दो तत्कालीन मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने वाले भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी कपिल राज ने इस्तीफा दे दिया है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम केजरीवाल को ईडी की जिस टीम ने गिरफ्तार किया था, उनमें कपिल (45) भी शामिल थे। ईडी में करीब आठ साल तक रहे कपिल वर्तमान में दिल्ली में जीएसटी इंटेलिजेंस विंग में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात थे। उनकी 15 वर्ष से अधिक की नौकरी शेष थी। सूत्रों के अनुसार, कपिल ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। ब्यूरो




आज ही ख़रीदें HP OmniBook AI PC और पाएं ₹59 000.00* तक के फ़ायदे।

₹20 000.00* तक का एक्सचेंज लाभ | ₹15 000.00* तक का कैशबैक | 2 साल की अतिरिक्त वारंटी सिर्फ ~~₹14 499.00~~ ₹2 499.00* में | 12 महीने की नो-कॉस्ट EMI* | Fossil वॉच अब सिर्फ़ ~~₹13 495.00~~ ₹999.00* में

*T&C apply. The above HP Back to College Offers are valid from 20 June - 20 Aug 2025. The discount value is based on a combination of available offers, available at authorized HP partners, HP World stores and HP Online store, on select products and transactions. Please visit authorized HP stores to know applicable offers and T&C. To redeem the offers visit: www.redeemnow.in/hpbacktocollegeoffer. Limited period offer till stocks last on select SKUs, offers may change without prior notice. Intel, the Intel logo, and Intel Core are trademarks of Intel Corporation or its subsidiaries. © Copyright 2025 HP Development Company, L.P.

Walk-in to your nearest HP World

1800 419 4961

# विधानसभा की लाइब्रेरी बनेगी आधुनिक, म्यूजियम भी होगा

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने सौंपी व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट, लाइब्रेरी में होगा बड़ा बदलाव

अमर उजाला ब्यूरो


दिल्ली विधानसभा

**नई दिल्ली।** विधानसभा की लाइब्रेरी पूरी तरह आधुनिक और डिजिटल होगी। इसमें ई-लाइब्रेरी, आर्काइव और म्यूजियम भी होगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) ने इसके लिए विस्तृत फिजिबिलिटी (व्यवहार्यता अध्ययन) रिपोर्ट बनाकर सौंप दी है जिसमें आधुनिक तकनीक, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल सेवाओं का खाका तैयार किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि आधुनिक ई-लाइब्रेरी, आर्काइव और म्यूजियम में विधायकों व आम लोगों को बेहतर जानकारी और संसाधन मिलेंगे। आईजीएनसीए ने विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कर्मचारियों, इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक में सुधार के सुझाव दिए गए हैं। इसके लिए सीनियर कंसल्टेंट (लाइब्रेरी), एक एएलआईओ, दो लाइब्रेरी अटेंडेंट और एलआईएस प्रशिक्षुओं की भर्ती होगी। तीन महीने में कर्मचारियों के पद और वेतनमान तय होंगे। संसद लाइब्रेरी जैसे संस्थानों से सहयोग भी लिया जाएगा।

**लाइब्रेरी का इंफ्रास्ट्रक्चर बदला जाएगा :** आधुनिक फर्नीचर, म्यूजियम शैली के डिस्प्ले आदि काम पीडब्ल्यूडी पूरा करेगी। लाइब्रेरी डेलनेट से जुड़ेगी और प्रेस रीडर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म इसमें शामिल होंगे। सभी महत्वपूर्ण संसाधन ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। वेबसाइट को अपग्रेड करने के साथ नए कंप्यूटर और ओपेक टर्मिनल लगाए जाएंगे। पुराने दस्तावेज को ओसीआर-सक्षम फॉर्मेट में डिजिटल किया जाएगा। ब्रिटिश लाइब्रेरी जैसे संस्थानों से भी दुर्लभ सामग्री हासिल की जाएगी।

### प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी बनेगी

परियोजना की निगरानी प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी करेगी। ये सुधार डिजिटल इंडिया विजन के तहत हो रहे हैं, जिससे शासन व्यवस्था पारदर्शी होगी और विधायी संसाधनों तक पहुंच आसान होगी।

# पर्यटन को बढ़ावा देने आगे आए हिमेश रेशमिया

## दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के साथ बॉलीवुड गायक ने देखा पीएम संग्रहालय

अमर उजाला ब्यूरो


पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के साथ हिमेश रेशमिया। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बॉलीवुड गायक व संगीतकार हिमेश रेशमिया भाजपा सरकार के साथ काम करेंगे। कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के साथ उन्होंने शुक्रवार को तीन मूर्ति मार्ग पर प्रधानमंत्री संग्रहालय देखा। इस भ्रमण के जरिये दिल्ली सरकार ने कर्तव्य पथ और अन्य आधुनिक पर्यटन स्थलों को देशभर में लोकप्रिय बनाने का अभियान शुरू किया है।

प्रधानमंत्री संग्रहालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों को समर्पित 14 गैलरियां हैं जो भारत के राजनीतिक इतिहास को जीवंत बनाती हैं। संग्रहालय में 6-डी हेलिकॉप्टर राइड, वर्चुअल फोटो सेशन, हैंडराइटिंग रोबोट, टाइम मशीन, 3-डी राष्ट्रीय प्रतीक और काइनेटिक एलईडी लाइट्स से सजे राष्ट्रीय ध्वज जैसी खास सुविधाएं हैं। ये सुविधाएं आगंतुकों को इतिहास के साथ जोड़ने का अनूठा अनुभव देती हैं। पर्यटन मंत्री और हिमेश ने संग्रहालय की अत्याधुनिक गैलरियों और तकनीकी विशेषताओं को समझा। कपिल मिश्रा ने कहा कि ये संग्रहालय सिर्फ इतिहास को नहीं दिखाता बल्कि देश के महान नेताओं की यात्रा से प्रेरणा देता है। हर भारतीय को यहां आकर भारत के गौरवशाली नेतृत्व को करीब से देखना चाहिए।

### पर्यटन स्थलों को और आकर्षक बनाएगी सरकार

कपिल मिश्रा ने दिल्ली के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि कर्तव्य पथ, भारत मंडपम, प्रधानमंत्री संग्रहालय और डॉ. आंबेडकर स्मारक जैसे स्थल आधुनिक भारत की पहचान हैं। दिल्ली सरकार इन पर्यटन स्थलों को और आकर्षक बनाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

### आज के कार्यक्रम

**नाटक**

- **एलटीजी ऑडिटोरियम :** शाम 7 बजे दास्तान एलिस नाटक का मंचन किया जाएगा।
- **एलटीजी ऑडिटोरियम :** शाम 7:15 बजे ब्लैक कैनवास नाटक का मंचन होगा।
- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** शाम 7:30 बजे स्टेन ऑडिटोरियम में राबिया नाटक का मंचन होगा।

**प्रदर्शनी**

- **आईआईसी :** सुबह 11 बजे से आर्ट गैलरी में देवी के साथ क्रीड़ा प्रदर्शनी लगेगी।

**संगीत**

- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** शाम 7 बजे राग-रंग म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन होगा।

### आपकी आवाज

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

### न्यूज डायरी

#### 21 जुलाई को रहेगा जल संकट

**नई दिल्ली।** जल बोर्ड का चंद्रावल जल संयंत्र 21 जुलाई को 12 घंटे के लिए बंद रहेगा। इस कारण कई इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जल बोर्ड का कहना है कि 1800 मिमी व्यास की कच्चे पानी की लाइन को 2500 मिमी व्यास की लाइन से जोड़ने के कारण समस्या आएगी। ऐसे में जलसंयंत्र-एक व दो से होने वाली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल और आसपास के क्षेत्र, कमला नगर, शक्ति नगर और आसपास के क्षेत्र, करोल बाग, पहाड़गंज, एनडीएमसी क्षेत्र, पुराना व नया राजेंद्र नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी और आसपास के क्षेत्र, छावनी क्षेत्र के कुछ हिस्से और दक्षिण दिल्ली में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। ब्यूरो

#### कार्यकर्ताओं को किया जा रहा सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा संगठन को मजबूत करने के लिए सभी जिला कार्यालयों में महिला मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने निष्ठा से जनसंपर्क अभियान चलाया और पार्टी को मजबूती दी। अब चुनाव के बाद मोर्चा कार्यकर्ताओं से संवाद कर उन्हें सम्मानित कर रहा है। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा की अधिकांश कार्यकर्ता पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच पार्टी का काम करती हैं। ब्यूरो


#### आप लाई थी शिक्षा क्रांति : सिसोदिया

**नई दिल्ली।** आप नेता मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को दावा किया कि आप सरकार के समय दिल्ली में शिक्षा में क्रांति आई थी। शिक्षा को लेकर ऑनलाइन चर्चा में उन्होंने कहा कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल कोई सरकारी स्कीम नहीं है बल्कि लाखों परिवारों की उम्मीद है। शिक्षा एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। हमें शुरू से ही समझ आ गया था कि सिर्फ इमारतें सुधारने से बदलाव नहीं आएगा। हमने बुनियादी ढांचा सुधारा, लेकिन उसके साथ-साथ हमने शिक्षकों क ट्रेनिंग पर जोर दिया। ब्यूरो

# आठ प्रमुख चौराहे होंगे जाम मुक्त बनेंगे अंडरपास और फ्लाईओवर

## लोक निर्माण विभाग ने परियोजना के व्यवहार्यता अध्ययन के लिए निविदा जारी की

अमर उजाला ब्यूरो


शुक्रवार शाम को व्यस्त समय में आईटीओ चौक पर लगा जाम। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** राजधानी की सड़कों पर हर दिन लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विभाग 47 किलोमीटर लंबे एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर की योजना पर काम शुरू करने जा रहा है। इसके तहत शहर के आठ प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जाएंगे। इन चौराहों में आईटीओ, एनएसजी जंक्शन (टर्मिनल-1 के पास), शादीपुर डिपो, देशबंधु गुप्ता रोड, शिवाजी मार्ग व नजफगढ़-फिरनी रोड जैसे भीषण जाम वाले क्षेत्र शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए पीडब्ल्यूडी ने व्यवहार्यता अध्ययन और सड़क नेटवर्क प्लान तैयार करने के लिए निविदा जारी कर दी है। इसके तहत सभी चयनित सड़कों और चौराहों पर ट्रैफिक की आवाजाही, यात्री भार, निर्माणाधीन व भविष्य की परियोजनाओं, अतिक्रमण, वृक्षों आदि का सर्वे किया जाएगा। इस कार्य पर 14.60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। व्यवहार्यता अध्ययन की रिपोर्ट तैयार होने के बाद जरूरत के हिसाब से फ्लाईओवर और अंडरपास बनाने की दिशा में काम होगा।

**14.60** करोड़ रुपये सर्वे पर खर्च किए जाएंगे

### एयरपोर्ट के पास बनेगा वाई आकार का फ्लाईओवर

अधिकारियों के अनुसार, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-एक के सामने एनएसजी चौराहे पर वाई आकार का फ्लाईओवर बनाने की योजना है। एक लेन एनएसजी ऑफिस से मेहराम नगर ईस्ट और दूसरी द्वारका की ओर जाएगी। साथ ही, टर्मिनल-3 के विस्तार को ध्यान में रखते हुए एक नया अंडरपास या पुराने का चौड़ीकरण भी प्रस्तावित है। पुराने यूटर्न को बंद करने के कारण एक नया यूटर्न भी प्रस्तावित किया गया है। साथ ही, आईटीओ से लेकर विकास मार्ग, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग और दिल्ली गेट तक के 4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर विस्तृत ट्रैफिक स्टडी की जाएगी। इसी तरह देशबंधु गुप्ता रोड (पहाड़गंज से अजमेरी गेट) पर एलिवेटेड रोड बनाने का प्रस्ताव है।

### 47 किमी लंबे एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर की योजना पर होगा काम

**कहां क्या स्थिति**

- **शिवाजी मार्ग :** जखीरा क्रॉसिंग से कर्मपुरा फ्लाईओवर तक का मार्ग पश्चिमी दिल्ली को बाहरी और मध्य दिल्ली से जोड़ता है।
- **शादीपुर डिपो :** ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए फ्लाईओवर प्रस्तावित।
- **सूखी नहर पर रेलवे लाइन क्रॉसिंग :** रेलवे लाइन के ऊपर फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव है।
- **नानकसर गुरुद्वारा टी-पॉइंट से दिल्ली-यूपी बॉर्डर तक :** ट्रैफिक अध्ययन के बाद फ्लाईओवर की योजना होगी तैयार।
- **नजफगढ़-फिरनी रोड :** इस 4 किमी के हिस्से पर 15 से अधिक ट्रैफिक सिग्नल हैं जो हर समय जाम की स्थिति पैदा करते हैं।

# राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल में मिलेगी डायलिसिस की सुविधा

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो


अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री डॉ. पंकज सिंह। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** जाफरपुर कलां स्थित राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल में डायलिसिस की भी सुविधा मिलेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री अस्पताल में बुनियादी ढांचे से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं और आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल परिसर में रोगी कल्याण समिति कार्यालय व एक्टिविटी केंद्र का भी शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य मंत्री को निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं मिलीं। ऑक्सीमीटर समेत कई मेडिकल उपकरणों के काम नहीं पर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को तुरंत सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही, अधिकारियों को फटकार लगाकर अव्यवस्थाएं दूर करने के लिए कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली के संकल्प को पूरा करने के लिए अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुधारा जा रहा है। दिल्ली-हरियाणा बार्डर पर स्थित राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल में दिल्ली के साथ ही हरियाणा से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल में बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए चिकित्सीय सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। अस्पताल में पांच डायलिसिस यूनिट स्थापित होंगी।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में जरूरी मेडिकल सुविधाओं को अत्याधुनिक बनाने व मरीजों की समुचित देखभाल को और ज्यादा बेहतर करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद से दिल्ली के स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। स्वास्थ्य विभाग का हर व्यक्ति नई ऊर्जा के साथ काम कर रहा है। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे में तेजी से सुधार कर विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य है कि अस्पतालों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कोई कमी न रहे। निरीक्षण के समय नजफगढ़ विधानसभा की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान भी उपस्थित रहीं।

### नशे के खिलाफ महिलाओं, युवाओं को साथ जोड़ें : रविन्द्र इंद्राज

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने नशे के खिलाफ महिलाओं और युवाओं जोड़ने की सलाह दी है। उन्होंने बैठक में कहा कि नशे पर काबू पाने का सबसे बड़ा हथियार इसकी रोकथाम है और इसमें महिलाओं की भागीदारी से परिवार और समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने शुक्रवार को उत्तर दिल्ली में नशामुक्ति अभियान की प्रगति और रणनीति पर चर्चा के लिए समीक्षा बैठक की। डीएम, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, समाज कल्याण विभाग और एनजीओ के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री ने कहा, नशे पर रोकथाम के लिए सिर्फ कानून काफी नहीं, समाज का सहयोग, खासकर महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने जेजे कॉलोनी, झुग्गियों और क्लस्टरों में महिलाओं को वालंटियर बनाकर जागरूकता फैलाने की बात कही। अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को नशे के लक्षण, हेल्पलाइन नंबर - 14446 और डिएडिक्शन सेंटर की जानकारी देकर परिवार और पड़ोस को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ब्यूरो

# दिल्ली में ईवी नीति को 15 नवंबर तक बढ़ाया

अमर उजाला ब्यूरो



### नई नीति के मसौदे की हो रही समीक्षा, अंतिम रूप देने में लगेंगे चार माह

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मौजूदा ईवी नीति की मियाद 15 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी है। परिवहन विभाग अधिकारियों ने बताया कि नई नीति का मसौदा अभी समीक्षा के दौर में है।

इसे अंतिम रूप देने में कम से कम चार माह का समय लगेगा। 2020 में लागू हुई ईवी नीति अगस्त 2023 में समाप्त हो गई थी तब से इसे कई बार बढ़ाया गया है।

इसके तहत ई-बाइक पर 25 फीसदी (अधिकतम 5,500 रुपये), ई-रिक्शा व ई-कार्ट पर 30,000 रुपये तक और ई-दोपहिया पर 5,000 रुपये प्रति किलोवॉट बैटरी क्षमता (अधिकतम 30,000 तक) की सब्सिडी दी जा रही है। हल्के वाणिज्यिक ई-वाहनों पर भी 30,000 तक की सब्सिडी मिलती है।

नई नीति संशोधित मसौदा तैयार किया जा चुका है जिसे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व परिवहन मंत्री को दिखाया गया है। उन्होंने कुछ और बदलाव सुझाए हैं। ऐसे में मसौदा दोबारा संशोधित किया जा रहा है।

इसके बाद कम से कम 15 दिनों के लिए सार्वजनिक राय के लिए निकाला जाएगा। इसके बाद कैबिनेट व उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

# 5जी नेटवर्क को मिलेगी रफ्तार नोडल अधिकारी की नियुक्ति

अमर उजाला ब्यूरो



### राज्य ब्रॉडबैंड समिति के साथ समन्वय करेंगे, टावर लगाने की अड़चनें होंगी दूर

**नई दिल्ली।** राजधानी में ब्रॉडबैंड सेवाओं को मजबूत करने और 5जी नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने के लिए दिल्ली सरकार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। ये अधिकारी अब राज्य ब्रॉडबैंड समिति के साथ समन्वय करेंगे। समिति संचार मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में टेलीकॉम टावर लगाने व ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने में आ रही अड़चनों को दूर करती है।

अधिकारियों ने बताया कि नए नोडल अधिकारी को लंबित अनुमतियों को शीघ्र मंजूरी देने की जिम्मेदारी दी गई है जो 5जी नेटवर्क और ब्रॉडबैंड के लिए फाइबर बिछाने व टावर लगाने के लिए बेहद आवश्यक है। इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को और अधिक व्यवस्थित करने के लिए शहरी विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि किसी भी खुदाई कार्य से पहले संबंधित विभागों को सूचित किया जाए ताकि जनता को कम से कम असुविधा हो। साथ ही, सरकार ने टेलीकॉम कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे दिल्ली के मध्य क्षेत्रों व विशेष रूप से नई दिल्ली इलाके में 5जी नेटवर्क की त्वरित तैनाती सुनिश्चित करें।

# पीएम के निर्देश के बाद 1 से 31 अगस्त तक चलेगा सफाई अभियान

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देश के बाद दिल्ली में 1 से 31 अगस्त तक विशेष सफाई अभियान चलेगा। सरकार ने दिल्ली को इत्मीनान से साफ करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए शुक्रवार को शहरी विकास विभाग मंत्री आशीष सूद ने सचिवालय में सिविक एजेंसियों के साथ इसकी तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, एमसीडी, एनडीएमसी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी, राजस्व, शिक्षा विभाग और जिला मजिस्ट्रेट भी उपस्थित रहे। संबंधित अधिकारियों ने मंत्री को सफाई अभियान के आंकड़े, अगली कार्य योजना की जानकारी दी। जरूरी संसाधनों और लॉजिस्टिक की उपलब्धता बताई। आशीष सूद ने बताया कि अनधिकृत कालोनियों, झुग्गी झोपड़ी और मलिन बस्तियों में इसके लिए विशेष सफाई होगी। ब्यूरो

# बारिश ने धोया प्रदूषण साफ हवा में ली सांस


बारिश से बचाव पर हेलमेट नदारद ... बाल भवन के सामने दोनों युवकों ने बारिश से बचने का तो जुगाड़ किया लेकिन हेलमेट नहीं लगाया। भूपिंदर सिंह

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी में बृहस्पतिवार को तेज हवाओं के बीच हुई बारिश ने प्रदूषण को धो दिया है। ऐसे में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 60 दर्ज किया गया। यह हवा की संतोषजनक श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 10 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि सोमवार तक हवा संतोषजनक श्रेणी में बरकरार रहेगी। ऐसे में लोग साफ हवा में सांस लेंगे।

सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 111 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी है। इसके अलावा नोएडा में 58 सूचकांक दर्ज किया गया है। इधर, दिल्ली-एनसीआर में मानसूनी गतिविधियों के कारण हल्की से तेज बारिश का दौर जारी है। बृहस्पतिवार रात को हुई बारिश के बाद शुक्रवार दोपहर बाद भी बारिश हुई। इससे दिनभर मौसम सुहावना बना रहा। अभी फिलहाल ऐसे ही मौसम रहने की संभावना है। हालांकि शनिवार व रविवार को बारिश थोड़ा ब्रेक ले सकती है। इस कारण रविवार को तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इस दौरान तापमान 37 डिग्री तक पहुंच सकता है।

**60** दर्ज हुआ एक्यूआई

शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 34.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री कम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली के मानक केंद्र सफदरजंग में सुबह 8:30 बजे तक 005.4 मिमी व शाम साढ़े पांच बजे तक 008.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। सफदरजंग में 1 से 18 जुलाई के बीच 120 मिमी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार की रात को भी कुछ जगह बारिश हो सकती है।

**एक पेड़ मां के नाम** | दिल्ली को हरा-भरा बनाने की मुहिम में इस साल 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

# सीएम व हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने लगाए पौधे


राष्ट्रपति एस्टेट में सीएम रेखा गुप्ता, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने पौधे लगाए। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति एस्टेट में आयोजित हुए वन महोत्सव में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय, एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने मां के नाम पौधे लगाए।

इनके साथ जस्टिस नवीन चावला, ज्योति सिंह, अनूप भंभानी, अरुण त्यागी, एनजीटी विशेषज्ञ डॉ. सेंथिल वेल और डॉ. अफरोज अहमद ने भी पौधे लगाए। सबने दिल्ली वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान को आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की अपील की। इसमें पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा और वन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति एस्टेट के 11 विलिंगडन क्रिसेंट में पौधे लगाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले, स्कूल, दफ्तर और खाली जगहों पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा, यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, बल्कि हमारी मां और मातृभूमि के लिए भावनात्मक सम्मान है। पेड़ हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा देंगे। ये अभियान जन-आंदोलन बनेगा तो दिल्ली और हरी भरी दिखेगी।

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम की तारीफ की, उन्होंने दिल्लीवासियों से वन महोत्सव के जरिये इसमें हिस्सा लेने की अपील की। एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस श्रीवास्तव ने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम कदम बताया। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने बताया कि इस साल मानसून सीजन में दिल्लीभर में 70 लाख पौधे लगाएंगे।

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 100 | पृष्ठ : 22
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 19 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2082



amarujala.com | अपील | महिलाओं को रुढ़िवादी रीति-रिवाजों से करना चाहिए मुक्त...17





दिल्ली-एनसीआर


## जस्टिस वर्मा ने महाभियोग की सिफारिश को शीर्ष कोर्ट में दी चुनौती

### नकदी बरामदगी मामले की जांच रिपोर्ट और हटाने की सिफारिश पर उठाया सवाल



**नई दिल्ली।** घर से नकदी की बरामदगी के मामले में आंतरिक जांच रिपोर्ट में दोषी ठहराए गए जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इस रिपोर्ट की वैधता को चुनौती दी है। उन्होंने अपने खिलाफ महाभियोग की सिफारिश पर भी सवाल उठाते हुए इसे खारिज करने की अपील की है।

दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित किए गए जस्टिस वर्मा ने रिट याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाया है। उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया न अपनाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने जजों के पैनल की ओर से जांच शुरू करने से पहले औपचारिक शिकायत दर्ज न किए जाने का मुद्दा भी उठाया। जस्टिस वर्मा ने तर्क दिया कि 22 मार्च को उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा करते हुए प्रेस विज्ञप्ति अपलोड करने के सुप्रीम कोर्ट के रवैये से मीडिया में अटकलें लगाई गईं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

जस्टिस वर्मा ने कहा कि पूर्व सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की बनाई समिति ने उन्हें आरोपों का खंडन करने का अवसर नहीं दिया। उन्हें हटाने की सिफारिश पक्ष रखने का अवसर दिए बिना की गई। ब्यूरो

### कांग्रेस का समर्थन, जयराम बोले सांसद करेंगे प्रस्ताव पर दस्तखत

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ लाए जाने वाले प्रस्ताव का समर्थन करेगी और उसके सांसद भी उस पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने साफ किया कि हमारे सांसद प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, पर यह महाभियोग के लिए नहीं, बल्कि न्यायाधीश (जांच) कानून के तहत स्पीकर की ओर से तीन सदस्यीय समिति गठित करने के लिए है। रमेश ने कहा, समिति की रिपोर्ट के आधार पर संसद के शीतकालीन सत्र में उन्हें हटाने की प्रक्रिया होगी। रमेश ने कहा, विपक्ष जस्टिस शेखर यादव के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगा। >> पूर्व सीजेआई के पत्र ने किया मजबूर : पेज 17

# पहलगाम हमले में शामिल टीआरएफ को अमेरिका ने घोषित किया आतंकी संगठन

### भारत की बड़ी जीत...फैसले को महत्वपूर्ण करार दिया

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को अमेरिका ने विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। पाकिस्तानी आतंकी हाफिज सईद के लश्कर-ए-ताइबा के इस मुखौटा संगठन के खिलाफ उठाए गए कदम को भारत ने समयानुकूल और महत्वपूर्ण करार दिया है। साथ ही, कहा कि यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और अमेरिका के गहरे सहयोग को दर्शाता है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बृहस्पतिवार देर रात टीआरएफ के खिलाफ इस दंडात्मक कदम की घोषणा की। रुबियो ने कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग, टीआरएफ का नाम विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) व विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) के रूप में शामिल कर रहा है। लश्कर के मुखौटा व छद्म संगठन टीआरएफ ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 में लश्कर के मुंबई पर किए हमले के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों पर कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें सबसे 2024 का हमला भी शामिल है।

रुबियो ने कहा, विदेश विभाग की कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के न्याय के संकल्प को लागू करने के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाती है। अमेरिका के फैसले का स्वागत करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर हमेशा जोर देता रहा है। हम आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाते हैं और आतंकी संगठनों को जवाबदेह ठहराने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। >> पाकिस्तान फिर बेनकाब : पेज 18



पहलगाम आतंकी हमले के बाद मौके पर सुरक्षा बल के जवान। फाइल फोटो

### अमेरिकी विदेश विभाग और मार्को रुबियो की जयशंकर ने की सराहना

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, लश्कर के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और एसडीजीटी की सूची में शामिल करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी विदेश विभाग की सराहना करता हूं।

**ट्रंप नहीं जाएंगे पाकिस्तान :** पाकिस्तान जनरल आसिम मुनीर का व्हाइट हाउस में दोपहर के भोज पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मेजबानी करने के बाद पाकिस्तानी मीडिया ने खबरें चलाईं कि ट्रंप सितंबर में उनके देश आ सकते हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप की ऐसी कोई योजना नहीं है।

### दो बार ली थी पहलगाम हमले की जिम्मेदारी

विदेश मंत्रालय ने कहा, टीआरएफ पहलगाम समेत कई आतंकी हमलों में शामिल रहा है। पहलगाम हमले की उसने अपने सोशल मीडिया पेज पर दो बार जिम्मेदारी ली। एनआईए ने टीआरएफ प्रमुख शेख सज्जाद गुल को हमले का मास्टरमाइंड बताया है।

■ हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया।

### पाकिस्तान बोला-सबूत दिखाओ

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले में टीआरएफ की भूमिका से इन्कार करते हुए कहा, हम टीआरएफ को अवैध संगठन नहीं मानते। सबूत दिखाओ कि टीआरएफ ने हमला किया या इसने जिम्मेदारी ली है। हम इसे कबूल नहीं करते। उसका का नाम आतंकी सूची से हटाना होगा।


JAYPEE INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY
(Deemed to be University)
A-10, Sector 62, Noida, Gautam Buddh Nagar-201 309 (U.P.)
AICTE Approved | UGC Approved | NAAC Accredited | NIRF Ranked

ONLY FEW SEATS LEFT.
ADMISSIONS CLOSING SOON




OUR RANKINGS
9th BEST PLACEMENT AMONGST PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA BY INDIA TODAY (2024)
2nd NON GOVERNMENT TECHNICAL UNIVERSITY (NORTH ZONE) BY THE WEEK (2025)
5th NON GOVERNMENT TECHNICAL UNIVERSITY (ALL INDIA) BY THE WEEK (2025)
1st TOP ENGINEERING COLLEGE IN UTTAR PRADESH BY CSR (2025)

Last Date of Application 25th July 2025

LIMITED SEATS AVAILABLE IN THE FOLLOWING PROGRAMS
BA & MA-Journalism and Mass Communication | MA-Digital Business Management | B.Sc(CS) | B.Com | M.Com | BCA | MCA | BBA | MBA

M.Sc
Microbiology, Physics, Psychology, Bioinformatics, Economics, Computer Science, Mathematics, Chemistry, Data & Business Analytics, Artificial intelligence & Machine Learning

M.Tech & M.Des
Robotics & Artificial Intelligence, VLSI DESIGN, BIOTECH, M.Des

Diploma
Computer Science and Information Technology | Computer Hardware & Networking | Electronics Engineering (Micro Electronics)

Low cost EMI options available For Diploma Program.

Placement Milestones in 2025 | Highest Package ₹62.00 Lakhs (by Atlassian) | 98% Placement so far (as on 15th July, 2025)

JAYPEE EDUSPHERE | IGNITED MINDS INSPIRED SOULS
Apply Online: www.getadmissions.com/jaypee
Contact: +91- 7428630800/600, +91 (120) 2594400/300
admission@jiit.ac.in www.jiit.ac.in



Goldiee GROUP
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
गोल्डी सुपर पावर
उपहार योजना 2025
गोल्डी विक्रेता बंधुओं के लिए





20+1 स्कीम

बेसिक मसाले
हल्दी, धनिया, मिर्चा, खटाई की 50 ग्राम से 5 किलो तक की पैकिंग, सौंफ पाउडर, सोंठ पाउडर, जीरा भुना व जीरा पाउडर 50/100/200 व 500 ग्राम की पैकिंग पर योजना लागू।
हल्दी / धनिया / मिर्चा रु. 5/– एवम् रु. 10/– ऑफर पाउच पर योजना लागू।
कसूरी मेथी, काली मिर्च, काश्मीरी मिर्च, सफेद मिर्च व दालचीनी पाउडर पर योजना लागू।

विशिष्ट मसाले
रु. 5/– पाउच पैकिंग (जलजीरा रु. 5/– को छोड़कर) एवं रु. 10/– बॉक्स पैकिंग पर योजना लागू।

अचार
अचार की सभी पैकिंग पर योजना लागू।

पापड़
सभी पैकिंग पर योजना लागू।

सेवईं
सेवईं की सम्पूर्ण पैकिंग पर योजना लागू।

नूडल्स व पास्ता
वन–वन नूडल्स व पास्ता की सम्पूर्ण रेंज व पैकिंग पर योजना लागू।

सॉस
सॉस की 90 ग्राम से 800 ग्राम तक स्टैण्डी पाउच की सभी वैरायटी पर योजना लागू।

मीट जार
मीट मसाला जार रु. 2/– पाउच पैकिंग पर योजना लागू।

11+1 स्कीम

विशिष्ट मसाले
विशिष्ट मसालों की 50 ग्राम से 1 किलो तक की डिब्बा व पाउच पैकिंग पर योजना लागू।

हींग
बन्धानी हींग की सम्पूर्ण पैकिंग पर योजना लागू।

सॉस
सम्पूर्ण पैकिंग पर योजना लागू।
(रु. 1/– पाउच व स्टैण्डी पाउच पैकिंग को छोड़कर)

चाय
सम्पूर्ण रेन्ज एवं पैकिंग पर योजना लागू।

जिंजर गार्लिक पेस्ट
जिंजर गार्लिक पेस्ट रु. 5/–, 10/– व 200 ग्राम पैकिंग पर योजना लागू।

नियम व शर्तें: (1) उपरोक्त उपहार योजना भारतवर्ष (गुजरात, बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, जम्मू/कश्मीर एवं तेलंगाना को छोड़कर) के सभी गोल्डी विक्रेता भाइयों (GENERAL TRADE) के लिए स्टॉक रहने तक ही लागू है। (2) अपने वितरक भाई से इस योजना वाले फ्री उत्पाद लेना न भूलें। (3) यह उपहार योजना किसी भी समय बिना किसी सूचना के परिवर्तित या समाप्त की जा सकती है। (4) कम्पनी का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा व किसी भी न्यायालय में वाद योग्य नहीं होगा।

नियम व शर्तें लागू.

मसाले. हींग. अचार. चाय. पापड़. गुलाब जामुन मिक्स. सेवईयाँ. वन–वन नूड्ल्स. अगरबत्ती. धूपबत्ती. पूजाकिट आदि
www.goldiee.com | 1800 123 201201 | customercare@goldiee.com
/goldieegroup1980 | /goldieegroup | /goldieegroup | /goldieegroup



EUREKA FORBES
Aquaguard
अब 2 साल की फ़िल्टर लाइफ़ के साथ*



अब कहें अलविदा... हर साल फ़िल्टर्स बदलने के ख़र्चे को!
पेश है **ऐक्वागार्ड वॉटर प्योरिफ़ायर्स की नई रेंज, नैनोपोर 2X टेक्नोलॉजी फ़िल्टर्स के साथ** - जो आपको दे पेस्टिसाइड्स, माइक्रोप्लास्टिक्स, लेड, मर्क्युरी और माइक्रोब्स जैसे हानिकारक तत्वों के साथ साथ बैक्टीरिया और वायरस से पूरे 2 साल तक की सुरक्षा.

**अब, ऐक्वागार्ड से मिले पानी की कीमत उबले पानी के ख़र्चे से भी कम!**

| पीने के पानी के स्रोत | प्रति लीटर ख़र्चा (रु. में) |
|---|---|
| पैकेज्ड वॉटर | 20 |
| 20 लीटर वॉटर कैन्स | 4.5 |
| अन्य वॉटर प्योरिफ़ायर्स | 0.83 |
| उबला हुआ पानी | 0.61 |
| ऐक्वागार्ड, 2 साल की फ़िल्टर लाइफ़ के साथ* | 0.58 |




लॉन्ग-लाइफ़ फ़िल्टर्स. लाइफ़-लॉन्ग सुरक्षा.

चुनिए अपना नया ऐक्वागार्ड
अभी ख़रीदने के लिए स्कैन करें

*2 साल या 12,000 लीटर्स, जो भी पहले हो, टेस्ट कंडिशन्स के अंतर्गत - विवरण के लिए eurekaforbes.com पर देखें. *1 साल की फ़िल्टर लाइफ़ वॉटर प्योरिफ़ायर के संदर्भ में.

**Available at all leading outlets: South Delhi:** Ken Flo Technology - 9911226656, , R K Vision - 9999304741, Raj Electronics-9811376462, Unique Electronics - 9810300311, Arora Home Collection - 9811156468, Navdurga - 9136307510, **West Delhi** - SK Refrigeration - 9919662296, Kapila Electronics - 9910941700, Mahajan Electronics - 9069691434, Fairdeal Electronics - 9999064504, **Central Delhi** - Akash Inverter - 9899224864, **East Delhi** -Kohli Appliances-Jheel - 91368 64384, Mega Electronics - 9810757171 , Ved Electromac - 7838870794, Lucky Electrical - 7836879588.**North Delhi** - Sakshi kitchen Gallery -9871955098,Global Water - 8459388515, Aggarwal Electricals - 8810607002, **Noida**- ESI Home - 9758781547, C.S Electricals - 9990375083, **Faridabad**- Dixit Electronics - 9128538278, Ashoka Trading Co - 9971060791, Kiran Power system - 9050906131, **Ghaziabad**- Thakur Mobile - 995305879. **For Trade Enquiry- 9899561986.** For Product Experience & Assistance, Contact: **DELHI:** D S ENTERPRISES - 9582614832; FUTURE VISION ENTERPRISES – 9999191973. **Available online on: eurekaforbes.com | amazon | Flipkart |**
**Also available at all leading Large Format chains:** croma | Reliance digital | vijay sales | ELECTRONICS MART | EP | Great Eastern | Hariom | RAKESH RETAILS

# लूटपाट का विरोध करने पर गोलगप्पे बेचने वाले पर चाकू से हमला

## चार नाबालिगों को पकड़ा, सुल्तानपुरी इलाके की घटना, हमले के दौरान पीड़ित के सीने में चाकू फंसा, हालत नाजुक


चाकू लगने से घायल युवक। स्रोत : पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर नाबालिगों ने गोल गप्पे की रेहड़ी लगाने वाले युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित की पहचान एक्स ब्लॉक मंगोलपुरी निवासी धीरेंद्र उर्फ धीरा (19) के रूप में हुई है।

हमले के दौरान चाकू उसके सीने के बाईं ओर फंस गया। उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां से सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर वारदात में शामिल चार नाबालिगों को पकड़ लिया है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 17 जुलाई दोपहर सवा तीन बजे सुल्तानपुरी थाना पुलिस को बी ब्लॉक में वारदात की जानकारी मिली। घटनास्थल पर पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि धीरेंद्र बृहस्पतिवार दोपहर रेहड़ी लेकर बी ब्लॉक पहुंचा।

एक नाबालिग उसके पास आकर उसके जेब को टटोलने लगा। धीरेंद्र के विरोध करने पर बदमाश के अन्य साथी वहां पहुंच गए। उन लोगों ने पहले धीरेन्द्र की पिटाई की और फिर एक बदमाश ने चाकू निकालकर उसपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

उसके बाद बदमाश वहां से भाग गए। जांच के दौरान पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जिसमें चारों आरोपी कैद हो गए थे। पुलिस को पता चला कि सभी नाबालिग इलाके के ही रहने वाले हैं। उसके बाद पुलिस ने उनको पकड़ने के लिए दबिश दी। सभी अपने घर से गायब मिले। लगातार पूछताछ और छानबीन के बाद पुलिस ने शुक्रवार तड़के पार्क से चारों आरोपियों को दबोच लिया।

### लूटपाट में महिला व नाबालिग समेत 5 धरे

**पूर्वी दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले की वेलकम थाना पुलिस ने चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाली एक महिला और एक नाबालिग समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटी गई नकदी, आभूषण व अन्य सामान, चोरी के दो वाहन और दो चाकू बरामद किए हैं। बदमाशों की पहचान जाफराबाद निवासी नावेद (24), सीलमपुर निवासी फजल (22) और मोहम्मद इकबाल (19) के रूप में हुई है। ब्यूरो

# सेक्सटॉर्शन : सरगना समेत 4 आरोपी पकड़े

## अश्लील वीडियो दिखाकर आरोपियों ने पीड़ित से वसूले थे 35,000 रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सेक्सटॉर्शन रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के सरगना अर्मान खान और तीन सदस्यों मंगल सिंह, श्याम सिंह और आसिद खान को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने दिल्ली निवासी से अश्लील वीडियो दिखाकर 35,000 रुपये वसूले थे।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया, पीड़ित से संपर्क सबसे पहले डेटिंग ऐप पर हुआ। बाद में आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से उससे जुड़े और वीडियो कॉल के दौरान महिला का पूर्व रिकॉर्ड किया गया अश्लील वीडियो चलाया गया।

### पीड़ित का अश्लील विडियो कॉल रिकॉर्ड कर किया ब्लैकमेल

उनका तरीका था फर्जी प्रोफाइल बनाकर डेटिंग ऐप पर पीड़ित को लुभाना, उनसे फर्जी चैट करना और अश्लील वीडियो कॉल के लिए राजी करना शामिल है। ये कॉल पीड़ित की जानकारी के बिना रिकॉर्ड की जाती थी और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। उपायुक्त ने बताया, पीड़ित को कॉल के दौरान कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया और उसकी वीडियो कॉल छिपकर रिकॉर्ड कर ली गई। इसके बाद आरोपियों ने रिकॉर्ड किया गया वीडियो पीड़ित को भेजा और 35,000 रुपये नहीं देने पर इसे सोशल मीडिया पर फैलाने की धमकी दी।

पीड़ित ने धोखाधड़ी करने वालों के बताए बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर किए। जब और रकम की मांग हुई तो उसने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में मंगल सिंह और श्याम सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर मुख्य आरोपी अर्मान खान को राजस्थान के मेवात से गिरफ्तार किया गया।

## अपराध संक्षेप

### कोकीन की तस्करी में ऑटो चालक पकड़ा

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला नारकोटिक्स सेल ने ड्रग्स तस्करी करने वाले एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सतबरी निवासी सद्दाम हुसैन (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके कब्जे से 10.44 ग्राम कोकीन बरामद की है। जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि जांच में पता चला कि आरोपी एक नाइजीरियाई युवक के लिए ड्रग्स तस्करी का काम कर रहा था। पुलिस आरोपी के बैंक खातों की जांच में जुटी है। ब्यूरो

### प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने पर दो दबोचे

**पूर्वी दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिला की नंद नगरी थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में दो सगे भाइयों को पकड़ा है। उनके कब्जे से पुलिस ने 325 मांझे का रोल बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान सुंदर नगरी निवासी समीर और शाकिर के रूप में हुई है। ब्यूरो

### शीशे तोड़कर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार पूर्व थाना पुलिस ने ऑटो रिक्शा पर सवार होकर सुनसान इलाकों में खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश गुलेल की मदद से गाड़ियों के शीशे तोड़ने के बाद उसमें से कीमती सामान चुरा लेते थे। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान बुध विहार निवासी राज और इंद्रपुरी निवासी विमल के रूप में हुई है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि इनके कब्जे से पुलिस ने एपल एयरपॉड, स्मार्ट कलाई घड़ी, गुलेल और ऑटो रिक्शा बरामद किया है। ब्यूरो

### वारदातों का शतक लगा चुके दो भाई दबोचे

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला स्पेशल स्टाफ ने आपराधिक वारदातों का शतक लगा चुके दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान आजादपुर निवासी विजय कुमार और अर्जुन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से झपटी गई सोने की चेन और स्कूटी बरामद की है। बदमाशों की गिरफ्तारी से पुलिस ने 11 मामले सुलझाने का दावा किया है। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि दोनों आदर्श नगर थाने के घोषित बदमाश हैं। विजय पर हत्या, हत्या का प्रयास सहित 24 और अर्जुन पर गैंगस्टर एक्ट, झपटमारी, आर्म्स एक्ट के 109 आपराधिक मामले दर्ज हैं। ब्यूरो

## नजीब की मां को दिलाएंगे इंसाफ : जेएनयू छात्र संघ


प्रदर्शन में शामिल नजीब की मां।

**नई दिल्ली।** 2016 से लापता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र नजीब अहमद के मामले की क्लोजर रिपोर्ट के विरोध में शुक्रवार को साबरतमती ढाबे पर जेएनयू छात्र संघ की ओर से विरोध दर्ज कराया गया। नजीब की मां फातिमा नफीस भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि वह बेटे का इंतजार आखिरी सांस तक करती रहेंगी। छात्र संघ ने कहा कि नजीब को तलाश किए बिना सीबीआई ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़ेंगे। छात्र संघ की उपाध्यक्ष मनीषा ने कहा कि छात्र संघ नजीब की मां को इंसाफ दिलाकर रहेगा। छात्र संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संसद के मानसून सत्र में सांसदों से नजीब का मामला उठाने की अपील की। ब्यूरो

# दिल्ली के 45 और गुरुग्राम के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

## धमकी भरे मेल मिलने से मचा हड़कंप, छात्र-अभिभावक दहशत में, कई स्कूलों से लौटे बच्चे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला जारी है। दिल्ली में लगातार चौथे दिन 45 स्कूलों और तीन कॉलेजों को शुक्रवार को ईमेल से बम से उड़ाने की फर्जी धमकियां मिली। इससे बाद छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। धमकियों की सूचना पाते ही पुलिस, बम निरोधक और डॉग स्क्वॉड और अग्निशमन विभाग स्कूल व कॉलेजों की ओर रवाना हुए। वहीं, गुरुग्राम के सेक्टर-46 स्थित एचएसवी ग्लोबल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। स्कूल प्रशासन ने बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े नौ बजे यह मेल देखा। मेल में विस्फोटक को अलग-अलग क्लासरूम में काली पॉलिथीन में रखने की बात कही गई है। पुलिस ने एक-एक क्लासरूम को खाली कराकर जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ईमेल भेजने वाले ने लिखा, नमस्ते। मैं आपको यह बता रहा हूं कि मैंने स्कूल की कक्षाओं में कई विस्फोटक उपकरण (ट्रिनाइट्रोटोल्यूइन) रखे हैं। विस्फोटकों को कुशलता से काले प्लास्टिक बैग में छिपाया गया है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक,साइबर जासूसों ने अपना काम शुरू कर दिया है और इन धमकियों जरिए का पता लगा रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंद्रप्रस्थ (आईपी) महिला कॉलेज, हिंदू कॉलेज और उत्तरी दिल्ली स्थित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी)को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे पहले कई 45 स्कूलों को बम की धमकियां मिली थीं।

**द्वारका में छह स्कूलों को मिला धमकी भरा मेल :** द्वारका में सेंट थॉमस स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल, डीआईएस एज स्कूल, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका इंटरनेशनल स्कूल और ला पेटिटे मोंटेसरी छह स्कूलों को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। स्कूल प्रबंधन के पुलिस को सूचना होने के बाद स्कूलों में बचाव अभियान चलाया गया।

**रोहिणी में खाली कराए स्कूल** रोहिणी में सेक्टर 3 में एमआरजी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 24 में सॉवरेन पब्लिक स्कूल और हेरिटेज पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 में दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सेक्टर 3 में अभिनव पब्लिक स्कूल और हेरिटेज स्कूल के अधिकारियों को परिसर में विस्फोटक उपकरणों की मौजूदगी वाला ईमेल मिलने के बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया जिसके बाद स्कूल को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई।

**अन्य स्कूलों में भी रहा अफरा-तफरी का माहौल :** पीतमपुरा (मैक्सफोर्ट जूनियर स्कूल और गुरु नानक स्कूल) और पश्चिम विहार (रिचमंड स्कूल और दून पब्लिक स्कूल) के स्कूलों में भी ऐसे ईमेल प्राप्त होने के बाद तनाव का माहौल रहा। दक्षिण दिल्ली स्थित समरफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, भारती पब्लिक स्कूल (स्वास्थ्य विहार), हमदर्द पब्लिक स्कूल (संगम विहार), सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (राज निवास मार्ग), नॉर्थ दिल्ली पब्लिक स्कूल (शालीमार बाग), न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल (विकासपुरी), मीरा नर्सरी स्कूल (जनकपुरी), प्रूडेंस स्कूल, द इंडियन स्कूल (सादिक नगर), दिल्ली पब्लिक स्कूल (मथुरा रोड), मैटर डे स्कूल (तिलक लेन),दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल (पालम), जूनियर दिल्ली स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (आर.के. पुरम, ईस्ट ऑफ कैलाश और वसंत विहार), द ब्रिटिश स्कूल (चाणक्यपुरी), दिल्ली सिटी स्कूल (बवाना), फेथ एकेडमी (प्रसाद नगर), एमिटी इंटरनेशनल स्कूल (साकेत), कैम्ब्रिज फाउंडेशन (राजौरी गार्डन), बिग फेदर इंटरनेशनल, कुलाची हंसराज मॉडल (अशोक विहार) भी धमकी भरे मेल पाने वाले 45 स्कूलों में शामिल हैं।


धमकी मिलने के बाद दिल्ली के एक स्कूल से बाहर आते बच्चे। एजेंसी

### धमकी में ये कहा गया

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईमेल में कहा गया कि.. नमस्ते। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैंने स्कूल के कक्षों में कई विस्फोटक उपकरण (ट्राईनाइट्रोटोल्यूइन) रखे हैं। विस्फोटकों को काले प्लास्टिक बैग में बड़ी कुशलता से छिपाया गया है।

### दो दिन पहले एक बच्चे को पकड़ा था

गौरतलब है, कि 2 दिन पहले ही द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ और साइबर पुलिस टीम ने एक 12 साल के बच्चे को पकड़ा था। जिसने स्कूल में बम की मेल की थी। उसकी फिर काउंसलिंग करके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया। लेकिन बम की मेल मिलने का सिलसिला लगातार अभी भी जारी है। इस मामले में दिल्ली पुलिस के आईएफएसओ की टीम भी छानबीन कर रही है। लगातार यह मेल कहां से आ रहे हैं।

### पुलिस विभाग में भी मचा हड़कंप

पुलिस ने बताया, अभी तक शुक्रवार को 45 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने को लेकर धमकी भरा मेल आ चुका है। फिलहाल धमकी भरे मेल मिलने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# साकेत कोर्ट में वकीलों ने पीएसआई समेत दो को पीटा

## पीएसआई का अस्पताल में चल रहा है इलाज

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** साकेत कोर्ट में वकीलों की ओर से दिल्ली पुलिस के प्रोविजनली सब-इंस्पेक्टर (पीएसआई) व एक अन्य मामले में जगदीश नामक व्यक्ति को पीटने के मामले सामने आए हैं। एसआई को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे शुक्रवार शाम तक छुट्टी नहीं मिली थी। साकेत थाना पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली है। साकेत बार एसोसिएशन ने वकीलों के खिलाफ मामला दर्ज करने की निंदा की है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दक्षिण जिला पुलिस कंट्रोल रूम को बृहस्पतिवार को सूचना मिली थी कि साकेत कोर्ट नंबर 508 के बाहर पीएसआई दीपक के साथ वकील अमित जागी और उनके दोस्त कपिल तंवर ने मारपीट की है। पीएसआई दीपक सनलाइट कॉलोनी थाने की सराय कालेखां चौकी में तैनात हैं। वह साकेत कोर्ट 508 में सुनवाई के लिए आए थे। यहां पर दोनों वकील 20-25 वकीलों के साथ वहां आए। इन लोगों ने सीसीटीवी कैमरे को घुमा दिया और मारपीट की। एसीपी लाजपत नगर, एटीओ साकेत व साकेत कोर्ट चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए थे। साकेत थाना पुलिस ने पीएसआई की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में वकीलों ने जगदीश नामक व्यक्ति की पिटाई कर दी। जगदीश कोर्ट में बेटे की पेशी के दौरान आए थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों मामलों में जांच की जा रही है।

### साकेत बार एसोसिएशन 19 जुलाई को काम से रहेगा विरत

नई दिल्ली। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को एक नोटिस जारी कर अपने कुछ वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में 19 जुलाई को काम से दूर रहने की घोषणा की। कार्यकारी समिति की दोपहर करीब तीन बजे बैठक हुई। उसमें काम न करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के सचिव अनिल कुमार बसोया ने बताया कि जहां भी आवश्यक हो, वादियों को किसी भी असुविधा या प्रतिकूल परिणाम से बचाने के लिए अदालतों के समक्ष संबंधित वकीलों के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रॉक्सी वकील नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में तो सक्रिय हैं, लेकिन जब गलती करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात आती है, तो वे उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास करते हैं। उन्होंने बार के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे काम से दूर रहें व न्यायालयों में भौतिक रूप से या आभासी रूप से उपस्थित न हों। ब्यूरो

### कार्ड छापने वाली दुकान में लगी आग

**नई दिल्ली।** सोनिया विहार इलाके में शादी की कार्ड छापने वाली एक दुकान में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आग में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग बुझाने के दौरान एक दमकल कर्मी सुरेंद्र घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 3.20 बजे सभा पुर इलाके में आग लगे की सूचना मिली। मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों को पता चला कि दुकान में केमिकल के ड्रम रखे हुए हैं। दमकल कर्मी आस पास मौजूद लोगों को वहां से हटाकर आग बुझाने में जुट गए। करीब पौने छह बजे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। ब्यूरो

# कार खड़ी करने के विवाद में पथराव और चाकू से किया हमला, 5 घायल

## पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी में घर के सामने कार खड़ी करने के विवाद में दो परिवार आपस में भिड़ गए। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर पथराव कर दिया और चाकू से हमला कर पांच लोगों को घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सभी को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

पीड़ितों के बयान पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर वसीम सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि भागे हुए दो अन्य की तलाश जारी है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात पुलिस को भलस्वा डेयरी में झगड़ा होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां कृष्णपाल और उनके परिवार के चार लोग घायल अवस्था में मिले।


मौके पर बिखरे ईंट-पत्थर। स्रोत : पुलिस

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक गाड़ी ली है जिसे वह अपने घर के सामने पार्क करते हैं। उनके पड़ोस में वसीम अपने परिवार के साथ रहता है। उसके पास भी गाड़ी है। आरोप है कि वसीम अपनी गाड़ी को आरी तिरछी खड़ी करता था जिसकी वजह से उन्हें अपनी गाड़ी ले जाने और खड़ी करने में दिक्कत हो रही थी। इसको लेकर वह वसीम से कई बार शिकायत कर चुके थे।

रात में इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और वसीम ने कुछ लोगों को बुला लिया। आरोपी है कि उन्होंने पहले पथराव किया और फिर पीड़ित और परिवार के अन्य सदस्यों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित के बयान, आस पास के लोगों से पूछताछ और पीड़ितों के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। ब्यूरो

# करंट लगने से युवक की मौत भाई के संदेह पर मुकदमा दर्ज

## उत्तम नगर की घटना, 13 को हुई थी मौत

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में एक युवक की घर में करंट लगने से संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार वालों ने पहले किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया लेकिन तीन दिन बाद मृतक के भाई ने अपने चचेरे भाई-भाभी समेत कई लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 13 जुलाई को टीम को माता रूपरानी मग्गो अस्पताल से एक युवक के करंट लगने से मौत की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर लिया। मृतक की शिनाख्त ओम विहार निवासी करण देव (36) के रूप में हुई। परिवार वालों ने बताया कि एक्सटेंशन तार कटा हुआ था जिसके संपर्क में आने से करण देव को करंट लगा। उस समय परिवार के सदस्यों ने कोई आरोप नहीं लगाया और पोस्टमार्टम न कराने की इच्छा जताई।

### 16 जुलाई को चचेरे भाई-भाभी पर लगाया आरोप

हालांकि, मृतक की उम्र और संदिग्ध मौत को देखते हुए पुलिस ने पुलिस ने अगले दिन शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया। 16 जुलाई को मृतक का भाई कुणाल थाने पहुंचा और अपने भाई की मृत्यु के संबंध में संदेह जाहिर किया। उसने अपने चचेरे भाई और भाभी पर शक जाहिर किया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। ब्यूरो

# सीएनजी पंप कारोबारी से लूटपाट में बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा

## फार्महाउस डकैती के मामले में अब तक 11 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने घिटोरनी स्थित फार्महाउस में रहने वाले सीएनजी पंप कारोबारी के यहां डकैती के मामले में वांछित बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।

आरोपी बिहार में हत्या के प्रयास के मामले में भी वांछित है। बदमाश पूर्व में हत्या, हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम, डकैती, छीना-झपटी के कई मामलों में शामिल रहा है। उसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई स्वचालित पिस्तौल, दो कारतूस, चोरी की बिना नंबर प्लेट वाली अपाचे आरटीआर 160 मोटरसाइकिल व दो खोखा बरामद किए हैं। फार्महाउस में हुई डकैती के मामले में अब तक पुलिस 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लगभग 7 लाख नकद बरामद बरामद किए गए हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया, पकड़े गए बदमाश की पहचान गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी दिनेश वर्मा उर्फ बिल्लू के रूप में हुई है।

वसंतकुंज (साउथ) थाना क्षेत्र के घिटोरनी में फार्महाउस निवासी कारोबारी करण चोपड़ा के यहां हथियारबंद बदमाश फार्महाउस में घुस गए थे। उन्हें बंधक बनाकर गुरुग्राम ले गए। बदमाशों ने उनसे हथियारों के बल पर 30 लाख रुपये लूट लिए थे।

जिले के स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर विजय बालियान एसआई विक्रम, एसआई नितेश व एएसआई मनोज की टीम ने 18 जुलाई को द्वारका एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर के पास, बिजवासन-नजफगढ़ रोड पर घेराबंदी की। बदमाश ने हवलदार जगपरवेश पर गोली चला दी। बुलेटप्रूफ जैकेट होने से वह बाल-बाल बच गए।

जबावी कार्रवाई में एक गोली आरोपी के दाहिने पैर के घुटने में लगी है। उसे इलाज के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाला दिनेश उर्फ बिल्लू बेरोजगार होने से अपराध की दुनिया में चला गया। बंदूक की नोक पर व्यापारियों से जबरन वसूली करता था। उसकी आपराधिक गतिविधियां कई राज्यों में फैली हुई हैं।

भक्ति | महिलाएं बोलीं- भोले बाबा हमारे साथ इसलिए डर नहीं लगता

# महिलाओं की यात्रा आस्था, साहस और समर्पण का संगम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सावन की उमस भरी गर्मी में कांवड़ उठाए भगवा वस्त्रों में लिपटी महिलाओं की टोली जब बोल बम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ती है तो साफ महसूस होता है कि यह सिर्फ यात्रा नहीं, आस्था और आत्मबल की अद्भुत मिसाल है।




महिला कांवड़ियों के सामने कठिनाइयों की कमी नहीं है। गर्मी, भीड़, शौचालय और विश्राम स्थलों की कमी कई बार यात्रा को पुरुषों के मुकाबले और कठिन बनाती है लेकिन महिला कांवड़ियों का जोश, उनका अनुशासन और उनकी भक्ति उन्हें रुकने नहीं देती।

कांवड़ उठा चुकीं महिलाएं कहती हैं कि पहले यह यात्रा पुरुषों का क्षेत्र मानी जाती थी, लेकिन अब महिला कांवड़ियों की संख्या हर साल बढ़ रही है। कई महिलाएं समूह में यात्रा करती हैं तो कई अकेले निकल पड़ती है। उनका कहना है कि कांवड़ यात्रा सुविधाओं पर नहीं, संकल्प पर चलती है और उनका संकल्प मजबूत है। हालांकि, कई जगहों पर महिलाओं के लिए अलग टेंट, शौचालय और विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई है जिससे उनकी यात्रा कुछ हद तक सहज हुई है।

गुरुग्राम जिले की 28 वर्षीय रेखा यादव ने कहा कि हम अकेली नहीं हैं, बाबा हमारे साथ हैं। जब मन थकता है, तब भी पांव चलते हैं। यह सिर्फ श्रद्धा नहीं, विश्वास है जो हमें हर मुश्किल से पार ले जाता है। उनके साथ चल रही गुरुग्राम जिले की ही सीमा चौधरी ने बताया कि यह उनकी पांचवीं कांवड़ यात्रा है और हर बार उन्हें लगता है कि बाबा उनकी बात सुन रहे हैं। रेवाड़ी जिले की 55 वर्षीय कमला देवी कहती है कि वह पिछले तीन साल से अकेले हरिद्वार से जल लेकर आ रही है।

शुरू में लोग हतोत्साहित करते थे लेकिन अब वो भी साथ देने लगे हैं। गंगाजल लेकर लौटती महिला कांवड़ियों की आंखों में श्रद्धा की नमी और चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक दिखती है। वे कहती हैं कि भले ही ये यात्रा कठिन हो, लेकिन बाबा तक अपनी बात पहुंचाने का यह सबसे पवित्र माध्यम है।

### शकरपुर में कांवड़ शिविर का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को शकरपुर के विकास मार्ग पर श्री बालाजी सेवा संस्था के कांवड़ शिविर का शुभारंभ किया। सचदेवा ने कहा कि यह अनुष्ठान हम सभी सनातनियों को एक सूत्र में बांधता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इस बार कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं। दिल्ली में पहली बार 17 भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। इस मौके पर विधायक अभय वर्मा, शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। ब्यूरो



### छालों में मलहम भक्ति का

पैरों में छाले होने के बाद भी यात्रा पूरी करने की जिद लिए कांवड़िए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। जब थोड़ी देर जल-पान के लिए रुकते हैं तो दर्द का एहसास होता है। तलवे में मेहंदी और नील लगाकर छालों की जलन को कम करते हैं और फिर निकल पड़ते हैं अपनी मंजिल की ओर। तस्वीरें दिलशाद गार्डन से लेकर कश्मीरी गेट तक बने शिविरों की हैं। विवेक निगम

## आग की घटनाओं से सुरक्षित होगा एम्स, दी जा रही ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** हाल ही में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हुई आगजनी की घटनाओं को देखते हुए एम्स अपने सभी परिसरों को सुरक्षित बनाने में जुट गया है। इसके लिए एम्स के सभी परिसरों में स्टाफ को आग से बचने की ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही एम्स के सभी परिसरों में मॉक ड्रिल करने की योजना बनाई गई है।

**दिसंबर तक के लिए बनाया गया प्लान, परिसर में होगी मॉक ड्रिल**

यह प्रक्रिया दिसंबर तक चलेगी। एम्स के उपमुख्य सुरक्षा अधिकारी के तरफ से जारी आदेश के तहत एम्स ट्रामा सेंटर से मॉकड्रिल की प्रक्रिया शुरू हुई है जो बल्लभगढ़ स्थित एम्स के केंद्र पर खत्म होगी। ब्यूरो

**21 को आईआरसीएच में होगी मॉक ड्रिल :** अभियान के तहत 21 जुलाई को एम्स के आईआरसीएच सेंटर में मॉक ड्रिल की जाएगी। 5 अगस्त को मुख्य अस्पताल में, 29 अगस्त को राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र में, 25 सितंबर को सीएन टावर में, 3 अक्तूबर को सीडीईआर में, 13 अक्तूबर को बीएनपीएस ब्लॉक में होंगी।

# कैंसर को मात देने के लिए चार अस्पतालों में बनेंगे डे केयर सेंटर

### मरीजों को सेंटर पर मिलेगी कीमोथेरेपी की सुविधा व उपचार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को मात देने के लिए दिल्ली में डिस्ट्रिक्ट डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए दिल्ली के चार अलग-अलग अस्पतालों का चयन किया गया है जहां मरीज को कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शुक्रवार से इस संबंध में दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में चिकित्सकों और नर्सिंग अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। प्रशिक्षण के लिए इंस्टीट्यूट को नोडल केंद्र बनाया गया है।

दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. दिवाकर ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल, पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल में डे केयर कैंसर सेंटर की शुरूआत की जा रही है। चिकित्सकों और नर्सों के प्रशिक्षण का जिम्मा इंस्टीट्यूट को दिया गया है।



प्रशिक्षण लेते चिकित्सक और नर्सिंग अधिकारी।

**कैंसर से डरने की नहीं जागरूक होने की जरूरत :** निदेशक डॉ. दिवाकर ने कहा कि कैंसर को लेकर डरने की जरूरत नहीं बल्कि जागरूक होने की आवश्यकता है जिससे आरंभिक चरण में कैंसर की पहचान कर उसका उपचार किया जा सके।

**नौवें और दसवें दिन सबसे अधिक जोखिम :** कीमोथेरेपी के बाद नौवां और दसवां दिन मरीज के लिए काफी जोखिम भरा होता है। इसके लिए चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों को तैयार करेंगे। पहली कीमोथेरेपी इंस्टीट्यूट में होगी।

यह प्रशिक्षण चार महीने तक चलेगा। प्रशिक्षण के लिए चार बैच बनाए गए है। कीमोथेरेपी देने और उससे संबंधित दुष्प्रभाव से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। मरीज को कीमोथेरेपी इंस्टीट्यूट में मिलेगी और आगे का उपचार सेंटर पर होगा।

इंस्टीट्यूट के क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख व कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. प्रज्ञा शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट सत्र में जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की घोषणा की थी। पहले बैच में चार चिकित्सकों और चार नर्सिंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवंबर तक चार अलग-अलग बैच को प्रशिक्षण मिलेगा।

## ईडी-सीबीआई से फर्जी मुकदमे दर्ज करवा रही भाजपा : आतिशी

**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को दावा किया कि नेताओं को डराने के लिए भाजपा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। गुजरात में आप को मिली जीत से भाजपा डर गई है। इस कारण ईडी-सीबीआई से फर्जी मुकदमे दर्ज कराना शुरू कर दिया है लेकिन आप नेता डरने वाले नहीं हैं। हम गुजरात में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दुरुपयोग पर कड़ी टिप्पणी की थी कि ये एजेंसियां स्वतंत्र नहीं हैं और इनका इस्तेमाल दुर्भावना के साथ किया जा रहा है। लोग देख रहे हैं कि 30 साल से भाजपा ने गुजरात का बुरा हाल कर दिया है। सूरत में कई दिनों तक घुटनों से ऊपर पानी भरा रहा। व्यापार ठप हो गए। स्कूल टूट रहे हैं। ब्यूरो

### झुग्गियां बचाने की लड़ाई में साथ खड़ी आप

**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को सराय रोहिल्ला स्थित चूना भट्टी जेजे क्लस्टर के लोगों से बातचीत की। आतिशी ने झुग्गीवालों को भरोसा दिलाया कि आप गरीबों की झुग्गियां बचाने की लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मद्रासी कैंप, जेलरवाला बाग व वजीरपुर के बाद अब सराय रोहिल्ला के चूना भट्टी जेजे क्लस्टर को उजाड़ने की तैयारी कर ली है। चुनाव से पहले भाजपा नेताओं ने कहा था कि जहां झुग्गी वहां मकान देंगे। अरविंद केजरीवाल ने तब भी चेतावनी दी थी कि भाजपा वाले सर्वे करने आ रहे हैं कि कहां बुलडोजर चलाना है। ब्यूरो

## राजनीतिक षड्यंत्र का राग अलाप रहे आप नेता हताश हैं : सचदेवा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सत्ता से बेदखल होने के बाद से केजरीवाल, आतिशी और उनके साथी पूरी तरह हताश और भ्रमित हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी संघर्ष के सत्ता में आई आप अब हार और न्यायिक जांच के दौर से गुजर रही है, जिसे वह पचा नहीं पा रही। सचदेवा ने कहा कि जब-जब आप नेताओं के भ्रष्टाचार के मामलों में जांच या अदालत में सुनवाई आगे बढ़ती है। वे राजनीतिक प्रतिशोध का राग अलापने लगते हैं, लेकिन न्यायालय में न तो वे इन मामलों को फर्जी साबित कर पाते हैं और न ही उन्हें राहत मिलती है। उल्टे, ये नेता जमानत के लिए गुहार लगाते हुए नजर आते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी के बयान को आप की राजनीतिक खीझ का परिणाम बताया। ब्यूरो

## दिल्ली में चुने हुए प्रतिनिधि भी असुरक्षित : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कबीर नगर वार्ड से कांग्रेस पार्षद हाजी जरीफ के घर पर गोली चलाने के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं तो जनता की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है। ब्यूरो













# शहीदी शताब्दी समारोह की शुरुआत 27 से होगी

## लख्खीशाह वंजारा हॉल में देशभर के जत्थे एक ही मंच पर करेंगे कीर्तन

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी धर्म प्रचार विभाग 27 जुलाई से गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी समारोह की शुरुआत करेगा। कमेटी के धर्म प्रचार मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया, इस दिन गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के लख्खीशाह वंजारा हॉल में महिला सत्संग जत्थों का अखिल भारतीय कीर्तन समागम आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से जत्थे पहुंचकर एक ही मंच पर कीर्तन करेंगे।

समारोह की रूपरेखा तय करने के लिए कमेटी की कार्यकारी सदस्य बीबी रणजीत कौर के नेतृत्व में बैठक की गई। जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया, दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो और धर्म प्रचार समिति के नेतृत्व में सहज पाठ अभियान जारी है, जिसमें देश-विदेश की एक लाख से अधिक संगत जुड़ चुकी है। सभी पाठों के भोग 24 नवंबर को लाल किला परिसर में डाले जाएंगे, जहां गुरु तेग बहादुर की शहादत का फरमान जारी हुआ था। समारोह के तहत हर महीने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे और 27 नवंबर को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में समापन समारोह होगा। देश के विभिन्न तख्तों से नगर कीर्तन दिल्ली पहुंचेंगे। ये नगर कीर्तन 11 से 23 नवंबर तक दिल्ली के सभी 46 वार्डों में जाएंगे। नगर कीर्तन के दौरान जहां-जहां रात्रि विश्राम होगा, वहां कीर्तन दरबार, कवि दरबार और सर्व धर्म सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

### भाई गुरमीत सिंह शांत को मिलेगा शिरोमणि रागी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भाई गुरमीत सिंह शांत को शिरोमणि रागी पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार शनिवार को गुरु हरिकृष्ण साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। भाई गुरमीत सिंह शांत को 11 लाख नकद राशि भी भेंट की जाएगी। कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि यह सम्मान उन रागियों को दिया गया है जो गुरु साहिबानों की ओर से निर्धारित रागों के अनुसार गुरबाणी कीर्तन करते हैं। 11 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित संगीतज्ञ, रागी और विद्वान शामिल थे। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर भाई गुरमीत सिंह शांत का चयन किया गया। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर भाई गुरमीत सिंह शांत का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल गुरमत संगीत को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। ब्यूरो

## क्लब में जोड़े पर हमले के मामले में चार बरी

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने चाणक्यपुरी इलाके में स्थित एक निजी क्लब में 2014 में एक जोड़े पर हमले के मामले में चार आरोपी को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले के सभी महत्वपूर्ण गवाह अपने पहले के बयानों से मुकर गए और किसी ने भी आरोपियों की पहचान नहीं की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण गुप्ता ने कहा कि केवल एक आरोपी सनी शर्मा को मौके से पकड़ लेना पर्याप्त प्रमाण नहीं है कि वही दोषी है। अन्य तीन आरोपी कृष्ण, मनीष डेडा और नरेंद्र की पहचान किसी भी गवाह ने नहीं की और सीसीटीवी फुटेज भी कोर्ट में नहीं चलाई गई। कोर्ट ने सुबूतों के अभाव में चारों आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। शिकायतकर्ता पंकज अरोड़ा ने आरोप लगाया था कि दो और तीन मई, 2014 की रात आरोपियों ने क्लब में घुसकर बीयर की बोतल से उनके सिर पर वार किया और जब उनकी मंगेतर कनिका ने रोकने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया। ब्यूरो

## ईसीए व स्पोर्ट्स कोटा सीटों की मांगी जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को हिंदू कॉलेज से शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए अतिरिक्त गतिविधि (ईसीए) व स्पोर्ट्स कोटा के तहत सीटों का विवरण मांगा। न्यायमूर्ति ने निर्देश दिया कि वह 2025-26 के लिए कोटा के तहत एक सीट आरक्षित रखें, जबकि एक याचिका पर निर्णय लिया जा रहा है, जिसमें एक लॉन टेनिस खिलाड़ी को सीट आवंटन की मांग की गई है। ब्यूरो


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ruhela Sharma
Civil Judge (Junior Division), Karnal
**Ramesh Kumar Vs. Vishal Jain**
CNR No. HRKR02-002308-2021
Next Date:- **28-07-2025**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
**M/s Elligance Buildeon Pvt Ltd. :-**
**C-4/5, SBA, New Delhi through its authorized Signatory Ram Rattan Shokal**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **28-07-2025** at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district Karnal
**SH. CHANDRA SHEKHAR**
Civil Judge (Junior Division)
KARNAL
Dated, this day of 11-07-2025

**अमर उजाला**
यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें
1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
circulation@amarujala.com

**EDUCATION HUB**
**Summer Field B.Ed. College**
Bhim Nagar, Govindpuri, Modinagar
Approved by NCTE & Affi. to CCS University Meerut
प्रवेश आरम्भ 2025 | College Code SM 1483
**B.Ed.** न्यूनतम फीस के लिए सम्पर्क करें
Ph.: 8923008166, 7906069266, 9837333850




FARNAZ


पंजाब एण्ड सिंध बैंक | Punjab & Sind Bank
आँचलिक कार्यालयः दिल्ली–।।
बी–38, इंडस्ट्रियल एरिया, नारायणा,
नई दिल्ली–110028, दूरभाषः 011–40043832
ईमेलः zo.delhi2@psb.co.in
**सूचना**
आँचलिक कार्यालय, दिल्ली–।। में संविदा के आधार पर चिकित्सा सलाहकार (मेडिकल कंसलटेंट) के पद पर नियोजन हेतु योग्य उम्मीदवारों से एतद्द्वारा आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in पर लॉगिन करें।
आंचल प्रबंधक

विज्ञापन संख्या. 65/2025
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
एसजेवीएन लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**11 अगस्त, 2025 (15.00 बजे तक)** है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**20 अगस्त, 2025 (17.00 बजे तक)** है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
**https://pesb.gov.in**
में लॉग इन करें।

**GOVERNMENT OF MEGHALAYA**
**DIRECTORATE OF EMPLOYMENT & CRAFTSMEN TRAINING**
**DEPARTMENT OF LABOUR, EMPLOYMENT AND SKILL DEVELOPMENT**
**Project Implementation Unit: 3 (PIU3)**
No. DET-73/2025/3080 — Dated Shillong the, 18th July, 2025
**Notice of Extension of Submission Date**
Project Implementation Unit 3 (PIU3) under Directorate of Employment and Craftsmen Training, Government of Meghalaya approves the 2nd extension for submission of bids for the Hiring of an agency for Design, Development, Commissioning and Operation & Maintenance of Management Information System (MIS) for Industrial Training Institutes (ITIs).
**New Submission Deadline: 31st July, 2025, 3:00 PM**
Sd/- Director
Employment and Craftsmen Training
Meghalaya, Shillong
MIPR No.: 1149
Dated: 18-07-2025

**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
प्रस्ताव हेतु अनुरोध (सूचना)
निविदा सं.: HQ EN0TMC-AMCPI-2025-36369 — दिनांकः 16.07.2025
**कार्य का नामः** "डीएफसीसीआईएल ट्रैक मशीनों के लिए मेसर्स प्लासर मेक ट्रैक मशीनों के स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति एवं प्लासर सर्विस इंजीनियरों की नियुक्ति दो साल के लिए (दर अनुबंध)।" [आर.एफ.पी. दस्तावेज सं. HQ-EN0TMCD (DAMC)/1/2025-O-o GM-TECHNICAL-CO-DFCC 15.07.2025]. डीएफसीसीआईएल (आईआरईपीएस के माध्यम से) उपरोक्त परियोजना को शुरू करने के लिए अपेक्षित तकनीकी अनुभव और वित्तीय क्षमता रखने वाले ओईएम/फर्म/कंपनी/संयुक्त उद्यम से निर्धारित प्रपत्रों पर **एकल पैकेट प्रणाली** पर एकल ई–निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित करता है। संपूर्ण आरएफपी दस्तावेज, जिसमें यथावत संदर्भ संख्या है तथा आरएफपी/बोली प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षित निर्देश/सूचना शामिल है, दिनांक 16.07.2025 से डाउनलोड करने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in और डीएफसीसीआईएल वेबसाइट dfccil.com पर अपलोड कर दिया गया है। आरएफपी में कोई भी परिशिष्ट/संशोधन, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित आरएफपी/बोली केवल अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर सकेंगे। मैन्युअल निविदाएं/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और न ही स्वीकार किए जाएँगे। **बंद होने की तिथि/समयः दिनांक 07.08.2025/15:00 बजे।**










# विप्रो का टर्मिनेशन लेटर झूठा और अपमानजनक : हाईकोर्ट

**विप्रो कंपनी के पूर्व कर्मचारी को अपमानजनक टर्मिनेशन पर दो लाख के मुआवजे का आदेश**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने हाल ही में विप्रो लिमिटेड की ओर से अपने पूर्व कर्मचारी अभिजीत मिश्रा को जारी किए गए टर्मिनेशन लेटर को अपमानजनक करार दिया है। कोर्ट ने मिश्रा को 2 लाख रुपये का मुआवजा देने और बिना अपमानजनक भाषा के नया टर्मिनेशन लेटर जारी करने का आदेश दिया है।

अभिजीत मिश्रा ने 2018 से 2020 तक विप्रो लिमिटेड में प्रिंसिपल कंसल्टेंट के रूप में कार्य किया था। 2020 में कंपनी ने उन पर कदाचार के आरोप लगाते हुए उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थी। टर्मिनेशन लेटर में कहा गया था कि मिश्रा का व्यवहार दुर्भावनापूर्ण था और उनके कार्यों ने नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों में दरार पैदा की थी। मिश्रा ने इसके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया। उसमें 2.1 करोड़ रुपये के मुआवजे और बिना अपमानजनक बयानों के नए टर्मिनेशन लेटर की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने अपने फैसले में कहा कि विप्रो का टर्मिनेशन लेटर झूठा और अपमानजनक था। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कोर्ट मानता है कि विवादित टर्मिनेशन लेटर, जिसमें अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया है जिसका कोई आधार नहीं है। इस कारण वह मानहानि का कारण बनता है।

## करनैल के खिलाफ दायर मानहानि में 31 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की तरफ से भाजपा विधायक करनैल सिंह के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई को 31 जुलाई तक के लिए टाल दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल की अदालत के सामने शिकायतकर्ता के वकील ने बताया, गवाह उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अदालत ने पूर्व समन साक्ष्य के लिए तारीख तय की। जैन का आरोप है कि 19 जनवरी को टीवी साक्षात्कार के दौरान करनैल सिंह ने उनके खिलाफ झूठे और प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले बयान दिए थे। ब्यूरो


## जन सूचना
## हरियाणा सरकार
## आबकारी एवं कराधान विभाग

**आबकारी नीति वर्ष 2025-27 के लिए हरियाणा राज्य में आयातित विदेशी शराब (बीआईओ) के थोक व्यापार के लिए एल-1 बीएफ लाईसेंसों के आबंटन हेतु प्रक्रिया में पंजीकरण व भागीदारी हेतु जन सूचना**

यह सूचना जन साधारण की जानकारी के लिए है कि आबकारी नीति वर्ष 2025-27 के लिए हरियाणा राज्य में आयातित विदेशी शराब (बीआईओ) के थोक व्यापार के लिए एल-1बीएफ लाईसेंसों को आनलाईन आवेदन आमंत्रित कर प्रदान किया जाएगा।

सभी प्रत्याशित योग्य आवेदकों को एल-1बीएफ लाईसेंसों की प्रक्रिया में भागीदारी से पूर्व स्वयं को पंजीकृत करवाना होगा।

ऑनलाईन पंजीकरण हेतु प्रक्रिया तथा एल-1 बीएफ लाईसेंस के लिए ऑनलाईन आवेदन डालने की प्रक्रिया विभाग की शासकीय वेबसाईट अर्थात **www.haryanatax.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज्य में आईएफएल (बीआईओ) होलसेल लाईसेंसों की संख्या सोलह (16) से अधिक अथवा उसके समकक्ष निर्धारित की गई है। हालांकि यदि पहले चरण में प्राप्त किये गए योग्य आवेदनों की संख्या सोलह (16) से अधिक अथवा उसके समकक्ष होती है तो इस प्रकार के सभी योग्य आवेदकों को एल-1बीएफ लाईसेंस प्रदान किया जाऐगा। ऐसी स्थिति में विभाग राज्य में एल-1बीएफएस के आवंटन हेतु अगला कोई और चरण आरंभ नहीं करेगा।

तथापि यदि पहले चरण में प्राप्त किये गए योग्य आवेदनों की संख्या सोलह (16) से कम होती है तो विभाग शेष बचे एल-1बीएफ लाईसेंसों के आवंटन के लिए और चरणों की शुरूआत कर सकता है। शेष एल-1बीएफ लाईसेंसों की संख्या की गणना सभी पूर्व चरणों में आवंटित एल-1बीएफ की सोलह (16) से गणना को घटा कर किया जाएगा।

यह भी प्रावधानित किया जाता है अगर दूसरे अथवा अनुवर्ती किसी भी चरणों में योग्य आवेदनों की संख्या उस विशिष्ट चरणों में आवंटन हेतु उपलब्ध एल-1बीएफ लाईसेंसधारकों की शेष संख्या अधिक होती है तब ऐसे शेष एल-1बीएफ लाईसेंस को उस विशिष्ट चरण के योग्य आवेदकों के मध्य लॉटो के ड्रॉ द्वारा प्रदान किया जाएगा। **अधिक जानकारी के लिए कृपया वर्ष 2025-27 हेतु आबकारी नीति के क्लॉज 9.5 को देखें जो कि विभाग की शासकीय वेबसाईट www.haryanatax.gov.in पर उपलब्ध है।**

लाइसेंस एल-1बीएफ 08.25 करोड़ रुपये के निर्धारित सालाना लाईसेंस फीस पर प्रदान किया जाएगा, जिसका भुगतान आबकारी नीति 2025-27 के क्लॉज 9.5.3 के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। **कुल 16 एल-1 बीएफ में से, पहले चरण के दौरान पांच आवेदन प्राप्त किये गये थे और दूसरे चरण के दौरान कोई भी नया आवेदन प्राप्त नहीं किया गया था।**

**अब आबकारी नीति 2025-27 के अनुसार शेष (11) एल-1 बीएफ लाईसेंसों के आवंटन के 3रे चरण के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।**

**एल-1 बीएफ लाइसेंसों के आबंटन की प्रक्रिया में पंजीकरण एवं भागीदारी के लिए अनुसूची निम्न दी गई है:-**

| | |
|---|---|
| पंजीकरण एवं ऑनलाईन आवेदनों की प्रस्तुतिकरण के लिए आरंभिक तिथि व समय | 21.07.2025, 10:00 बजे |
| ऑनलाईन आवेदनों की प्रस्तुतिकरण के लिए अंतिम तिथि व समय | 23.07.2025, 18:00 बजे |
| विभागीय वेबसाईट पर योग्य आवेदकों की सूची का प्रकाशन | 24.07.2025, 14:00 बजे |

एल-1बीएफ के आवेदनों हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान सभी प्रत्याशित आवेदकों को **50 लाख रु. (पचास लाख रु.) की धरोहर राशि तथा 05.00 लाख रु. की आवेदन फीस** को जमा कराना होगा।

आवेदन फीस अप्रतिदेय एवं असमायोज्य होगी। धरोहर राशि समायोज्य होगी जब तक जब्ती नहीं होती।

**योग्य आवेदकों को 1.25 करोड़ रुपये के बराबर प्रतिभूति राशि उस तिथि से जब योग्य आवेदकों के नाम विभाग की शासकीय वेबसाईट पर प्रकाशित किए जाएंगे, के एक सप्ताह के भीतर जमा करवानी होगी।**

**यह भी सूचित किया जाता है कि एल-1बीएफ के लिए पंजीकरण रिटेल आऊटलेट के जोनों के आबंटन हेतु पंजीकरण से अलग है।**

विभाग राजस्व हित में बिना कोई कारण बताए संपूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार रखता है।

विभाग किसी भी आवेदन को डिस्क्वालिफाई करने का अधिकार रखता है यदि आवेदन पूरा नहीं है अथवा इसे सही क्रम में नहीं पाया जाता। आवेदन तब भी निरस्त किए जा सकते हैं यदि आवेदक किसी गलत कार्य में संलिप्त अथवा ब्लैक लिस्ट पाया जाता है।

यदि आवेदक द्वारा जमा कराया गया कोई विवरण गलत या झूठ पाया जाता है तो आवेदन(नों) को रद्द भी किया जा सकता है।

आईएफएल (बीआईओ) का वार्षिक न्यूनतम कोटा एवं लिफ्टिंग की अनुसूची आबकारी नीति में निर्धारित अनुसार है।

योग्य आवेदक को सूचना, निर्देशों तथा हरियाणा आबकारी अधिनियम 1914 के प्रावधानों तथा उसके तहत बनाये गये नियमों के तहत अपेक्षित अनुसार अन्य सभी दस्तावेजों को जमा कराना होगा।

लाईसेंस आबकारी नीति 2025-27 तथा हरियाणा आबकारी अधिनियम 1914 के प्रावधानों के तहत तथा उनके तहत बनाये गये नियमों के विषय में **एक्साईज़ कमीशनर-सह फाईनांशियल कमीशनर** के पूर्व अनुमोदन के साथ एक्साईज कलेक्टर द्वारा प्रदान किया जायेगा।

वर्ष 2025-27 हेतु आबकारी नीति विभाग की शासकीय वेबसाईट **www.haryanatax.gov.in** पर उपलब्ध है।

**विनय प्रताप सिंह, आईएएस**
**आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा।**

**PRDH:-1037/11/285/2026/36721/1/7 Dt. 18/07/2025**


# सरकारी मुकदमों को कम करने के लिए बनेंगे अधिवक्ता पैनल

**5,000 लंबित मुकदमों का विशेष पैनल करेगा समीक्षा, गैर जरूरी हटाए जाएंगे**

अमर उजाला ब्यूरो



बैठक की अध्यक्षता करतीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** सरकारी मुकदमों को कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने विशेष अधिवक्ता पैनल बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को विधि, न्याय और विधायी कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि नए न्यायालय परिसर और मध्यस्थता केंद्र बनने से दिल्ली की कानून व्यवस्था मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में 11 न्यायिक जिले सात प्रमुख न्यायालय परिसरों में काम कर रहे हैं, जहां सरकार से जुड़े 4,000-5,000 मुकदमे लंबित हैं। इनमें से गैर-जरूरी मुकदमों को हटाने के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों और विशेषज्ञों का पैनल बनाया जाएगा, जो मुकदमों की समीक्षा कर इनके तेजी से समाधान की राह सुझाएंगे।

**बन रहे तीन नए न्यायालय परिसर :** न्यायिक अधिकारियों की कमी और कार्यालयों में जगह की समस्या को दूर करने के लिए शास्त्री पार्क, कड़कड़डूमा और रोहिणी में तीन नए न्यायालय परिसर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इनका निर्माण जल्द पूरा करने को कहा। दिल्ली विवाद समाधान समिति (डीडीआरएस) के वैकल्पिक विवाद समाधान कार्यों की तारीफ करते हुए उन्होंने छोटे उद्यमों के लिए सस्ता और प्रभावी मध्यस्थता केंद्र बनाने की सलाह दी। विधि, न्याय और विधायी कार्य विभाग मंत्री कपिल मिश्रा, प्रमुख सचिव रितेश सिंह और विधि विशेषज्ञ भी इस बैठक में शामिल रहे।

### सुप्रीम कोर्ट में स्थायी पैनल बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने दिल्ली उच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट और अन्य अधिकरणों में महत्वपूर्ण मामलों के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं का विशेष पैनल बनाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार के लिए स्थायी पैनल की संभावना तलाशने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुराने कानूनों जैसे पंजाब कोर्ट अधिनियम और न्याय शुल्क अधिनियम को बदलने के लिए नए कानूनों पर विचार करने, शपथ आयुक्तों की नियुक्तियों की समीक्षा और रिकॉर्ड अपडेट करने के आदेश दिए हैं।

**सीएम ने कहा- नए न्यायालय परिसर और मध्यस्थता केंद्र से कानून व्यवस्था मजबूत करेंगे**

## मुआवजा योजना के दुरुपयोग पर लगा 10 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 के तहत पीड़ित मुआवजा योजना का दुरुपयोग करने पर एक वादी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने एकल पीठ के उस निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया, जिसमें वादी को अतिरिक्त मुआवजा देने से इन्कार किया गया था।

कहा कि वादी ने अपनी मर्जी से अभियुक्त के साथ समझौता किया था। इस कारण प्राथमिकी रद्द कर दी गई थी। पीठ ने नोट किया कि एकल पीठ ने विस्तृत कारणों के साथ स्पष्ट किया था कि वादी अतिरिक्त मुआवजा पाने का हकदार नहीं है। कोर्ट ने वादी को आदेश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर उक्त जुर्माने की राशि दिल्ली हाईकोर्ट विधिक राज्य सेवाएं कमेटी के पास जमा कराए।

अदालत ने पाया कि वादी ने 2014 में उसी व्यक्ति के खिलाफ उक्त अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके लिए उसे 2.40 लाख रुपये का मुआवजा मिल चुका था। मामले में भी वादी ने उसी व्यक्ति के खिलाफ समान धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। पीठ ने कहा कि यह स्थिति वादी के बयानों की सत्यता और प्रामाणिकता पर गंभीर संदेह पैदा करती है। ब्यूरो

# सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

**नई दिल्ली।** रोहिणी कोर्ट ने 2021 में अपनी 14 वर्षीय सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के जुर्म में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दोषी के खिलाफ सजा पर बहस सुन रही थी।

न्यायाधीश ने कहा कि दोषी को पूरा जीवन जेल में ही बिताना होगा। अदालत ने पीड़िता को 16.5 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। अदालत ने कहा कि इस राक्षसी कृत्य के लिए व्यक्ति से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। दोषी को अन्य लड़कियों के लिए खतरा बताते हुए अदालत ने कहा कि उसे यथासंभव लंबे समय तक समाज से बाहर रखा जाना चाहिए।

अदालत ने कहा कि इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि दोषी ने न केवल नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया, बल्कि उसने उसे लगभग 18 सप्ताह तक गर्भवती भी बनाए रखा। अदालत ने कहा कि यदि दोषी किसी छोटी बच्ची के साथ ऐसा जघन्य अपराध कर सकता है, जिसके साथ वह परिवार के सदस्य की तरह रह रहा है, तो वह समाज के लिए खतरा है।

# हाईकोर्ट में सलेबी ग्राउंड हैंडलिंग की याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को तुर्की आधारित कंपनी सलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इसमें केंद्र सरकार द्वारा कंपनी की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। इससे पहले, सात जुलाई को हाईकोर्ट की एक अन्य पीठ ने तुर्की आधारित कंपनियों सलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिकाओं को खारिज कर दिया था। जिनमें उन्होंने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा 15 मई को उनकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को चुनौती दी थी।

कोर्ट ने कहा था कि इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कारण शामिल हैं। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने शुक्रवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने बताया कि यह याचिका चार जुलाई को दायर की गई थी। ब्यूरो

## आर्ट गैलरी के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली आर्ट गैलरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली पुनरीक्षण याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। यह मामला एमएफ हुसैन की बनाई गई कथित आपत्तिजनक पेंटिंग्स को प्रदर्शित करने से संबंधित है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरव प्रताप सिंह लालर ने 4 अगस्त तक फैसला सुरक्षित रखा है। अमिता सचदेवा ने एफआईआर दर्ज करने से इन्कार करने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी।

आरोप है कि हिंदू देवी-देवताओं के अश्लील चित्रों को आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी के लिए लगाया गया था। यह भी आरोप है कि आपत्तिजनक चित्रों में भगवान को एक नग्न महिला को पकड़े हुए दिखाया गया है, जिसमें भगवान का अपमान किया गया है। आर्ट गैलरी के वकील ने तर्क दिया कि प्रदर्शनी 30 दिनों तक वहां रही। किसी और ने आपत्ति नहीं जताई। संवाद

## हेड कांस्टेबल की हत्या मामले में याचिका पर पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगों से संबंधित हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या मामले में आरोपी मोहम्मद खालिद को आरोपमुक्त किए जाने की याचिका पर नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने दिल्ली पुलिस से इस याचिका पर जवाब मांगा है। 14 अक्तूबर को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। मोहम्मद खालिद ने पिछले साल नवंबर में ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ आरोप तय किए गए थे।

खालिद को जून 2023 में गिरफ्तार किया गया था, जब दिल्ली पुलिस ने पांचवें पूरक आरोपपत्र में उनका नाम शामिल किया था। हालांकि, सितंबर 2023 में उन्हें जमानत मिल गई थी। खालिद की याचिका में दावा किया गया है कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और न ही प्रथम दृष्टया मामला बनता है। याचिका में कहा गया है कि आरोपपत्र में कोई ऐसी सामग्री नहीं है जो उन्हें अपराध से सीधे जोड़े या गंभीर संदेह पैदा करे। ब्यूरो

## आपत्तिजनक बयानबाजी मामले में कपिल मिश्रा के खिलाफ एक को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बयानबाजी के मामले में कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ दर्ज मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त तक के लिए टाल दी है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आवेदन पर जवाब प्रस्तुत किया गया। ऐसे में न्यायाधीश ने कहा कि जवाब की अग्रिम प्रति अगली सुनवाई की तारीख से तीन दिन पहले आरोपी को प्रदान की जाए। संवाद

## साइबर धोखाधड़ी मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने साइबर धोखाधड़ी और कार्पोरेट जालसाजी से संबंधित मामले में आरोपी सुरेश कुमार जैन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ प्रताप सिंह लालेर ने जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि तेजी से इस मामले की निष्पक्ष जांच पूरी करें। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि अग्रिम जमानत देने से न्याय की गरिमा, जांच की निष्पक्षता और गवाहों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। इस फर्जीवाड़े में आरोपी पर करीब 1.54 करोड़ रुपये की रेमिशन ऑफ स्टेट सेस व टैक्स ऑन लॉजिस्टिक्स (आरओएससीटीएल) स्क्रिप्ट्स का आरोप तय है, जो कलरफुल फैशन हब के नाम से जानी जाती हैं। संवाद


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए **ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 82245058B | ऑर्थो ओटी टेबल (स्पाइन एक्सटेंशन के साथ हेड रेस्ट सिस्टम के साथ ट्रैक्शन सेट के साथ) | 1 No | 08.08.25 |
| 82255015B | जोड़ प्रतिस्थापन के लिए रोबोट | 1 No | 08.08.25 |

निविदा शर्तें **1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: इंजेक्शन और दवाएं — दिनांक: 17.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 2181/2025

## राजस्थान सरकार
### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत-फलोदी

आर.ओ. नं. 7685/2025

Email: sephalodi.pwd@gmail.com — Telephone No. 02925-299301

क्रमांक: अअ/सानिवि/वृत/फ/2025-26 767-772 — दिनांक 7/07/2025

निविदा संशोधन-1

निविदा सूचना संख्या 03/2025-26, NIB Code No. PWD2526A1079

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 03/2025-26 में अंकित समस्त कार्यों की ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की दिनांक 28.07.2025 सांय 6.00 बजे तक अपरिहार्य कारणों से बढ़ाई जाती है एवं ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 29.07.2025 प्रातः 11.00 बजे रहेगी। निविदा की अन्य समस्त शर्तें यथावत रहेगी।

| UBN: | |
|---|---|
| 1-UBN No. PWD2526WSOB03583 | 4- UBN No. PWD2526WSOB03767 |
| 2-UBN No. PWD2526WSOB03763 | 5- UBN No. PWD2526WSOB03768 |
| 3-UBN No. PWD2526WSOB03764 | DIPR/C/9799/2025 |

(हजारीराम बिश्नोई)
अधीक्षण अभियंता
सा.नि वि. वृत फलोदी

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 निम्नलिखित कार्य हेतु वन पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम और स्थान | DLI डिवीजन पर L-Xing कार्य हेतु 25 केवी सिंगल फेज एसी का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और संशोधन कार्य। 1. DLI-SML-SRE सेक्शन पर L-Xing 28, 29 और 39 2. DLI-MTC-SRE सेक्शन पर L-Xing 42, 45, 50, 52, 70 |
| 2 | कार्य की समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 55,76,347/- |
| 4 | बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | ₹ 1,11,500/- |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 11.08.2025 को 15:00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 11.08.2025, 15:00 बजे पर खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा सूचना www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 28.07.2025 से 11.08.2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

संख्याः 339/उप.सीईई/सी/एनडीएलएस/2025–26 दिनांकः 18.07.2025 — 2183/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्याः- टीआरडी-आर-2025-E09, दिनांकः 17/07/2025

**काम का नामः-** रायपुर मंडल में कमजोर कैटनरी तार एवं ओवरएज्ड कांटेक्ट वायर का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य- रू. 1,74,21,803. 25/-, बीड सेक्युर्टी- रू.2,37,100/- निविदा प्रस्तुत करना-** 12:00 बजे तक दिनांक **14/08/2025, निविदा खोलनाः** 12:30 बजे दिनांक **14/08/2025.**

टेंडर दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।

वरि. मंडल विद्युत इंजी. (क.वि.)
पीआर/आर/टीआरडी/एन/106 — द.पू.म. रेलवे रायपुर

South East Central Railway @secrail

## कार्यालय तहसीलदार डिबाई

पत्रांकः- 172(1 to 9)/ ना०ना० — दिनांकः- 16.07.2025

### इश्तहार नीलाम

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सर्व मंगला बेला भवानी मन्दिर बैलोन में चढ़ावे के रूप में आये नारियल एवं गेहूँ आदि की नीलामी दिनांक 21.07.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे श्री सर्व मंगला बेला भवानी मन्दिर बेलौन के प्रांगण में होगी। इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त स्थान व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी की शर्तें:-**

01- नीलामी बोलीदाता को बोली की 1/4 धनराशि तत्काल जमा करनी होगी, शेष धनराशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करने के उपरान्त नीलामी स्वीकृति की जायेगी।

02-नीलामी बोलीदाताओं को जमानत धनराशि अंकन 50000/- रू० जमा करनी होगी। अधिकतम बोलीदाता की जमानत धनराशि जमा कर ली जायेगी तथा शेष बोलीदाताओं की जमानत धनराशि वापस कर दी जायगी।

03-नीलाम अधिकारी को अधिकार होगा कि नीलामी बोलीदाता द्वारा बोली पर्याप्त नही होती है तो नीलामी मौके पर ही निरस्त कर दी जायेगी।

04 - नीलाम स्वीकृत करने पर/अस्वीकृत करने पर अधिकार उप जिलाधिकारी महोदय डिबाई को होगा।

05-नीलाम में यदि कोई विधिक अड़चन आती है तो जमानत धनराशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।

06 इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त सामग्री का अवलोकन कर सकते हैं।

07- अन्य जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क करें।

**नीलाम अधिकारी / तहसीलदार, डिबाई।**

## OFFICE OF THE COMMISSIONER OF POLICE, GURUGRAM (HARYANA)

Phone 0124-2869300, Fax No. 0124-2320100
Email ID-cp.ggn@hry.nic.in

### भर्ती सूचना

हरियाणा पुलिस अधिनियम-2007 की धारा-21 के तहत पुलिस आयुक्तालय, गुरुग्राम में 22 विशेष पुलिस अधिकारियों के चयन हेतु प्रक्रिया

| पद का नाम | पदो की संख्या | आवेदन की तिथि |
|---|---|---|
| विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) | 22 | 28.07.2025 व 29.07.2024 |

पुलिस आयुक्तालय, गुरूगाम में 22 विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती के लिए दिनांक 28.07.2025 व 29.07.2024 को आवेदन किया जा सकता है।

सेना एवं अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत कर्मचारी, HSIF बटालियन के हटाए गए कर्मचारी तथा हरियाणा शस्त्र बल (HAP) के हटाए गए कर्मचारियो में से पुलिस आयुक्तालय, गुरूगाम में विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) के तौर पर भर्ती किया जाएगा। भर्ती के इच्छुक आवेदक निम्नलिखित शर्तों के अनुसार दिनांक 28.07.2025 व 29.07.2024 को कार्यालय पुलिस आयुक्तालय, गुरूगाम में आवेदन कर सकते हैं:-

1. आवेदक दिनांक 28.07.2025 व 29.07.2024 तक व्यक्तिगत रूप से पुलिस आयुक्तालय, गुरुग्राम में उपस्थित होकर सम्पर्क कर सकते है और अपना आवेदन पत्र जमा करा सकते है योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र के साथ 4 पासपोर्ट साईज फोटो, शिक्षा, सेवा से सम्बंधित प्रमाण पत्र, मूल रिहायशी प्रमाण पत्र व सेवानिवृत्ति के समय प्रदान किया गया मेडिकल चिकित्सा प्रमाण पत्र, इत्यादि दस्तावेजो के साथ व्यक्तिगत रूप से पुलिस आयुक्तालय, गुरूग्राम में भर्ती कमेटी के सदस्यों से सपंर्क करे।
2. चयनित उम्मीदवार को 20000/ रूपये प्रतिमाह वेतन दिया जाऐगा। चयनित उम्मीदवार के वेतन से डयूटी के दौरान हरियाणा राज्य परिवहन में निशुल्क यात्रा के संबंध में 120/ रूपये प्रतिमाह काटा जाऐगा।
3. सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है कि उनकी आयु 25 वर्ष से 50 वर्ष के बीच की होनी चाहिए।
4. किसी भी उम्मीदवार को अनुशासनहीनता या मेडिकल के आधार पर पूर्व में नौकरी से नहीं हटाया गया हो।
5. भूतपूर्व सैनिक द्वारा सेना में कम से कम 05 वर्ष तक सेवाए दी गई होनी चाहिए।
6. चयनित कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए 20000/ रुपये के मासिक मानदेय पर रखे जाएंगे, इस राशि को विशेष पुलिस अधिकारी को नकद न देकर उनके बैंक खाते में जमा किया जाएगा।
7. चयनित कर्मचारियो को भर्ती के बाद 02 जोडी वर्दी, 01 जोडी जूते और अन्य आवश्यक वर्दी से संबंधित वस्तुओ के लिए 3000 रुपये केवल एक बार दिए जाएंगे।
8. सरकारी दौरे पर 150 रुपये रोजाना के हिसाब से टी.ए./ डी.ए दिया जाएगा।
9. आकास्मिक अवकाश हरियाणा पुलिस के सिपाही का समान दिया जाएगा।
10. भूतपूर्व सैनिक के भर्ती के समय कोई लिखित परीक्षा तथा शारीरिक माप-तौल नहीं होगा।
11. राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतो के अनुसार अनुसुचित जाति तथा पिछडे वर्ग के उम्मीदवारो को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।
12. विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) को अपातकालीन स्थिति में हरियाणा राज्य के किसी भी जिले में तैनात किया जा सकता है।
13. चयनित विशेष पुलिस अधिकारी को 15 दिन का पुलिस लाइन्स गुरुग्राम में प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि इनको कानून व्यवस्था ड्यूटी, गार्ड ड्यूटी, पेट्रोलिंग, यातायात और पुलिस से संबंधित अन्य ड्यूटी पर तैनात किया जा सके।
14. चयन के लिए साक्षात्कार में आने वाले उम्मीदवारों को कोई टी.ए./ डी.ए नहीं दिया जाएगा।

कृते पुलिस आयुक्त गुरुग्राम

PRDH:-1084/11/3649/2026/36724/1/7 Dt.18/07/2025

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर ओमेगा–1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर–201308 (उ.प्र.)
Toll Free No.18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई.ई.ए./भूलेख/669/2025 — दिनांकः 15.07.2025

### सार्वजनिक सूचना

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम दयौरार के अन्तर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषकों द्वारा दी गयी सहमति की दर रू० 3808/– प्रति वर्ग०मी० से प्राधिकरण द्वारा शासनादेश संख्या–314/77–3–163एम, दिनांक 23.02.2016 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित है:–

| क्रम सं. | सैक्टर/ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 08 मिल्क करीमाबाद | 80 | 38<br>40<br>39<br>41 | 0.9550<br>0.4400<br>0.7590<br>0.4400 | वीरेन्द्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह नि0 सदरपुर, सैक्टर 45, नौएडा | में से | 0.1592<br>0.0734<br>0.1265<br>0.0734 |
| 2. | 08 मिल्क करीमाबाद | 80 | 38<br>40<br>39<br>41 | 0.9550<br>0.4400<br>0.7590<br>0.4400 | श्याम सिंह पुत्र जयपाल सिंह नि0 सदरपुर, सैक्टर 45, नौएडा | में से | 0.1592<br>0.0733<br>0.1265<br>0.0733 |
| 3. | 08 दस्तमपुर | 235 | 45 | 3.1060 | वीरेन्द्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह नि0 सदरपुर, सैक्टर 45, नौएडा | में से | 0.5177 |
| 4. | 08 दस्तमपुर | 235 | 45 | 3.1060 | श्याम सिंह पुत्र जयपाल सिंह नि0 सदरपुर, सैक्टर 45, नौएडा | में से | 0.5176 |
| 5. | 08डी दयौरार | 277 | 56 | 0.5830 | संजीव मलिक उर्फ संजीव मिलक पुत्र दीपक कुमार मलिक नि० 26/28 पूर्वी पटेल नगर एस०ओ० मध्य दिल्ली। | में से | 0.1229 |
| 6. | 08डी दयौरार | 173 | 43म | 1.5490 | पुष्पा देवी पत्नी महीपाल व महीपाल पुत्र साहबराम नि० गेझा तिलपताबाद। | में से | 0.2529 |
| 7. | 08डी दयौरार | 339 | 116म | 0.8790 | उषा रानी पत्नी गिरधारी लाल गुप्ता नि० सी 5ए/159 जनकपुरी। | में से | 0.5060 |
| 8. | 08डी दयौरार | 415 | 154 | 0.8530 | शारदा शर्मा पत्नी विजयपाल शर्मा नि० गढी कैला, तहसील माट, जिला मथुरा | में से | 0.3370 |
| 9. | 08डी दयौरार | 184<br>69 | 120<br>182 | 0.8430<br>2.6910 | माया देवी पत्नी राम सिंह नि0 रबूपुरा, तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर। | में से | 0.2108<br>0.6727 |
| 10. | 08डी दयौरार | 353 | 43म | 0.7750 | महेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्रीराम गुप्ता नि० ए–30, कैलाश अस्पताल नौएडा। | में से | 0.1686 |
| 11. | 08डी दयौरार | 255<br>285<br>429<br><br>140<br>299<br>217 | 43म<br>209<br>224<br>228<br>231<br>142<br>225 | 1.5490<br>3.8860<br>2.2230<br><br>0.7840<br>0.1600<br>3.7190<br>0.4250 | श्रीमती सन्तोष पत्नी सुरेन्द्र सिंह नि० ग्राम छलेरा | में से<br>में से<br>में से<br>1/6<br>1/6<br>में से<br>1/18 | 0.4640<br>0.2159<br>0.2566<br><br>0.1307<br>0.0267<br>0.2105<br>0.0236 |


उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

डिप्टी कलेक्टर
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।**

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव | DESTINATION UTTARAKHAND Peace To Prosperity

# उत्तराखण्ड निवेश उत्सव




**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# ₹1 लाख करोड़ +

## की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का

# उद्घाटन




मुख्य अतिथि

## अमित शाह

केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता
भारत सरकार

के कर-कमलों द्वारा


गरिमामयी उपस्थिति

## पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

19 जुलाई, 2025 | अपराह्न : 12:00 बजे
स्पोर्ट्स स्टेडियम, रूद्रपुर, उत्तराखण्ड





- प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को नए सिरे से बढ़ावा
- राज्य में 'व्यापार, विकास और विश्वास' का माहौल
- निवेश अनुकूल वातावरण और आर्थिक विकास को गति
- निवेश के लिए पसंदीदा और भरोसेमंद गंतव्य के रूप में अग्रसर
- सरकार द्वारा सभी निवेशकों से सीधा संवाद और प्रोत्साहन
- ऊर्जा, उद्योग, पर्यटन, आवास एवं शहरी विकास, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण, आयुष व वेलनेस सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश और रोजगार को प्रोत्साहन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# स्नातक में दाखिले के लिए कॉलेजों में सीट आवंटन आज

## डीयू की सलाह, आवंटित सीट को जरूर स्वीकार करें, संतुष्ट नहीं होने पर अपग्रेड कर सकते हैं

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 69 कॉलेजों में उपलब्ध 79 स्नातक कोर्सेज की 71,624 सीटों पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए पहला सीट आवंटन आज होगा। छात्रों के डैशबोर्ड पर शाम पांच बजे सीट आवंटित कर दी जाएगी।

डीयू प्रशासन ने बताया कि छात्रों को आवंटित सीट को स्वीकार करना ही होगा, सीट आवंटन से संतुष्ट नहीं होने पर वह अपग्रेड का विकल्प ले सकते हैं। 21 जुलाई शाम 4:59 मिनट तक सीट को स्वीकार किया जा सकेगा। स्वीकार नहीं करने पर वह कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम से बाहर हो जाएंगे और दाखिला नहीं हो पाएगा।

डीयू के अनुसार यदि कोई छात्र सीट को स्वीकार नहीं करता तब यह माना जाएगा कि वह उस सीट पर दाखिला नहीं चाहता है। सीट स्वीकार करने पर वह सिस्टम में बने रहेंगे और सीट को अपग्रेड कर सकेंगे। छात्र अपग्रेड तभी करें जब वह अन्य आवंटन सूची का इंतजार करना चाहता है। यदि किसी छात्र को एक से ज्यादा सीट आवंटित होगी तो उन्हें किसी एक सीट को ही स्वीकार करना होगा। वहीं यदि कोई छात्र अपनी आवंटित सीट से संतुष्ट है तो वह उस सीट को फ्रीज कर सकते हैं। इसके बाद वह अगले राउंड में नहीं जा सकेंगे। पहली सीट आवंटन के बाद उन्हें फीस का भुगतान 23 जुलाई शाम पांच बजे तक करना है।

डीयू में इस बार सीटों को भरने के लिए अलग नीति अपनाई जाएगी। इस बार नॉर्थ कैंपस के कॉलेजों में अतिरिक्त सीट आवंटन को अपनाया नहीं जाएगा। इन कॉलेजों में पहले ही राउंड में काफी सीटें भर जाती है। नॉर्थ कैंपस के कॉलेजों में केवल भाषाओं के विषयों में 50 फीसदी अतिरिक्त सीट आवंटित की जाएंगी।

सांध्यकालीन कॉलेजों में जहां सीटें नहीं भरेंगी वहां पहले राउंड में ही 80-100 फीसदी तक अतिरिक्त सीटें आवंटित की जाएंगी। सांध्यकालीन कॉलेजों, अदिति, भगिनी निवेदिता, श्रद्धानंद समेत कॉलेजों में सामान्य, ओबीसी व ईडब्लयूएस श्रेणी के छात्रों के लिए 80 फीसदी अतिरिक्त सीटें आवंटित की जाएंगी जबकि एससी-एसटी व पीडब्लयूडी श्रेणी में सीटों का आवंटन सौ फीसदी तक होगा।

राजधानी, शिवाजी, अरबिंदो, देशबंधु, दयाल सिंह समेत 39 कॉलेजों में इकोनॉमिक्स, बीकॉम, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र व इतिहास जैसे प्रोग्राम में सामान्य, ओबीसी व ईडब्लयूएस श्रेणी के लिए 20 फीसदी अतिरिक्त सीटें आवंटित होंगी।

वहीं, बाकी कोर्सेज में सामान्य, ईडब्लयूएस व ओबीसी श्रेणी के लिए 30-35 फीसदी अतिरिक्त सीटों का आवंटन होगा जबकि एससी, एसटी व पीडब्लयूडी श्रेणी के छात्रों के लिए यह आवंटन 50 फीसदी तक होगा। यहां भाषाओं के कोर्स में भी 50 प्रतिशत तक सीटें अतिरिक्त दी जाएंगी।

### दाखिले का जारी शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहली सीएसएएस आवंटन सूची | 19 जुलाई (शाम पांच बजे) |
| सीट स्वीकार करना | 19 जुलाई से 21 जुलाई |
| ऑनलाइन आवेदन को मंजूरी व सत्यापन | 19 जुलाई से 22 जुलाई |
| ऑनलाइन फीस भुगतान की अंतिम तिथि | 23 जुलाई (शाम 4:59) |
| खाली सीटों की जानकारी | 24 जुलाई शाम पांच बजे |
| वरीयताओं को दुबारा व्यवस्थित करना | 24 से 25 जुलाई |
| दूसरी सीट आवंटन सूची | 28 जुलाई शाम पांच बजे |
| सीट स्वीकार करना | 28 से 30 जुलाई शाम 4:59 |
| ऑनलाइन आवेदन को मंजूरी व सत्यापन | 28 जुलाई से 31 जुलाई |
| ऑनलाइन फीस भुगतान की अंतिम तिथि | 1 अगस्त शाम 4:59 |

### सीट आवंटन के बाद की प्रक्रिया

- *सीट स्वीकार करने पर छात्रों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी*
- *जांच के बाद कॉलेज फीस भुगतान या छुटे हुए दस्तावेज की मांग करेगा।*
- *कॉलेज की मंजूरी के बाद छात्र फीस का भुगतान कर सकेंगे।*
- *अस्वीकृति, सीट रद्दीकरण और नाम वापसी के कारण खाली हुई सीटों की उपलब्धता के आधार पर डीयू अगला राउंड आयोजित करेगा।*
- *जो छात्र इस दौरान अपग्रेड का विकल्प चुनेंगे उन पर सीटों की उपलब्धता के आधार पर अगले आवंटन राउंड में विचार किया जाएगा।*
- *अपग्रेड का विकल्प लेने पर छात्र को अपग्रेड की गई सीट को स्वीकार करना होगा।*
- *अपग्रेड सीट को स्वीकार नहीं करने पर छात्र को डिफॉल्ट रूप से रद्द माना जाएगा और वह दाखिला सिस्टम से बाहर हो जाएगा।*
- *सीट फ्रीज करने के बाद नाम वापस भी नहीं लिया जा सकेगा।*

# एनसीवेब : 13 हजार से अधिक छात्राओं ने किए आवेदन

## 25 जुलाई तक बढ़ सकती है आवेदन की तिथि, पहली कट ऑफ 28 को आने की संभावना

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉन कॉलिजिऐट वूमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दो स्नातक प्रोग्राम (बीए प्रोग्राम व बीकॉम) की लगभग 15,200 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई है। एनसीवेब प्रशासन छात्राओं को राहत देते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 25 जुलाई तक बढ़ा सकता है। आवेदन की रेस एक जुलाई से शुरू हुई थी।

### कुल 15,200 सीटें हैं, पांच कटऑफ की जाएंगी जारी

एनसीवेब में दाखिले 12वीं के अंकों के आधार पर होते हैं। प्रशासन दाखिले के लिए पांच कट ऑफ जारी करेगा। पहली कट ऑफ 28 जुलाई को आने की संभावना है। प्रशासन ने कट ऑफ का शेड्यूल तैयार कर विवि प्रशासन की मंजूरी के लिए भेजा हुआ है। वहां से मंजूरी मिलते ही शेड्यूल को जारी कर दिया जाएगा। एनसीवेब की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने बताया कि अब तक 13 हजार से अधिक आवेदन हो चुके हैं।

अंतिम तिथि बढ़ने पर आवेदन की संख्या और बढ़ने की संभावना है। एनसीवेब में दिल्ली की लड़कियां ही दाखिला ले सकती हैं। दाखिले डीयू के 26 कॉलेज सेंटर पर होते हैं जिनमें बीए व बीकॉम की पढ़ाई होती है। यहां केवल दिल्ली की उन लड़कियों को ही दाखिला मिलता है जो किसी पार्ट टाइम कोर्स व नौकरी करने के कारण रेगुलर कॉलेज में दाखिला नहीं ले पाती हैं। यहां दाखिला लेने पर डीयू की ही डिग्री मिलती है।




# दूरस्थ शिक्षा के शिक्षण मॉडल को प्रभावी बनाने पर चर्चा

### एसओएल : अकादमिक काउंसलिंग और लर्नर सपोर्ट कार्यशाला संपन्न

अमर उजाला ब्यूरो


**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के ओपन लर्निंग डेवलपमेंट सेंटर की ओर से सपोर्ट सर्विसेज, अकादमिक काउंसलिंग और ट्यूटरिंग विषय पर 17 व 18 जुलाई को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें दूरस्थ शिक्षा के शिक्षण मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीयू के कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक प्रो. पायल मागो ने किया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में अकादमिक काउंसलर छात्रों को सशक्त बनाने और उनके लर्निंग आउटकम बेहतर करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यशाला में ओडीएस के अकादमिक कंसल्टेंट प्रो. सीआरके मूर्ति ने मुख्य वक्ता के रूप में दूरस्थ शिक्षा में उभरते मॉडलों का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया और परामर्शदाता-नेतृत्व वाली सहभागिता पर प्रकाश डाला। वहीं, एसओएल के प्रिंसिपल प्रो. अजय जैसवाल ने कहा कि ऐसी कार्यशाला से दूरस्थ शिक्षा के छात्रों के लिए सहयोग तंत्र मजबूत होगा और समावेशी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी।

कार्यशाला में पहले दिन पहले दिन पाठ्यक्रम नियोजन, शिक्षार्थी सहभागिता और नवीनता पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। दूसरे दिन दूरस्थ शिक्षार्थियों की अपेक्षाएं, पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम की चुनौतियां विषय पर पैनल चर्चा आयोजित हुई।

इसमें फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडी के प्रो. पंकज सिन्हा ने वित्तीय अध्ययन और प्रबंधन में उभरते क्षेत्र विषय पर व्याख्यान दिया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में 100 से अधिक अकादमिक काउंसलर, फैकल्टी सदस्य और ओडीएल विशेषज्ञ शामिल हुए।



## जय जगदीश हरे नृत्य ने दर्शकों का मन मोहा

**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट के द स्टेन ऑडिटोरियम में शुक्रवार शाम को नृत्य प्रस्तुति जय जगदीश हरे का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम भगवान विष्णु के संरक्षणकारी स्वरूप को समर्पित था। इस नृत्य में कला, अध्यात्म और भावनाओं का संगम देखने को मिला। कलाकारों की भावभंगिमाएं, मुद्राएं और भावनात्मक अभिव्यक्ति ने मन मोह लिया। संवाद

## दास्तान-ए-राग दरबारी की प्रस्तुति ने जीता दिल

**नई दिल्ली।** एलटीजी ऑडिटोरियम शुक्रवार को विशेष सांस्कृतिक क्षण का साक्षी बना। जब दास्तान-ए-राग दरबारी की प्रस्तुति दी गई। यह दास्तान श्रीलाल शुक्ल के कालजयी उपन्यास राग दरबारी पर आधारित है, जो 1968 में प्रकाशित हुआ था। महमूद फारूकी और दरैन शाहिदी ने मंच पर अपने अभिनय और भाव-प्रदर्शन से समा बांध दिया। करीब 120 मिनट की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को कभी हंसाया, कभी गहरे विचारों में डुबो दिया। यह केवल एक कहानी नहीं थी, बल्कि समाज का आईना थी। संवाद

## नबकलेबर प्रदर्शनी में दिखा कला व संस्कृति का संगम



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में प्रदर्शनी 19 वर्षों में एक बार होने वाले पावन नबकलेबर अनुष्ठान पर आधारित है। दर्शनम्-1 गैलरी में लगी प्रदर्शनी में नबकलेबर की पूरी आध्यात्मिक यात्रा को बेहद सुंदर और सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है। दुर्लभ धार्मिक अनुष्ठान में भगवान जगन्नाथ, उनके भ्राता बलभद्र, बहन सुभद्रा और सुदर्शन चक्र की पुरानी लकड़ी की मूर्तियों को नई मूर्तियों से प्रतिस्थापित किया जाता है। प्रदर्शनी में फोटो, वीडियो फुटेज, पारंपरिक चित्रों और लोक-कथाओं के माध्यम से उन सभी भावनात्मक और रहस्यमय क्षणों को जीवंत किया गया है। संवाद

## सुषमा सेठ के साथ जिंदगी ने दर्शकों को किया भावुक



**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट सेंटर के द थिएटर में शुक्रवार को मशहूर अभिनेत्री सुषमा सेठ की जिंदगी पर लुक बैक इन वंडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी उपलब्धियों से लेकर जिंदगी के उतार-चढ़ाव को साझा किया गया। आयोजन तीन आर्ट्स क्लब और कात्यायनी प्रोडक्शन ने किया। इस दौरान अनुभवी अभिनेत्री सुषमा सेठ ने अपने 60 वर्षों के शानदार कॅरिअर की यात्रा प्रशंसकों के बीच रखा। सोहैला कपूर के साथ बातचीत के इस अनोखे मंच पर दर्शकों को सुषमा सेठ की जीवन यात्रा, रंगमंच, टेलीविजन और सिनेमा में उनके अविस्मरणीय योगदान की झलक मिली। संवाद

## विजुअल आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी का आयोजन



**नई दिल्ली।** इंडिया हैबिटेट सेंटर के विजुअल आर्ट गैलरी में बियॉन्ड होराइजन्स अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन उचान आर्ट्स की ओर से किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. केजी सुरेश ने किया। लीना वी केवलानी की संग्रहित प्रदर्शनी में भारत, युके, यूएई, इटली, रूस और चीन के समकालीन कलाकारों को एक मंच पर आमंत्रित किया जा रहा है। प्रदर्शनी 20 जुलाई तक चलेगी। संवाद

## व्हाट्स अंडर माई स्किन एकल प्रदर्शनी का आगाज

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसाइटी की गैलरी-ए में युवा कलाकार खुशी खंडेलवाल की पहली एकल प्रदर्शनी 'व्हाट्स अंडर माई स्किन' ने शुक्रवार को गहरी भावनात्मक छाप के साथ शुरुआत की। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली की रहने वाली खुशी खंडेलवाल ने बताया कि वह सिंगापुर से फाइन आर्ट्स में स्नातक कर रही हैं। उन्हें हमेशा से कला में रूचि रही है। यह प्रदर्शनी 24 जुलाई तक ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसाइटी की गैलरी-ए में चलेगी। संवाद

## ऊनी टोपी से स्पंदन तक कविताओं में गूंजीं भावनाएं

**नई दिल्ली।** मैं दीप बनूं, मैं गीत बनूं, यह मेरी अभिलाषा है... इन पंक्तियों के साथ जब वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और संवेदनशील साहित्यकार आशुतोष अग्निहोत्री ने साहित्य अकादेमी के मंच पर काव्य पाठ की शुरू किया तो लोग वाह-वाह कर उठे। बृहस्पतिवार को आयोजित साहित्य मंच कार्यक्रम में अग्निहोत्री ने रचनाओं का पाठ किया। ऊनी टोपी, रक्षाबंधन, जिद और आत्मा के घाव जैसी कविताओं ने मानवीय रिश्तों और जीवन दर्शन की गहराई को छू लिया। संवाद




**ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन https://joinindiancoastguard.cdac.in के जरिये 08 जुलाई, 25 (1600 बजे) से 27 जुलाई, 25 (2330 बजे) तक उपलब्ध है।**

**नोट** : 1. ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए विस्तृत विज्ञापन एवं प्रक्रिया हेतु कृपया वेबसाईट https://joinindiancoastguard.cdac.in पर जाएं।

2. कृपया अपने आवेदन प्रपत्र को ऑनलाईन जमा करवाने से पूर्व वेबसाईट पर दिये गए अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह केवल एक सांकेतिक विज्ञापन है।

डिस्क्लेमर :- विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित जानकारी केवल दिशा-निर्देश हैं। पात्रता मानदंड, परीक्षा की तिथि व समय तथा अन्य प्रक्रिया में किसी भी अस्पष्टता की स्थिति में तटरक्षक की भर्ती वेबसाईट https://joinindiancoastguard.cdac.in में दी गई जानकारी अंतिम होगी।

Scan thisQRCode

**चेतावनी**–तटरक्षक में चयन निष्पक्ष एवं केवल मैरिट आधार पर है। उम्मीदवार, भर्ती एजेंट के रूप में कार्य कर रहे ऐसे किसी भी बेईमान व्यक्ति के चंगुल में न फसें। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ शिकायत करने हेतु उम्मीदवार टेलीफोन - 0120-2201340 पर भर्ती निदेशालय, तटरक्षक मुख्यालय, नोएडा में और ईमेल आईडी : dte-rectofficer@indiancoastguard.nic.in पर अवश्य संपर्क करें।

cbc 10119/11/0004/2526

विनम्रता के साथ बोलें और हाथ में लाठी रखें, तो आप बहुत दूर तक जाएंगे।
-थियोडोर रुजवेल्ट

## कूटनीतिक जीत



अमेरिकी विदेश मंत्रालय का द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करना आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं को अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति मिलने जैसा है; यह आतंकवाद को संरक्षण देने के पाकिस्तान के पुराने रुख को वैश्विक मंच पर बेनकाब भी करता है, जो भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो जाती है, जब कुछ ही महीने पहले पहलगाम हमले के संदर्भ में सुरक्षा परिषद के बयान की भाषा को चीन ने पाकिस्तान के साथ मिलकर थोड़ा नरम कर दिया था। उल्लेखनीय है कि भारत ने लगातार यह बात उठाई है कि टीआरएफ व अन्य आतंकी संगठनों को पाकिस्तान से समर्थन मिलता रहा है। ऐसे में, विदेश मंत्री जयशंकर ने उचित ही इस कदम की सराहना करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के सहयोग का एक ठोस प्रमाण बताया है। अमेरिका द्वारा टीआरएफ को फॉरेन टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन (एफटीओ) और स्पेशली डेजिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट (एसडीजीटी) के रूप में नामित करने से इस संगठन की वित्तीय गतिविधियों पर अंकुश लगने के साथ ही इसके सदस्यों की संपत्ति की जब्ती, यात्रा प्रतिबंध व अन्य कानूनी कार्रवाइयों का रास्ता भी खुलेगा। इसके अलावा, यह कदम भारत को एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान को फिर से ग्रे सूची में शामिल कराने में मदद दे सकता है। एफएटीएफ, जो धन शोधन और आतंकवाद की फंडिंग को रोकने के लिए वैश्विक मानक स्थापित करता है, ने पहले भी 2008-09, 2012-15 और 2018-22 के दौरान पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखा था। दरअसल, भारत का तर्क है कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफलता दिखाई है, जिसकी पुष्टि पहलगाम जैसे आतंकी हमलों से होती है। हालांकि, जिस तरह से चीन ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों मसलन, जैश के सरगना मौलाना मसूद अजहर के भाई अब्दुल रऊफ असगर, जो 2001 में भारतीय संसद पर हमले का मास्टरमाइंड था और साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल होने का मार्ग अवरुद्ध किया, उससे पता चलता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी जटिल है। अब भारत को इसका उपयोग करते हुए एफएटीएफ में अपने तर्क को मजबूती से रखना होगा और इसके लिए मेक्सिको, अर्जेंटीना, कनाडा और डेनमार्क जैसे देशों का कूटनीतिक समर्थन जुटाना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि जब तक आतंक के सरपरस्तों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुली छूट मिलती रहेगी, तब तक आतंकवाद के खिलाफ जंग अधूरी रहेगी।

# पूरब की चुनौती और महाशक्तियों के खेल

**पूरब का समग्र क्षेत्र अमेरिका और चीन के लिए खेल का मैदान बनता जा रहा है, और पाकिस्तान दोनों के लिए मददगार साबित हो रहा है। दूसरी तरफ दलाई लामा और शेख हसीना का समर्थन करने वाले भारत ने खुद को एक विशिष्ट कूटनीतिक स्थिति में खड़ा किया है। ऐसे में पूरब का प्रबंधन भारत के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।**

भारत की 'लुक-ईस्ट-एक्ट-ईस्ट' नीति दक्षिण-पूर्व एशिया पर केंद्रित है। लेकिन अब समय आ गया है कि हम सबसे पहले उपमहाद्वीप में पूरब की ओर देखें और कार्य करें। नया 'हॉट स्पॉट' पूर्वोत्तर क्षेत्र और बांग्लादेश है। पश्चिम (पाकिस्तान) और उत्तर (चीन) में दो मोर्चों पर दीर्घकालिक युद्ध लड़ने के साथ अब भारत को पूरब में तीसरे मोर्चे की भी तैयारी करनी होगी। यह एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि पहले दो मोर्चों की ताकतें बांग्लादेश में एकजुट होकर अलग-थलग पड़े पूर्वोत्तर पर हमला करेंगी, जहां भारत की सुरक्षा कमजोर है।

बांग्लादेश में बीते साल हुए सत्ता परिवर्तन के बाद तीसरे मोर्चे की संभावनाएं गहरी और व्यापक हो गई हैं। विदेशी सैनिकों की मौजूदगी और हथियार लेकर आ रहे जहाज चिंताजनक घटनाक्रम की ओर इशारा करते हैं। उन्हें भारत के मिजोरम, बांग्लादेश के टेकनाफ और म्यांमार की अशांत रखाइन घाटी के त्रि-जंक्शन की ओर भेजा जा रहा है, जहां सशस्त्र विद्रोही यांगून में चीन समर्थित सैन्य जुंटा को चुनौती दे रहे हैं। मौजूदा अस्थिरता के बीच, रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमार वापस भेजने के लिए एक 'मानवीय गलियारे' की योजना बनाई जा रही है, जिनमें से कई भारतीय धरती पर भी हैं। विश्लेषकों का कहना है कि हालांकि इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित माना जाता है, लेकिन यह सीधे अमेरिकी चाल है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार इस परियोजना को आगे बढ़ाने की जल्दी में है, लेकिन बांग्लादेशी सेना इसका विरोध कर रही है।





महेंद्र वेद
वरिष्ठ पत्रकार

सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने कहा है कि इसे जल्द चुनाव कराने के बाद अगली सरकार पर छोड़ दिया जाए। बांग्लादेश सेना, विदेशी सेनाओं की उपस्थिति से पहली बार स्वयं को खतरे में महसूस कर रही है, क्योंकि मुक्ति संग्राम के दौरान वहां मौजूद भारतीय सेना तीन महीने के भीतर ही वहां से निकल गई थी। इसका भारत की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। सुरक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह क्षेत्र अमेरिका और चीन के लिए एक खेल का मैदान बनता जा रहा है, और पाकिस्तान, जिसने हथियारों की खेप भेजी है, दोनों के लिए मददगार साबित हो रहा है।

अमेरिका के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन के बावजूद, भारत को लगता है कि वाशिंगटन इस क्षेत्र में चीन का सामना करने के लिए ज्यादा उत्सुक है। इस प्रक्रिया की शुरुआत बाइडन प्रशासन के समय ही हुई थी, लेकिन ट्रंप के नेतृत्व में इसकी गति और तेज हो गई है। भारत को पूर्व की ओर देखने व कार्रवाई करने की जरूरत की एक और वजह है। विदेशी नेताओं को शरण देने का भारत का लंबा इतिहास रहा है। दलाई लामा और शेख हसीना का मुद्दा अभी चर्चा में है, जो दक्षिण एशिया में तेजी से बदलते समय की राजनीतिक और कूटनीतिक मजबूरियों और जटिलताओं को रेखांकित करता है। तिब्बती बौद्ध धर्म के गेलुग संप्रदाय के अपने अनुयायियों के लिए उत्तराधिकार के मुद्दे पर दलाई लामा की बात पर मोदी सरकार ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की। एक तरफ जहां वरिष्ठ मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'उत्तराधिकार के मुद्दे पर दलाई लामा के अलावा किसी और को निर्णय लेने का अधिकार नहीं है', वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मुद्दे पर उसका कोई 'रुख' नहीं है। बाद में रिजिजू ने स्पष्ट किया कि उन्होंने दलाई लामा के एक 'अनुयायी' के रूप में यह बात कही थी।

वर्ष 1959 में दलाई लामा के भारत पलायन, उनके निरंतर प्रवास और निर्वासित तिब्बती सरकार ने भारत और चीन के संबंधों को गहराई से प्रभावित किया है। बीजिंग ने कहा है कि दलाई लामा के उत्तराधिकार का मुद्दा भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में एक 'कांटा' है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक और कुशल रणनीति की आवश्यकता होगी, क्योंकि यह वैश्विक दिलचस्पी को आकर्षित करता है।

बांग्लादेश में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हो रही है, जहां की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले वर्ष से भारत में रह रही हैं। यूनुस सरकार उनकी वापसी की मांग कर रही है, लेकिन भारत ने दृढ़ता से इससे इन्कार कर दिया है। यह बांग्लादेश के अंदर और बाहर उनके समर्थकों के लिए एक भावनात्मक मुद्दा बन गया है। इससे दिल्ली-ढाका संबंध और खराब हो सकते हैं। बांग्लादेश का घरेलू परिदृश्य भी भारत के लिए उतना ही चिंताजनक है। पिछले साल की हिंसा में पुलिस और नौकरशाही जनता के निशाने पर थी। अब भी उनमें आत्मविश्वास नहीं आया है और वे अपनी भूमिका नहीं निभा पाए हैं। मौजूदा अराजकता ने इस्लामी कार्यकर्ताओं को आलोचकों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। भारत-विरोधी इस्लामवादी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर हावी हैं, और यूनुस खुद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना से बदला लेना चाहते हैं। यूनुस अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाकर उन्हीं गलतियों को दोहरा रहे हैं, जो आरोप वे हसीना पर लगाते हैं। इस्लामवादियों को छोड़कर, बाकी स्थापित पार्टियां जल्द चुनाव कराने पर जोर दे रही हैं।

सेना प्रमुख ने भी सुरक्षा कारणों से यही मांग की है, ताकि कानून-व्यवस्था की चौतरफा बिगड़ती स्थिति को रोका जा सके, जिससे राजनीतिक कार्यकर्ताओं को खुली छूट मिल गई है। हालांकि, यूनुस ने आगामी अप्रैल में चुनावों की घोषणा कर दी है, लेकिन उनके करीबी लोगों द्वारा लाभ उठाने की होड़ के कारण चुनाव कराना मुश्किल हो रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) इस देरी को निराशाजनक मान रही है। उसे डर है कि अंतरिम सरकार ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रही है, जिसमें अगर वह स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पाती है, तो उसे इस्लामवादियों का समर्थन लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

विश्लेषकों का कहना है कि यूनुस और उनके समर्थकों को डर है कि अगर समय से पहले चुनाव हुए, तो हसीना की अवामी लीग को अपनी कानूनी और राजनीतिक चिंताओं को दूर करने के लिए अनुकूल माहौल मिल सकता है। अगर बीएनपी सत्ता में वापस आती है, तो भी अवामी लीग के लिए एक राजनीतिक सरकार से निपटना आसान हो जाएगा। ढाका से आ रही खबरों के अनुसार, अवामी लीग के पास अब भी भारी मात्रा में धन है। चुनावों को लेकर संशय बरकरार रहने के बीच, हसीना की भारत में मौजूदगी का भारत-बांग्लादेश संबंधों पर असर पड़ना तय है। साथ ही, इनके नतीजे भारत के पूर्वी हिस्से में महाशक्तियों के खेल को भी तय करेंगे।

edit@amarujala.com

अंतरराष्ट्रीय

## दूसरे कार्यकाल का अभिशाप और ट्रंप

**अमेरिका में राष्ट्रपतियों का दूसरा कार्यकाल पहले की अपेक्षा फीका रहा है। लेकिन ट्रंप की विशिष्ट शैली उन्हें दूसरे कार्यकाल के अभिशाप से बचा सकती है।**

तीसरे कार्यकाल की संभावना के साथ डोनाल्ड ट्रंप को एक ऐतिहासिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है, जिसने कई राष्ट्रपतियों को परेशान किया है, वह है 'दूसरे कार्यकाल का अभिशाप।' अब तक 21 राष्ट्रपतियों को दूसरा कार्यकाल मिला है, लेकिन वे पहले कार्यकाल जितनी सफलताओं के स्तर पर नहीं पहुंचे सके। दूसरे कार्यकाल में उनका प्रदर्शन निस्तेज और निराशाजनक से लेकर विनाशकारी और घातक तक रहा है। मतदाताओं की असंतुष्टि और हताशा, राष्ट्रपति पद की थकावट और भविष्य के लिए स्थायी दृष्टिकोण का अभाव, इसके कारण हैं। लेकिन ट्रंप इस सांचे में फिट नहीं बैठते हैं। केवल ग्रोवर क्लीवलैंड के पहले और दूसरे कार्यकाल के बीच ट्रंप की तरह एक हार का अंतराल था। इसलिए दूसरा कार्यकाल पूरा करने वाले अन्य नेताओं की तुलना में ट्रंप 2.0 का आकलन करना कठिन हो गया है। ट्रंप निश्चित रूप से आशान्वित होंगे कि इतिहास क्लीवलैंड के दूसरे कार्यकाल के अभिशाप को नहीं दोहराएगा।

ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में अब तक टैरिफ युद्ध छेड़कर वैश्विक बाजार में खलबली मचाई हुई है। उनका व्यापार युद्ध, संस्कृति युद्ध तक होता हुआ पश्चिम एशिया में गोलीबारी युद्ध तक चला गया है। हाल ही में पारित हुए बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर भी कई आशंकाएं हैं। दो कार्यकाल की सीमा को 1951 में संविधान संशोधन द्वारा अधिनियमित किया गया था। आशंका थी कि अधिकतम अवधि के बिना एक सत्तावादी राजा की तरह जीवन भर के लिए नियंत्रण अपने हाथ में लेने की कोशिश कर सकता है। जॉर्ज वाशिंगटन, जेम्स मेडिसन और थॉमस जेफरसन, सभी ने तीसरे कार्यकाल से इन्कार कर दिया था। जेफरसन ने लिखा था, 'यदि कोई राष्ट्रपति तीसरे चुनाव के लिए उम्मीदवार बनने पर सहमत हो जाए, तो मुझे भरोसा है कि उसे इस महत्वाकांक्षी विचार के कारण अस्वीकार कर दिया जाएगा।' द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दूसरे कार्यकाल वाले कुछ राष्ट्रपतियों (आइजनहावर, रीगन और ओबामा) ने मजबूत शुरुआत की, परंतु दूसरी बार वे लड़खड़ा गए। आइजनहावर ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका को कोरियाई युद्ध से बाहर निकाला, पर दूसरे कार्यकाल में उन्हें घरेलू स्तर पर विरोध और नस्लीय दंगों का सामना करना पड़ा। रीगन ने पहले कार्यकाल में टैक्स व खर्च में महत्वपूर्ण कटौती की और सोवियत संघ को बिखरते हुए देखा। पर ईरान-कॉन्ट्रा घोटाला (रीगन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने ईरान को गुप्त रूप से हथियार बेचे) और कमजोर कर सुधार ने दूसरे कार्यकाल को परिभाषित कर दिया।



गैरिट सी वान
इतिहासकार

ओबामा ने पहले कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवा सुधार की शुरुआत की और डेमोक्रेटिक मतदाता आधार को एकजुट किया। हालांकि, दोबारा चुने जाने के बाद डेमोक्रेट्स ने सदन, सीनेट, सुप्रीम कोर्ट नामांकन खो दिया और स्नोडेन सुरक्षा लीक और रूढ़िवादी समूहों को लक्षित करने वाले आंतरिक राजस्व सेवा के घोटालों का सामना करना पड़ा। कुछ समर्थकों का कहना है कि ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं। यह पूछने पर क्या माउंट रशमोर (साउथ डकोटा राज्य में स्थित राष्ट्रीय स्मारक, जहां विशाल चट्टान पर जॉर्ज वाशिंगटन, थॉमस जेफरसन, थियोडोर रूजवेल्ट और अब्राहम लिंकन की प्रतिमाएं उकेरी गई हैं) पर एक और चेहरे के लिए जगह है, तो उन्होंने कहा-संभावना तो है।' लेकिन ऐसे स्मारकीय सम्मान केवल तब तक अटकलें ही साबित होंगे, जब तक कि ट्रंप का क्रांतिकारी दृष्टिकोण और कार्यकारी शक्ति की पुनर्परिभाषा दूसरे कार्यकाल के अभिशाप की चुनौती पार नहीं करती। *(द कन्वर्सेशन से)*

भविष्य उन लोगों का है, जो मशीनों के साथ कदम मिलाकर चलते हैं, न कि उनका, जो उनसे डरते हैं।
-डेविड बोरिस



## गिरना बुरा नहीं, रुक जाना बुरा है

**मैंने हर गलती को सीखने का अवसर समझा। आप जब भी ठोकर खाएं, उठें, सीखें, और फिर से कोशिश करें। यही वह रास्ता है, जो आपको आपकी मंजिल तक ले जाएगा।**

मैं छोटे गांव में जन्मी थी। खेतों में काम किया, लेकिन मेरे सपने मुझे विज्ञान की दुनिया में ले गए, जहां मैंने जीपीएस का आविष्कार करने में मदद की। यह तकनीक आज आपके फोन, गाड़ियों, और यात्राओं में रास्ता दिखाती है। लेकिन मेरी कहानी सिर्फ तकनीक की नहीं, बल्कि जीवन की अहमियत, हौसले, और अपने मकसद को पूरा करने की कहानी है।

मैंने एक ऐसी दुनिया में कदम रखा, जहां लोग कहते थे, 'तुम एक अश्वेत महिला हो, विज्ञान तुम्हारे लिए नहीं।' लेकिन मैंने ठान लिया कि मेरा जीवन कुछ बड़ा करने के लिए है। आप अपने जीवन को एक मकसद दें। चाहे कितनी भी रुकावटें आएं, अपने सपनों को कभी छोड़ें नहीं। मेरी ताकत ही मेरा विश्वास था। हर विफलता एक नई शुरुआत है। जब मैं पृथ्वी के आकार और गुरुत्वाकर्षण की गणनाएं कर रही थी, तो मुझसे कई बार गलती हुई। मैंने हर गलती को सीखने का अवसर समझा। जीवन में गिरना बुरा नहीं, बल्कि रुक जाना बुरा है। आप जब भी ठोकर खाएं, उठें, सीखें, और फिर से कोशिश करें। यही वह रास्ता है, जो आपको आपकी मंजिल तक ले जाएगा। खुद पर भरोसा रखें, दुनिया जरूर भरोसा करेगी। मैंने और मेरी टीम ने दिन-रात काम किया, बिना यह सोचे कि हमें तुरंत सम्मान मिलेगा। मैंने अपने काम पर भरोसा रखा, और आज वह काम दुनिया भर में लोगों की मदद करता है। आपके अंदर वह शक्ति है, जो पहाड़ हिला सकती है। अपने सपनों को छोटा मत समझें, वे दुनिया बदल सकते हैं।



ग्लैडिस वेस्ट

जीवन धारा

दूसरों के लिए जीने पर जीवन सार्थक बनेगा। मेरा मकसद था कि मेरा काम लोगों की जिंदगी को आसान बनाए। जीपीएस ने वही किया। जब आप दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो आपका जीवन अपने आप बड़ा हो जाता है। अपने काम में प्यार और सेवा का भाव रखें, यही जीवन का असली महत्व है। जीवन एक अनमोल तोहफा है। इसे बेकार न जाने दें। हर दिन एक नया मौका है अपने सपनों को सच करने का। हार मत मानें, क्योंकि आपका समय अभी आना बाकी है। जीवन को सरल और सपनों को बड़ा रखें। मेहनत, धैर्य और विश्वास से कुछ भी असंभव नहीं। आपके पास वह ताकत है, जो दुनिया को रोशन कर सकती है। अपने दिल की सुनें, अपने मकसद को जिएं और दुनिया को दिखाएं कि आपका जीवन कितना खास है।

# एआई आपकी नौकरी नहीं छीनेगा

**आपको एआई द्वारा नौकरी छीने जाने का डर है, तो समझ लें खतरा एआई से नहीं, उनसे है, जो इसका सही इस्तेमाल जानते हैं।**



टिम वू
द न्यूयॉर्क टाइम्स

हाल के हफ्तों में व्हाइट-कॉलर ब्लड बाथ की खूब चर्चा हुई है, जो निकट भविष्य में घटित होने वाला ऐसा संभावित परिदृश्य है, जिसमें अनेक कर्मचारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कार्यक्रमों द्वारा हटा दिया जाएगा। एआई कंपनी एंथ्रोपिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डारियो एमोदेई ने हाल ही में भविष्यवाणी की कि कानून, परामर्श और वित्त जैसे क्षेत्रों में प्रवेश स्तर के आधे पदों पर कुछ ही वर्षों में ऐसी स्थिति आ सकती है।


मार्क जुकरबर्ग ने भी कहा है कि एआई अगले एक या दो वर्षों में मेटा के अनेक प्रोग्रामरों की जगह ले लेगा। हालांकि, कंप्यूटर चिप निर्माता एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेन्सन हुआंग ने तर्क दिया है कि 'आप अपनी नौकरी एआई के कारण नहीं खोएंगे, लेकिन आप अपनी नौकरी किसी ऐसे व्यक्ति के कारण खो देंगे, जो एआई का उपयोग करना जानता है।' इस बहस में दोनों पक्ष एक ही गलती कर रहे हैं। वे इस सवाल को पसंद के बजाय नियति का सवाल बना रहे हैं। यह पूछने के बजाय कि कौन-सा भविष्य आ रहा है, हमें यह पूछना चाहिए कि हम कैसा भविष्य चाहते हैं। इस सवाल का जवाब एंथ्रोपिक और ओपनएआई जैसी कंपनियों पर निर्भर करेगा कि वे नैतिक, टिकाऊ तकनीकें बनाना चाहती हैं या नहीं ।




उन्हें ऐसा एआई डिजाइन करना चाहिए, जो इन्सान के साथ मिलकर काम करे, न कि उनकी जगह लेने की कोशिश करे। वे नियोक्ता भी अहम हैं, जो एआई सिस्टम अपनाते हैं। मुख्य प्रश्न यह है कि क्या उपकरण हमारी क्षमताओं को बढ़ाता है या इस पर नियंत्रण भी देता है। जैसा कि स्टीव जॉब्स ने कहा था, कंप्यूटर 'दिमाग की साइकिल' हो सकता है। जिस तरह एक वर्ड प्रोसेसर लेखकों को पांडुलिपियों को सही करने और टाइप किए बिना लिखने की अनुमति देता है, उसी तरह एआई को भी मनुष्यों को अपनी अहम व दिलचस्प चुनौतियों के प्रति समर्पित होने में मदद करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, कोपायलट, जो कंप्यूटर प्रोग्रामर के लिए एक ऑनलाइन सेवा गिटहब द्वारा पेश किया गया एक एआई टूल है। जब आप कोड की एक पंक्ति लिखते हैं, तो कोपायलट अगली पंक्ति का सुझाव देता है, जैसा कि टेक्स्ट मैसेज में 'ऑटोकंप्लीट' सुविधा के साथ होता है। इससे कार्यकुशलता बढ़ सकती है और नए विचार उत्पन्न हो सकते हैं। एआई तकनीक का एक और उदाहरण है, जो रेडियोलॉजिस्ट को छवियों को परिष्कृत करके, नियमित कार्यों को स्वचालित करके व संभावित चिकित्सा असामान्यताओं को चिह्नित करके अपना काम बेहतर ढंग से करने में मदद करती है। ये स्वायत्त प्रणालियां नहीं हैं, जो मनुष्यों की जगह लेती हैं, बल्कि ये ऐसे उपकरण हैं, जो चिकित्सा पेशेवरों को उनके काम में बेहतर बनाते हैं।

एक तथ्य यह है कि एआई सिस्टम मानवीय भागीदारी के बिना शायद ही कभी अच्छी तरह से काम करते हैं। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी क्लार्ना ने पिछले वर्ष अपनी ग्राहक सहायता व्यवस्था को स्वचालित करने का दावा किया था, परंतु इस वर्ष उसने अपना निर्णय पलट दिया और पुनः लोगों को काम पर रखना शुरू कर दिया। हाल ही में हुए अध्ययनों से पता चला है, जब एआई अन्य एआई के आउटपुट पर प्रशिक्षण लेता है, तो आउटपुट गुणवत्ता तेजी से गिर सकती है, जिसे मॉडल पतन कहते हैं। गिरावट का जोखिम दोनों तरफ से है-अगर लोगों के पास सार्थक काम न हो, तो वे भी कमजोर हो सकते हैं। बेरोजगारों और उन शहरों के बारे में किए गए कई अध्ययनों से पता चलता है, जहां कारखाने बंद हो गए, वहां मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में बड़ी गिरावट आई है। अर्थशास्त्री डेविड ऑटोर कहते हैं, एआई का सही उपयोग मध्यम वर्ग के पुनर्विकास में मदद कर सकता है, क्योंकि इससे व्यापक श्रेणी के श्रमिकों को सॉफ्टवेयर कोडिंग जैसी विशेषज्ञता तक पहुंच मिल सकती है, जो अभी उच्च-कुशल श्रमिकों के बीच केंद्रित है। यह सब इस पर निर्भर है कि तकनीक को कैसे लागू किया जाता है। वर्ष 1960 में कंप्यूटर वैज्ञानिक जेसीआर लिक्लिडर ने लिखा था कि कंप्यूटिंग का लक्ष्य 'मानव-कंप्यूटर सहजीवन होना चाहिए। यह सही है। कांस्य युग से ही मानवता को बढ़ाना तकनीकी विकास का उद्देश्य रहा है, और यह लक्ष्य तब भी बने रहना चाहिए, जब हम ऐसी तकनीकें विकसित करें, जो मानव बुद्धि की नकल करती हों।

©The New York Times 2025



### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

*यह ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें आप एआई, खासकर बड़े भाषा मॉडल जैसे कि चैटजीपीटी को बेहतर और सटीक प्रतिक्रियाएं देने के लिए सही निर्देश या 'प्रॉम्प्ट' तैयार करते हैं। आप एआई को जितना स्पष्ट और विशिष्ट प्रॉम्प्ट देंगे, वह उतना ही बेहतर परिणाम देगा। उदाहरण के लिए, सिर्फ 'कविता लिखो' कहने के बजाय 'प्यार और प्रकृति पर एक छोटी, चार-पंक्ति की कविता लिखो' कहना प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का बेहतर उदाहरण है। इसका मुख्य उद्देश्य एआई की क्षमताओं का अधिकतम लाभ उठाना और उससे मनचाहा आउटपुट प्राप्त करने में मदद लेना है।*

**बात पते की**

## मानसून में भूल मत जाना
# तालाब योजना अपनाना



**मानसून** की शुरुआत के साथ यूपी सरकार ने खेत तालाब योजना को सक्रिय कर दिया है। खेत पर तालाब निर्माण के लिए 3 जून से आवेदन चालू हैं। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है। 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर इस योजना का लाभ मिल सकता है।

**50% मिलेगी सब्सिडी**

इस योजना के तहत छोटे और मध्यम आकार के तालाबों के निर्माण का प्रावधान है, जिनकी लागत क्रमशः 1.05 लाख रुपये और 2.28 लाख रुपये निर्धारित है। तालाबों के निर्माण पर सरकार 50 फीसदी तक सब्सिडी देती है।

**पात्रता की शर्तें**

केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने बीते 7 वर्षों में उद्यान या कृषि विभाग के माध्यम से खेत में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली लगाई हो और वह वर्तमान में चालू हो। सत्यापन के लिए उद्यान विभाग का त्रिपक्षीय अनुबंध देना होगा।

- वेबसाइट : agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।
- खसरा/खतौनी और निर्धारित घोषणा पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा।
- टोल-फ्री नंबर 1800-180-1551 पर संपर्क कर सकते हैं।

## टीका लगवाएं, खुरपका-मुंहपका से बचाएं



पशुओं में खुरपका और मुंहपका खत्म करने के लिए मुफ्त टीकाकरण शुरू किया गया है। इसका लक्ष्य 2025 तक बीमारी पर नियंत्रण और 2030 तक रोग का उन्मूलन करना है। यह रोग खुर वाले पशुओं- जैसे गाय, भैंस, बकरी और भेड़ में फैलता है।

**टीकाकरण बेहद जरूरी**

- नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें और टीकाकरण कराएं। संवेदनशील पशुओं का हर 6 महीने में टीकाकरण जरूरी है। पशुओं का टीका और कान में टैगिंग बिल्कुल मुफ्त है।
- बीमार पशु को अलग रखें। पशुशाला की सफाई और जैव सुरक्षा पर ध्यान दें।

**फसल मंत्र**

### मक्का की बुआई मेड़ों पर करें किसान

- पूसा संस्थान, नई दिल्ली के कृषि वैज्ञानिकों की ताजा एडवाइजरी में मक्का की बुआई मेड़ों पर करने की सलाह दी गई गई है।
- मक्का की संकर किस्में - एएच-421 व एएच-58 तथा उन्नत किस्में - पूसा कंपोजिट-3, पूसा कंपोजिट-4 के बीज प्रमाणित स्रोत से ही खरीदें। बीज की मात्रा 20 किग्रा/हेक्टेयर रखें।
- पंक्ति से पंक्ति की दूरी 60-75 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 18-25 से.मी. रखें। जल निकास का उचित प्रबंधन रखें।

*मशविरा : मक्का में खरपतवार नियंत्रण के लिए एट्राजिन 1 से 1.5 किलोग्राम/हेक्टेयर 800 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। खरीफ की सभी फसलों में निराई-गुड़ाई करके खरपतवारों का नियंत्रण करें।*

# एसीएबीसी से जीवन बनाएं खुशहाल

**सरकार की एग्री क्लीनिक और एग्री बिजनेस सेंटर (एसीएबीसी) योजना ग्रामीण युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है। खेती-किसानी को फायदे का सौदा बनाने और ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में यह योजना बड़ी भूमिका निभा रही है।**

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय एग्री क्लीनिक और एग्री बिजनेस सेंटर (एसीएबीसी) योजना चला रहा है। गांवों में निजी कृषि विस्तार सेवाओं को बढ़ावा देकर किसानों को विभिन्न प्रकार की कृषि सेवाएं प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। यह योजना एक तरफ युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराती है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी जानकारी और कृषि इन्पुट्स उपलब्ध कराकर खेती-बाड़ी एवं किसानों को भी सशक्त करती है। इस योजना के जरिए कृषि एवं इससे संबंधित विषयों में डिग्रीधारी युवाओं को न केवल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि 20 लाख रुपये तक आसान ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे खुद का एग्री बिजनेस एवं एग्री क्लीनिक केंद्र शुरू कर सकें।

- युवाओं को प्रशिक्षण, सब्सिडी और 20 लाख रुपये तक ऋण सुविधा।
- कृषि क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा और किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं।
- किसानों के लिए फायदेमंद सार्वजनिक कृषि विस्तार प्रणाली की पूरक योजना।



**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन**

एग्री क्लीनिक और एग्री बिजनेस सेंटर योजना में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट acabcmis.gov.in पर जाएं। आवेदन फॉर्म में आवश्यक जानकारी भरें। साथ ही, मांगे गए दस्तावेज निर्धारित फॉर्मेट और साइज में अपलोड करें। सब्मिट बटन पर क्लिक करके आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। आवेदन के लिए, आवेदक का आधार नंबर, ईमेल आईडी, नवीनतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, बैंक खाता विवरण और आवेदक की हाल में खींची गई फोटो की जरूरत होगी।

**युवाओं को आजीविका का अवसर**

एग्री क्लीनिक और एग्री बिजनेस केंद्रों में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक, बीजों का चयन, फसल चक्र, रोग नियंत्रण और बाजार मूल्य की जानकारी मिलती है। ये निजी व्यावसायिक केंद्र हैं, जिनका संचालन करने वाले प्रशिक्षित युवा किसानों को सलाह देते हैं और कृषि से जुड़ी सेवाएं भी प्रदान करते हैं। इससे कृषि सुधार को बढ़ावा मिलता है और युवाओं को आजीविका का अवसर भी मिल रहा है।

**MANAGE संचालित करता है योजना**

एसीएबीसी के तहत युवाओं को कृषि परामर्श, बीज एवं उर्वरक सप्लाई, कीट नियंत्रण, मिट्टी परीक्षण और कृषि यंत्र सेवाओं सहित विभिन्न अत्याधुनिक कृषि सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (MANAGE) यह योजना संचालित करता है। एसीएबीसी योजना के लिए वित्तीय सहायता नाबार्ड के माध्यम से प्रदान की जाती है।

**एसीएबीसी के लिए ये है पात्रता**

मान्यता प्राप्त संस्थानों से कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन जैसे विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा डिप्लोमा धारक युवा इस योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करके एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस केंद्र शुरू कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, नाबार्ड या मैनेज की वेबसाइट देख सकते हैं।

**नई रिसर्च**

## सूरज की रोशनी ऐसे उपयोग करते हैं पौधे

पौधे, शैवाल और कुछ जीवाणु सूर्य का प्रकाश ग्रहण करके ऑक्सीजन और रासायनिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। यह प्रक्रिया प्रकाश संश्लेषण कहलाती है। यही वह प्रक्रिया है, जिसके जरिए पौधे अपना भोजन बनाते हैं। इस



प्रक्रिया में चेन रिएक्शन की शृंखला होती है, जिसमें इलेक्ट्रॉन कई रंगद्रव्य अणुओं में स्थानांतरित होते हैं। इस प्रक्रिया को अब तक समझा नहीं जा सका था। इस गुत्थी को सुलझाने में भारतीय विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं को सफलता मिली है। उन्होंने दिखाया है कि ऊर्जा हस्तांतरण के लिए महत्वपूर्ण प्रारंभिक इलेक्ट्रॉन स्पीड प्रमुख प्रोटीन-पिग्मेंट समूह की एक भुजा में ही क्यों होती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह जानकारी सोलर एनर्जी के उपयोग के नए रास्ते खोल सकती है।

सौर ऊर्जा को रासायनिक ईंधन में परिवर्तित करने के लिए कृत्रिम प्रकाश संश्लेषक प्रणाली डिजाइन करने में ये निष्कर्ष मदद कर सकते हैं। इससे नवीन और टिकाऊ नवीकरणीय ऊर्जा समाधान विकसित कर सकते हैं।

- प्रोफेसर प्रबल के. मैती, भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलूरू

**किचन गार्डन**



## गार्डन में रोजमेरी लगाएं स्वाद के साथ स्वास्थ्य बढ़ाएं

घर को हरियाली से सजाने और खाने में नया स्वाद लाने के लिए किचन गार्डन में रोजमेरी का पौधा उपयोगी है। यह सुगंधित जड़ी-बूटी वाला पौधा है, जिसे जुलाई के महीने में लगा सकते हैं। रोजमेरी का तीखा फ्लेवर सब्जी, ब्रेड, पास्ता, चिकन, और चाय में अनूठा स्वाद लाता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट्स और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण इसे स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बनाते हैं। इसकी पौध या कटिंग नर्सरी से लेकर इसे आसानी से उगा सकते हैं।

- **पौधे को चाहिए धूप** : धूप वाली जगहों पर रोजमेरी का पौधा खूब अच्छे से बढ़ता है। इसीलिए, बालकनी, छत या फिर खिड़की के पास पौधे को रखें, जहां 6-7 घंटे धूप आती हो।

**ऐसे लगाएं पौधा**

रोजमेरी का पौधा नर्सरी से लें, जो हरी पत्तियों वाला हो। पौधा 10-15 सेंटीमीटर लंबा हो। पौधों को गमले या जमीन में लगाने के लिए 30-40 सेंटीमीटर की दूरी पर गड्ढा बनाएं। जड़ पकड़ने में 2-3 सप्ताह का समय लग सकता है।

**रोजमेरी की देखभाल**

- रेतीली और जल-निकासी वाली मिट्टी उपयुक्त होती है। पौधे की जड़ें सड़ने से बचाने के लिए तभी पानी दें, जब मिट्टी सूखने लगे।
- हर 2-3 महीने में जैविक या कम्पोस्ट खाद दें। सूखी टहनियां और पत्तियां समय-समय पर काटकर फेंक दें।
- पौधा आमतौर पर कीट-मुक्त रहता है। अगर एफिड्स या मकड़ी के जाले दिखें तो नीम तेल का हल्का छिड़काव कर सकते हैं।

**नवोन्मेष**

## मिसाल

नाम: नरेंद्र सिंह मेहरा

## नीम, हींग और कपूर से दमदार जैविक खेती

***नैनीताल के किसान नरेंद्र सिंह मेहरा ने रासायनिक खेती के दुष्परिणाम देखकर जैविक खेती को चुना। गोबर, नीम, हींग व कपूर से बने कीटनाशक और जैविक खाद से खेती को समृद्ध किया और दूसरों के लिए प्रेरणा बन गए।***



**नैनीताल**, उत्तराखंड के देवला मल्ला गांव के किसान नरेंद्र सिंह मेहरा ने उच्च शिक्षा प्राप्त की। लेकिन, उनका मन अपने गांव में ही रमा था। वह 1984 में गांव लौटकर खेती करने लगे। रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से मिट्टी की सेहत, उपज और मुनाफे में कमी देखकर उन्होंने पारंपरिक और टिकाऊ खेती अपनाई। इसके जरिए, उनका मकसद जहर-मुक्त खेती को बढ़ावा देना था।

**90% घट गई उत्पादन लागत**

नरेंद्र सिंह मेहरा ने प्राकृतिक खेती अपनाई, गोमूत्र, गोबर और नीम से कीट विकर्षक बनाए, जिससे मिट्टी की उर्वरता और फसल स्वास्थ्य में सुधार हुआ और उत्पादन लागत 90% घटी। उन्होंने देशी बीजों को प्राथमिकता दी, संकर किस्मों को छोड़ा, और अपने तीन हेक्टेयर के खेत को अंतर-फसल, मिट्टी संवर्धन और बीज चयन की प्रयोगशाला बना दिया।

**किसानों को सिखाते हैं जैविक खेती**

वर्ष 2021 में, जैविक खेती की अलख जगाने के संकल्प के साथ उन्होंने पूरे साल उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में जैविक गन्ने की खेती को बढ़ावा दिया। उनके खेतों में पैदा होने वाली जैविक सब्जियों और अनाज की स्थानीय बाजारों में काफी मांग रहती है। ग्राहकों को शुद्ध, रसायन-मुक्त उत्पाद मिल रहे हैं और किसानों व युवाओं में जागरूकता आई है। नरेंद्र सिंह अब खुद किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षित करते हैं और जैविक खाद, जीवामृत जैसे उपायों का उपयोग सिखाते हैं।

**देश**

# छांगुर, करीबियों के 22 खातों से मिले 60 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के सुराग

### दूसरे दिन भी ईडी ने बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण के आरोपी के ठिकाने खंगाले...बुटीक किया सील, विदेशी खातों में लेनदेन के दस्तावेज जब्त

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके करीबियों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों में विदेश से फंडिंग के पुख्ता सुराग मिले हैं।

ईडी के मुताबिक छांगुर और उसके करीबियों के 22 खातों के विश्लेषण के बाद करीब 60 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग होने से जुड़े प्रमाण मिले हैं। इसमें छांगुर, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा की भूमिका सामने आई है। ईडी को छांगुर से जुड़े एक बुटीक से संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सुभाषनगर स्थित आसवी बुटीक कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया गया है। इसी बुटीक में छांगुर सारे अवैध धंधे के कागजात रखता था। ईडी ने बृहस्पतिवार को छांगुर और उसके



छांगुर।



नीतू उर्फ नसरीन

करीबियों के बलरामपुर, मुंबई व लखनऊ के 15 ठिकानों पर छापा मारा था। शुक्रवार दोपहर तक चली जांच में सामने आया कि छांगुर को मिली रकम से यूपी और महाराष्ट्र में कई संपत्तियों को खरीदा गया जिसमें अधिकांश नवीन व नीतू के नाम हैं। छांगुर और उसके करीबियों के ठिकानों की तलाशी में ईडी को विदेशी संस्थाओं से संबंध होने का पता चला है। मुंबई में नवीन रोहरा के करीबी सहयोगी शहजाद शेख के मोबाइल फोन में क्रोएशियाई मुद्रा 'कुना' की तस्वीर मिली है। धर्मांतरण रैकेट में विदेशी मुद्रा की भूमिका की अधिक जानकारी जुटाने




उतरौला में नीतू के शोरूम पर चस्पा किया गया नोटिस। -संवाद

के लिए ईडी शेख के मोबाइल डिवाइस से डेटा का विश्लेषण कर रही है। ईडी को छापों के दौरान छांगुर के अवैध धर्मांतरण के सिंडिकेट से जुड़े दस्तावेज बरामद नहीं हुए। अधिकारियों के मुताबिक एटीएस द्वारा पूर्व में ही सारे दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए गए थे।

### मुंबई और पनामा में भी छांगुर ने खड़ा कर लिया था कारोबार

**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण मामले के आरोपी छांगुर और उसके सहयोगियों के ठिकानों की पड़ताल में ईडी को कई संपत्तियों के सौदे के सबूत मिले हैं। छांगुर ने मुंबई में रनवल ग्रींस नामक एक कॉम्प्लेक्स का सौदा किया था। मध्य अमेरिका स्थित पनामा गणराज्य में लोगोस मरीन कंपनी से जुड़े अभिलेख भी टीम के हाथ लगे हैं, जो छांगुर के करीबी नवीन रोहरा से संबंधित हैं। धर्म परिवर्तन से जुड़े दस्तावेज भी ईडी अपने साथ ले गया। छांगुर की विदेश यात्राओं, विदेशी खातों का विवरण और बैंकों से लेनदेन के अभिलेख भी मिले हैं। साथ ही मुंबई के बड़े बिजनेसमैन नासिर से छांगुर के संबंधों का भी पता चला है। संवाद

### छांगुर के खिलाफ फतवा... ऐसे लोगों का करें बहिष्कार

**बरेली।** छांगुर के खिलाफ सुन्नी बरेलवी उलमा ने जुबानी फतवा जारी किया है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने उसके कृत्य को गैर इस्लामी बताते हुए कहा कि ऐसे लोगों का बहिष्कार किया जाना चाहिए।

## लालू के खिलाफ जारी रहेगा ट्रायल : शीर्ष कोर्ट

### जमीन के बदले नौकरी घोटाला : राजद प्रमुख के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका पर विचार करने से मना कर दिया।



जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने लालू की याचिका पर दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह हाइकोर्ट से सीबीआई मामले को रद्द करने की मांग वाली मुख्य याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करेगी। इसके बाद पीठ ने हाईकोर्ट को मामले का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं, लालू को राहत देते हुए पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में उनकी उपस्थिति को समाप्त किया जा सकता है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 2004-2009 के दौरान बिहार के कई लोगों को नौकरी दी गई क्योंकि उन्होंने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों के नाम कर दी थी। लालू ने 2022 में दर्ज सीबीआई की एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने इसका कोई ठोस कारण नहीं पाया। ब्यूरो

### एनआईए अदालतें स्थापित नहीं किए जाने पर शीर्ष कोर्ट नाराज

# मुकदमे में देरी से आतंकी मामलों में जमानत देना मजबूरी न बन जाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि अगर एनआईए मामलों में शीघ्र सुनवाई के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे वाली विशेष अदालतें स्थापित नहीं की गईं तो अदालतों के पास विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। कोर्ट ने एनआईए अधिनियम के तहत आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए सरकारी अथॉरिटी द्वारा और अधिक विशेष अदालतें स्थापित करने में विफलता पर नाराजगी जताई।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, अगर अथॉरिटी एनआईए अधिनियम के तहत समयबद्ध या शीघ्र सुनवाई के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे वाली विशेष अदालतें स्थापित करने में विफल रहते हैं तो अदालतों के पास विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। पीठ उस मामले पर विचार कर रही थी जिसमें उसने पहले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कानूनों के तहत विशेष मामलों की सुनवाई के लिए समर्पित अदालतों की आवश्यकता पर जोर दिया था। पीठ ने सवाल किया कि ऐसे संदिग्धों को कब तक अनिश्चितकालीन हिरासत में रखा जाए, जब समयबद्ध तरीके से सुनवाई पूरी करने के लिए कोई प्रभावी तंत्र उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ब्यूरो



**प्रभावी कदम नहीं उठाए गए**

पीठ ने पाया कि एनआईए की ओर से जांच किए जा रहे मामलों में विशेष अदालतें स्थापित करके शीघ्र सुनवाई के लिए कोई प्रभावी या प्रत्यक्ष कदम नहीं उठाए गए हैं। पीठ ने कहा, आप विशेष कानूनों के तहत भी मुकदमा चलाना चाहते हैं, फिर भी अभियुक्तों के लिए कोई त्वरित सुनवाई नहीं। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी मौजूदा अदालत को विशेष एनआईए अदालत घोषित करना पर्याप्त नहीं होगा। अंततः न्यायालय ने केंद्र सरकार और महाराष्ट्र राज्य को याचिका पर जवाब देने का एक और अवसर दिया।

- **केंद्र-राज्यों के लिए यह अंतिम मौका...**पीठ ने कहा, यह अंतिम मौका है। यदि भारत सरकार और प्रतिवादी-राज्य सरकार विशेष न्यायालय स्थापित करने में विफल रहते हैं, तो याचिकाकर्ता की जमानत पर रिहाई की प्रार्थना पर अगली तारीख को गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने सरकारी वकील को यूएपीए और मकोका के तहत दर्ज केस की सुनवाई शीघ्रता से निपटाने के लिएअदालतों की स्थापना के मुद्दे पर स्पष्ट निर्देश प्राप्त करने के लिए समय दिया था।

## प. बंगाल : साइबर ठगी मामले में नौ को उम्रकैद

**कल्याणी।** प. बंगाल के नदिया जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह के नौ सदस्यों को उम्रकैद की सजा सुनाई। उन पर एक वैज्ञानिक से करीब एक करोड़ रुपये की उगाही करने का दोष साबित हुआ। दोषियों में चार महाराष्ट्र, तीन हरियाणा और दो गुजरात से हैं। उन्होंने एक सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक से करीब एक करोड़ रुपये ठगे। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस. सरकार ने सभी नौ दोषियों को उम्रकैद की सजा दी।

अदालत ने उन्हें बृहस्पतिवार को बीएनएस और सूचना प्रौद्योगिकी कानून की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। पीड़ित ने पिछले साल 6 नवंबर को कल्याणी के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की थी। पीड़ित ने बताया कि धोखेबाजों ने खुद को अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत कर डिजिटल अरेस्ट के जरिये उनसे विभिन्न बैंक खातों में करीब एक करोड़ रुपये ट्रांसफर करवाए। ब्यूरो

## सरकार मानसून सत्र में हर मुद्दे पर बात करने को तैयार : रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले कहा कि सरकार प्रक्रिया के नियमों के अनुसार हर जरूरी मुद्दे पर बात करने को तैयार है। उन्होंने विपक्ष पर सारी जगह घेरने की जिद करके संसद को हाईजैक करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान की जुबान बोल रहे हैं। काश वह संसद में मुद्दे उठाते समय कम से कम हमारे नेता की बराबरी करने के लिए अधिक परिपक्व और अधिक बौद्धिक होते।



कहा-राहुल ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान की जुबान बोल रहे

रिजिजू ने कहा, सरकार के पास 21 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के लिए पर्याप्त विधायी कार्य हैं। पहले, सत्र 12 अगस्त को समाप्त होना था, लेकिन सरकार ने इसे लंबा करने का विकल्प चुना। रिजिजू ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का समर्थन किया था, लेकिन बाद में संघर्ष पर पाकिस्तानी बयान दोहराना शुरू कर दिया। अगर हमारे विपक्ष के नेता हमारे दुश्मन देश को शह दे रहे हैं, जिससे हमारे राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंच रहा है, तो हम इसे कैसे लें? आंतरिक रूप से, हमारे बीच हर तरह की असहमति हो सकती है, क्योंकि लोकतंत्र का यही स्वभाव है। लेकिन बाहर आप दूसरे देश की बात प्रसारित कर रहे हैं। एजेंसी

## भारत में निर्मित पहली सेमीकंडक्टर चिप इसी साल लॉन्च होगी : वैष्णव

**हैदराबाद।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि देश की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप इसी साल लॉन्च की जाएगी। उन्होंने केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर देशों में से एक बनने जा रहा है। आज कुछ सबसे जटिल चिप हैदराबाद, बंगलूरू, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई जैसे शहरों में डिजाइन किए जाते हैं। उन्होंने कहा, अब हम सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्रों को मंजूरी दे दी है। उनका निर्माण चल रहा है। इस साल तक हमारे पास पहली मेड इन इंडिया चिप होगी। एजेंसी



## 2008 से चल रहे 11 हजार रुपये का मुकदमा, हाईकोर्ट ने कहा- इससे ज्यादा तो वकीलों की फीस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर मध्य रेलवे, सूबेदारगंज, प्रयागराज की ओर से राज्य उपभोक्ता आयोग के 11 हजार रुपये के मुआवजे और वाद खर्च के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आश्चर्य व्यक्त किया है। कहा कि वकीलों की फीस और अन्य खर्च मुआवजे की राशि से कहीं अधिक है। कोर्ट ने नई दिल्ली स्थित रेलवे की लीगल सेल के वरिष्ठ अधिकारी से व्यक्तिगत हलफनामा और खर्च का ब्योरा मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि क्यों न उस अधिकारी से खर्च की वसूली की जाए जिसकी सलाह पर यह याचिका दायर की गई है।



दिल्ली स्थित रेलवे की लीगल सेल के वरिष्ठ अधिकारी से खर्च का ब्योरा मांगा

न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने भारत संघ बनाम विजय कुमार मालवीय की याचिका पर सुनवाई के दौरान हैरानी जताई। दरअसल, मामला 2008 से चल रहा है। विपक्षी वादी ने ट्रेन लेट होने से माल की आपूर्ति में हुए नुकसान के लिए जिला उपभोक्ता फोरम में वाद दायर किया था। फोरम ने 25 हजार रुपये मुआवजा और दो हजार रुपये वाद खर्च का आदेश दिया। इसे बाद में राज्य आयोग ने 10 हजार रुपये मुआवजा और एक हजार खर्च कर दिया। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने रेलवे की पुनरीक्षण अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद रेलवे ने हाईकोर्ट का रुख किया। संवाद

## निमिषा प्रिया की सजा पर रोक, वापस लाने के प्रयास : केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि यमन में केरल की नर्स निमिषा प्रिया की हत्या के मामले में मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। उसे वापस स्वदेश लाने के प्रयास जारी हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि सरकार चाहती है कि वह सुरक्षित वापस आ जाए।

- अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें यमन में मौत की सजा का सामना कर रही 38 वर्षीय प्रिया को बचाने के लिए केंद्र को राजनयिक माध्यमों का इस्तेमाल करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। यह याचिका सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने दायर है। पीठ ने कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। याचिकाकर्ता संगठन के वकील ने कहा कि उन्हें पहले क्षमादान प्राप्त करना होगा और फिर ब्लड मनी का मुद्दा आएगा। पहले मौत की सजा की तिथि 16 जुलाई को तय की गई थी। ब्यूरो

## जमानत पर विचार के लिए आरोपियों से अपराधों का रिकॉर्ड मांगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी हाईकोर्ट को आरोपियों को जमानत याचिकाओं में उनकी आपराधिक पृष्टभूमि का खुलासा करने का निर्देश देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट को इसे अपने नियमों शामिल करने पर विचार करने को भी कहा। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से एक न्यायिक अधिकारी के खिलाफ लगाई गई कड़ी टिप्पणियों को हटाते हुए पारित किया, जिन्होंने हत्या के प्रयास के एक मामले में एक आरोपी को जमानत दे दी थी। पीठ हाईकोर्ट की टिप्पणी को हटाने के लिए न्यायिक अधिकारी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने आगे कहा, हमारा मानना है कि देश के प्रत्येक हाईकोर्ट को अपने-अपने न्यायालयों के नियमों और आपराधिक पक्ष के नियमों में इसी प्रकार का प्रावधान शामिल करने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इससे अभियुक्त पर यह दायित्व आ जाएगा कि वह पूर्व में पंजीकृत किसी अन्य आपराधिक मामले में अपनी संलिप्तता के बारे में खुलासा करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि जमानत आवेदनों पर विचार करते समय अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को ध्यान में रखना देश भर की अदालतों के लिए चिंता का विषय है। एजेंसी

# एजुकेशन & कॅरिअर

सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन फैसले लेना भी आसान हो जाता है।

अमर उजाला **Job Alert**
Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

## केंद्रीय चयन पर्षद, बिहार सरकार

चालक सिपाही के पदों पर करें आवेदन



**4361 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 20 अगस्त, 2025
आयु-सीमा : न्यूनतम 20 वर्ष व अधिकतम 25 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : csbc.bihar.gov.in

### एम्स, पटना में रोजगार के अवसर ■ 152 पद

सीनियर रेजिडेंट के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि
30 जुलाई, 2025
पात्रताएं
एमडी, एमएस, डीएनबी व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
aiimspatna.edu.in

### टीएमसी में आवेदन आमंत्रित ■ 106 पद

कंसल्टेंट, साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि
08 अगस्त, 2025
आयु-सीमा
न्यूनतम 27 वर्ष व अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
tmc.gov.in

### सीसीआरएएस में निकली भर्ती ■ 394 पद

रिसर्च ऑफिसर, स्टाफ नर्स व अन्य पदों पर रोजगार के अवसर
आवेदन की अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2025
पात्रताएं : बीएससी, एमएससी व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : ccras.nic.in

### हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में मौके ■ 47 पद

मैनेजर, डिप्टी प्रोजेक्ट ऑफिसर व अन्य पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
09 अगस्त, 2025
वेतनमान
पदानुसार रुपये 60,000 से लेकर रुपये 1,80,000 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें
hslvizag.in

### राष्ट्रीय जल अभिकरण में अवसर ■ 13 पद

अधीक्षण अभियंता व अन्य पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि
29 जुलाई, 2025
वेतनमान
रुपये 67,700 से लेकर रुपये 2,09,200 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
nwda.gov.in

### यहां भी रोजगार के अवसर...

- ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, हरियाणा : तकनीकी सहायक का पद खाली।
  वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 25 जुलाई, 2025
  ■ thsti.in
- मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल : प्रोजेक्ट फेलो का पद रिक्त।
  वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 01 अगस्त, 2025
  ■ manit.ac.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# बदलाव की कमान जब आपके हाथ में हो

*किसी असफल लीडर के बाद नेतृत्व की बागडोर अपने हाथों में लेना आसान नहीं, लेकिन यही वक्त होता है अपनी काबिलियत दिखाने का*



**डार्सी आइकेनबर्ग**
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

**हो** सकता है, कभी-कभी आपके साथ ऐसा हो कि आपको किसी ऐसे ओहदे पर तैनाती दे दी जाए या फिर कोई ऐसा प्रोजेक्ट दे दिया जाए, जिसमें आपसे पहले के लीडर असफल हो गए हों। बेशक यह काफी चुनौतीपूर्ण स्थिति होती है, लेकिन इसमें ही आपके लिए खुद को बेहतर पेशेवर साबित करने का मौका भी छिपा होता है। ऐसे में, पारंपरिक नेतृत्व शैली से हटकर एक अलग, स्पष्ट व निर्णायक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो जाता है, क्योंकि किसी असफल लीडर की जगह लेना आसान नहीं होता। कुछ तरीके अपनाकर आप ऐसे वक्त में अपनी काबिलियत साबित कर सकते हैं।

Harvard Business Review

■ **स्थिर सोच और स्पष्ट दृष्टिकोण**

जब आप एक असफल लीडर की जगह लेते हैं, तो यह स्वाभाविक है कि परिस्थितियां आपको उम्मीद से ज्यादा खराब मिलें। आपके सामने व्यावसायिक, सांस्कृतिक और संचालन संबंधी कई गहरी तथा अप्रत्याशित समस्याएं आ सकती हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक दृढ़ता, आत्मविश्वास और धैर्य बेहद जरूरी है। खुद को इस वास्तविकता के लिए तैयार करें कि रचनात्मक बदलाव की राह में आपको कई अप्रत्याशित पहलुओं से दो-चार होना पड़ेगा। स्थिर सोच और स्पष्ट दृष्टिकोण से आपको इन परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़े रहने में मदद मिलेगी।

■ **समस्या की व्यापक तस्वीर को समझें**

नेतृत्व संभालते ही आपकी प्राथमिकता मौजूदा चुनौतियों की समग्र और वास्तविक स्थिति को स्पष्ट रूप से समझने की होनी चाहिए। किन वजहों से पिछला नेतृत्व सफल नहीं रहा?, क्या यह कमी संवाद में थी या रणनीति में?, मौजूदा टीम में क्या बदलाव जरूरी हैं? और क्या आप एक छोटी और प्रभावी शुरुआत कर सकते हैं?, जैसे कुछ सवालों के जवाब तलाश करके आप ऐसा कर सकते हैं।

■ **निर्णायक बनिए, जिम्मेदारी लीजिए**

यह एक ऐसा मौका होता है, जब आपको केवल दिशा-निर्देश देना नहीं होता, बल्कि खुद को भी सक्रिय रूप से हर काम में शामिल करना होता है। यही वह क्षण होता है, जब आप अपने अनुभव, निर्णय क्षमता और व्यक्तिगत भागीदारी से बदलाव की नींव रख सकते हैं। दूसरों पर निर्भर होने की जगह खुद आगे बढ़कर कार्यों को संभालिए, ताकि दिशा और परिणाम, दोनों पर आपकी मजबूत पकड़ बन सके।



■ **विश्वास बनाइए, दोष मत दीजिए**

जब कोई नया नेतृत्व आता है, तो टीम के सदस्यों में अनिश्चितता और भय का माहौल बन जाता है। वे सोचते हैं कि अब आगे क्या होगा? क्या स्थितियां संभाली जा सकती हैं? ऐसे में, पारदर्शिता के साथ स्थिति की सच्चाई से उन्हें अवगत कराएं। अपने पूर्ववर्ती को दोष न दें, बल्कि टीम के भरोसे को मजबूती दें।

## खुद को परखें

1. किस देश ने संचार उपग्रह ड्रोर-1 प्रक्षेपित किया है?
   (a) चीन (b) इस्राइल
   (c) फ्रांस (d) जर्मनी
2. किस राज्य सरकार ने 'माई डीड' राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) पायलट परियोजना शुरू की है?
   (a) हिमाचल प्रदेश
   (b) उत्तराखंड
   (c) मध्य प्रदेश
   (d) उत्तर प्रदेश
3. भारत के पहले जल प्रौद्योगिकी पार्क 'एक्वा टेक पार्क' का उद्घाटन कहां पर हुआ?
   (a) ओडिशा (b) सिक्किम
   (c) असम (d) कर्नाटक

उत्तर : *1.b, 2.a, 3.c*

**आवेदन आमंत्रित**

## स्वतंत्रता दिवस के लिए खास प्रतियोगिता

रक्षा मंत्रालय व माईजीओवी के सहयोग से 'राउज ऑन आत्मनिर्भर इनोवेशन इन नेशनल सिक्योरिटी' नाम से एक ऑनलाइन क्विज सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश भर के युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। प्रतियोगिता के लिए तीन विषय (नए भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका, भारत रणभूमि–'भारत की सीमाएं' तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार के उदय) निर्धारित किए गए हैं। क्विज की भाषा हिंदी और अंग्रेजी, दोनों होगी। इसमें प्रतिभागियों को पांच मिनट में अधिकतम 20 सवालों के जवाब देने होंगे। पहला, दूसरा, तीसरा व सांत्वना पुरस्कार जीतने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 25,000 रुपये, 15,000 रुपये, 10,000 रुपये व 5,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। क्विज में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक आधिकारिक लिंक tinyurl.com/yfb5ukrk पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से 31 जुलाई, 2025 तक इस क्विज में शामिल हो सकते हैं।

MINISTRY OF DEFENCE

**भारत सरकार की पहल**

## राष्ट्रीय डिजाइन बिजनेस इन्क्यूबेटर प्रोग्राम

**राष्ट्रीय** डिजाइन बिजनेस इन्क्यूबेटर (एनडीबीआई) प्रोग्राम एक ऐसा कार्यक्रम है, जो नवाचार, डिजाइन आधारित स्टार्टअप और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) द्वारा शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य तकनीक और व्यवसाय के नए-नए विचारों को व्यावसायिक रूप से सफल स्टार्टअप में बदलना है। कोई भी स्टार्टअप, जो भारत सरकार के अनुसार स्टार्टअप के रूप में अर्हता रखता है, इसमें आवेदन करने के लिए पात्र है। हालांकि, उसकी स्थापना की तिथि दस वर्ष से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए। यह प्रोग्राम 18 महीने का है। इच्छुक स्टार्टअप अन्य पात्रताओं की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक ndbiindia.org/apply.html पर जाकर 31 जुलाई, 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**एग्जाम अलर्ट** हफ्ते की परीक्षाएं

### बिहार बीएसपीएचसीएल सीसी/स्टोर सहायक परीक्षा

- परीक्षा की तिथि :
  23 जुलाई, 2025
- इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान, तार्किक तर्क आदि विषयों से 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। इस परीक्षा की समयावधि एक घंटे और तीस मिनट निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें**
  bsphcl.co.in

### एसएससी सेलेक्शन पोस्ट XII भर्ती परीक्षा-2025

- परीक्षा की तिथि :
  24 जुलाई से 01 अगस्त, 2025
- इस कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सामान्य बुद्धि, सामान्य जागरूकता, मात्रात्मक योग्यता और अंग्रेजी भाषा से 200 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक काटे जाएंगे। परीक्षा की अवधि एक घंटे तय की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें**
  ssc.gov.in

**सामान्य ज्ञान**

## सदी का ग्रहण



■ **सुर्खियों में क्यों**
दो अगस्त, 2027 को ऐतिहासिक पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने को मिलेगा। इसे महान उत्तरी अफ्रीकी ग्रहण या सदी का ग्रहण भी कहा जा रहा है।

■ **सूर्य ग्रहण का कारण**
जब चंद्रमा सूर्य व पृथ्वी के बीच से गुजरता है, तो पृथ्वी पर एक ऐसी छाया पड़ती है जो कुछ क्षेत्रों में सूरज की रोशनी को पूरी तरह या आंशिक रूप से रोक देती है।

■ **ऐतिहासिक क्यों**
इस दिन दुनिया का अधिकतर हिस्सा लगभग छह मिनट 23 सेकंड के लिए अंधेरे में डूब जाएगा।

■ **पहली बार कब**
इससे पहले इतिहास का सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण 743 ईसा पूर्व में हुआ था, जब सात मिनट 28 सेकंड के लिए सब कुछ अंधकारमय हो गया था। अगली बार यह घटना 2114 में देखने को मिलेगी।

■ **इसके पीछे का राज**
इस वक्त पृथ्वी सूरज से सबसे दूर और चंद्रमा धरती के सबसे पास होगा। इससे चांद बड़ा व सूर्य छोटा दिखाई देगा, जिससे ग्रहण में अंधेरा ज्यादा समय तक रहेगा।

## पहचान

**शख्स : सी सदानंदन मास्टर**

■ **चर्चा :** राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए किया मनोनीत।
**क्यों :** कम्युनिस्टों ने काट दिए थे दोनों पैर, पर नहीं छोड़ा शिक्षा और संघ का साथ।


# जीवित शहीद

**वामपंथी विचारधारा रास नहीं आई, तो आरएसएस से जुड़ गए। जानलेवा हमला हुआ और हमलावरों ने उनके दोनों पैर काट दिए, लेकिन उन्होंने स्कूल में पढ़ाना नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री मोदी तक जिनकी प्रशंसा कर चुके हैं और अदालत जिन्हें करिश्माई नेता बता चुकी है, उन सदानंदन मास्टर का जीवट ही है, जिसकी वजह से सहयोगी उन्हें जीवित शहीद कहते हैं।**

**व**ह 25 जनवरी, 1994 की रात थी। पूरा देश लोकतंत्र के पर्व यानी गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा था। रात के करीब 8:30 बजे थे, तभी कट्टरपंथियों का दल लोकतंत्र के हिमायती एक तीस वर्षीय शिक्षक पर काल बनकर टूट पड़ा। हमलावरों ने पहले बम फोड़े, फिर उनके दोनों पैर काट डाले, ताकि वह लोगों को लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा न दे सकें। दरअसल, सीपीआई-एम की छात्र इकाई स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का साथ छोड़कर उन्होंने जैसे ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके आनुषंगिक संगठनों से अपना नाता जोड़ा, वैसे ही वह अपने पुराने वामपंथी साथियों के लिए जानी दुश्मन बन गए। यह तो उनका जीवट ही था कि सीपीआई-एम (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सिस्ट) से जुड़े हमलावरों से वह बच गए और आज भी कृत्रिम पैरों के सहारे समाज को जोड़ने की अलख जगा रहे हैं। वह शिक्षक हैं सी सदानंदन मास्टर, जिन्हें हाल ही में राष्ट्रपति ने समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है।

### शिक्षा और शुरुआत

सी सदानंदन मास्टर का जन्म केरल के कन्नूर जिले के पेरिंचेरी गांव में 1964 में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मत्तनूर के शिवपुरम हायर सेकंडरी स्कूल से हासिल की। इसके बाद कन्नूर यूनिवर्सिटी से संबद्ध पजासी राजा एनएसएस कॉलेज से प्री-डिग्री कोर्स किया और सेंट मैरी कॉलेज, कुतुपरंबा से स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने गौहाटी यूनिवर्सिटी से बीकॉम और कालीकट यूनिवर्सिटी से बीएड की डिग्री हासिल की। इसके बाद त्रिसूर जिले के हाईस्कूल में बतौर शिक्षक उनकी नौकरी लग गई। उन्होंने श्रीदुर्गा विलासम हायर सेकंडरी स्कूल में सोशल साइंस पढ़ाया। वह वर्ष 2020 में सेवानिवृत्त हुए।



### वामपंथ से मोहभंग

**सदानंदन मास्टर** जहां रहते और पढ़ते थे, वह वामपंथ का गढ़ था। उनके पिता कुंजीरामन समेत पूरा परिवार वामपंथ का समर्थक था, इसी वजह से वह भी पढ़ाई के दौरान एसएफआई के साथ जुड़ गए, लेकिन उन्हें वामपंथ की राह पसंद नहीं थी और 1984 में वह संघ के आनुषंगिक छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल हो गए। बाद में वह सीधे संघ से जुड़ गए और एर्नाकुलम में बौद्धिक प्रमुख बनाए गए। विभिन्न दायित्वों को निभाते हुए अखिल भारतीय स्तर पर संघ के कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ती गई और स्कूल में पढ़ाने के साथ ही वह केरल में संघ के कामों को बढ़ाने लगे।

### प्रधानमंत्री ने की तारीफ

**सदानंदन** मास्टर आरएसएस में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कई जिम्मेदारियां निभाने के बाद भाजपा से जुड़ गए। वह 2016 और 2021 में भाजपा के टिकट पर कुतुपरंबा क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़े। हालांकि, वह हार गए। 2016 में उनके समर्थन में प्रचार करने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे और उनका हाथ पकड़कर उन्हें साहस और अन्याय के आगे न झुकने की प्रतिमूर्ति बताया था। राज्यसभा सदस्य मनोनीत होने पर प्रधानमंत्री ने उनके लिए लिखा, 'हिंसा और धमकी उनके हौसले को नहीं डिगा सकी।'

### अदालत ने कहा-करिश्माई नेता

**सी सदानंदन** पर हुए हमले की घटना में 12 लोगों को पुलिस ने आरोपी बनाया था। इनमें से आठ लोगों को जान से मारने के प्रयास के अपराध में सजा हुई। केरल उच्च न्यायालय ने कहा कि अभियुक्तों के साथ-साथ मार्क्सवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी पार्टी छोड़ने के बाद से उनके प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया अपना रहे थे। ट्रायल कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, 'सदानंदन एक करिश्माई और कुशल नेता के रूप में इलाके में अपनी पहचान बना रहे थे और उनके प्रयासों से क्षेत्र में उनके संगठन को अपनी जड़ों को फैलाने व मजबूत करने में मदद मिली, जिसे प्रतिद्वंद्वी पार्टी स्वीकार नहीं कर सकी।'

### पढ़ाना नहीं छोड़ा

*भारतीय जनता पार्टी और संघ कार्यकर्ता सी सदानंदन मास्टर को 'जीवित शहीद' तक कहते हैं। सदानंदन पर हमले के बाद उसी वर्ष कन्नूर में केवी सुधीश नाम के एक और पूर्व एसएफआई कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई थी। इस पर सदानंदन ने कहा था, 'यदि मैंने पैर नहीं खोए होते, तो सुधीश की मौत नहीं हुई होती।' सदानंदन पर जानलेवा हमला होने के बाद भी उन्हें कई धमकियां मिलती रहीं, लेकिन उन्होंने अपने साहस और धैर्य का परिचय देते हुए सेवानिवृत्त होने तक न तो पढ़ाना छोड़ा और न ही आरएसएस का काम करने से पीछे हटे।*

### पत्नी भी शिक्षिका

**सदानंदन** मास्टर की पत्नी वनिता रानी भी एक शिक्षिका हैं। उनकी बेटी यमुना भारती बीटेक की पढ़ाई कर रही है। सदानंदन राज्यसभा सदस्य मनोनीत होने से पहले केरल की भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष बनाए गए थे। राज्यसभा सदस्य बनाए जाने पर केरल के कुछ कम्युनिस्ट नेताओं ने कहा कि इससे भाजपा को राज्य में कुछ हासिल नहीं होगा। सदानंदन कहते हैं कि वह केरल में हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि एनसीआरबी 2022 के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड और बिहार के बाद केरल में सबसे ज्यादा राजनीतिक हत्याएं हुई हैं।

## आज का दिन

19 जुलाई, 1969



तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। इसका दूसरा दौर 1980 में शुरू हुआ, जिसके तहत सात और बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था।

- **1848 :** न्यूयॉर्क के सिनिका फॉल्स में पहले महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन हुआ था।
- **1900 :** फ्रांस की राजधानी पेरिस में पहली मेट्रो रेल चली थी।
- **1974 :** उधम सिंह की अस्थियों को लंदन से दिल्ली लाया गया था।
- **2003 :** यूरी माले थांको अंतरिक्ष में शादी रचाने वाले पहले व्यक्ति बने थे।

### व्रत त्योहार

**आज :** श्रावण कृष्ण पक्ष नवमी।
**कल :** वर्षा ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** सायं 16.30 से 18.00 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी संवत 2082**, 29 आषाढ़ मास शक 1947, श्रावण मास 05 प्रविष्टे, 24 मुहर्रम हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी 12.12 तक उपरांत एकादशी, कृतिका नक्षत्र 22.52 तक उपरांत रोहिणी नक्षत्र, गंड योग 21.47 तक उपरांत वृद्धि योग, विष्टि (भद्रा) करण 12.12 तक उपरांत बव करण, चंद्रमा वृष राशि में 06.11 बजे।

■ सूर्योदय : 05.40
■ सूर्यास्त : 19.15
(भारतीय मानक समयानुसार)

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** जनहित कार्यों में रुचि रहेगी। शुभ समाचार मिलेगा। व्यापारिक लाभ बढ़ेगा। परिवार में आनंद रहेगा।

**वृष :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक दबाव बना रहेगा। कार्य में अवरोध आएंगे। व्यवसाय में कम लाभ होगा।

**मिथुन :** पूर्वनियोजित कार्य में व्यस्त रहेंगे। डूबे धन का कुछ अंश मिल सकता है। मित्र का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नए कार्य का प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ होगा।

**सिंह :** आत्मबल बनाए रखें। विरोधी परास्त होंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। धर्म में आस्था रहेगी। ऋण कम होगा।

**कन्या :** मानसिक उहा पोह की स्थिति बनी रहेगी। रिश्तेदारों से मतभेद रहेंगे। कार्यक्षेत्र में परेशानी संभव है।

**तुला :** किसी परेशानी से मुक्ति मिलेगी। विकास के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में यथेष्ट लाभ होगा।

**वृश्चिक :** राजनैतिक क्षेत्र में रुचि रहेगी। विरोधी परास्त होंगे। कार्य विशेष की पूर्ति होगी। व्यापार में लाभ होगा।

**धनु :** अनजानी आशंका बनी रहेगी। साझेदारी में मनमुटाव संभव है। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। यात्रा संभव है।

**मकर :** चली आ रही निराशा से मुक्ति मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। समाज में सम्मान बना रहेगा।

**कुंभ :** अध्ययन में अरुचि रहेगी। कैरिअर संबंधी समस्या में उलझे रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार और धन लाभ होगा।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। स्वजनों से मनमुटाव होगा। पूर्व नियोजित कार्य अधूरे रहेंगे। अजनबी पर भरोसा से बचें।

## जन्मदिन

**श्रीजिता डे, अभिनेत्री**



**इस** वर्ष व्यवहार कुशलता का लाभ मिलेगा। व्यक्तिगत संबंध उन्नति में सहायक रहेंगे। अटकी योजनाओं में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से वर्ष महत्वपूर्ण रहेगा। विरोधी शांत रहेंगे। विदेश यात्रा का अवसर मिल सकता है। यह वर्ष आपके जीवन का स्मरणीय वर्ष रहेगा। आरोग्य सुख उत्तम रहेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 8 | 7 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 4 | 8 | | 1 | | | | 9 |
| 1 | | | 6 | | | 4 | | |
| 7 | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | | 3 | | | 9 | | | 7 |
| 5 | | | | 4 | | 2 | 1 | |
| 8 | | | | | | | | |
| | | | 3 | 9 | 6 | | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

**उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 6 |
| 3 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### प्रोटीन कब लें व्यायाम से पहले या बाद?

*सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम के साथ प्रोटीन भी जरूरी है, लेकिन इसका सेवन कब करें? व्यायाम से पहले या बाद में।*

**तंदुरुस्त** शरीर हर किसी की चाहत होती है और इसके लिए कई तरह के व्यायाम और जिम का सहारा भी लिया जाता है। व्यायाम करने के दौरान काफी ऊर्जा खर्च होती है, इसके लिए प्रोटीन का सेवन करने की सलाह दी जाती है। लेकिन अधिकतर लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि प्रोटीन का सेवन वर्कआउट से पहले करना चाहिए या बाद में? व्यायाम के बाद प्रोटीन का सेवन मांसपेशियों की रिकवरी और विकास के लिए महत्वपूर्ण है, जबकि व्यायाम से पहले भी प्रोटीन का सेवन फायदेमंद हो सकता है। व्यायाम के बाद मांसपेशियों को प्रोटीन की आवश्यकता होती है ताकि वे रिपेयर हो सकें और मजबूत हो सकें और व्यायाम से पहले प्रोटीन लेने से मांसपेशियों को ईंधन मिल सकता है और प्रदर्शन में सुधार हो सकता है। फिटनेस एक्सपर्ट के अनुसार, एक इन्सान को व्यायाम से लगभग 30-60 मिनट पहले 15-20 ग्राम प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। यह मांसपेशियों को कसरत के दौरान ऊर्जा प्रदान करता है। प्रोटीन का सेवन व्यायाम के बाद भी किया जा सकता है। ऐसा करने से मांसपेशियों में हुई टूट-फूट की मरम्मत और विकास में मदद मिलती है।



**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

**व्यायाम के साथ प्रोटीन लेना जरूरी है। यह एमीनो एसिड प्रदान करता है, जो मांसपेशियों की मरम्मत की प्रक्रिया को तेज करता है। प्रोटीन का सही समय पर सेवन शरीर को मजबूत बनाता है।** -डॉ. अमित अग्रवाल, फिटनेस एक्सपर्ट

न्यूज डायरी

## अमरनाथ यात्रा के दोनों मार्ग बहाल 16,858 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**श्रीनगर/जम्मू।** एक दिन स्थगित रहने के बाद अमरनाथ यात्रा शुक्रवार को फिर बहाल हो गई। पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से तीर्थयात्रियों को पवित्र गुफा की ओर रवाना किया गया। इसी बीच, जम्मू के भगवतीनगर आधार शिविर से 7,908 श्रद्धालुओं का 16वां जत्था भी रवाना हुआ जो शाम को यात्रा मार्गों के आधार शिविर पहुंच गया। इस बीच, शुक्रवार को 16,858 और श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। इन्हें मिलाकर अब तक कुल 2,73,091 भक्त पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। ब्यूरो

## बीएसएफ ने बरामद की सीमा पार से आए 6 ड्रोन व हेरोइन



**अमृतसर।** सीमा के उस पार से बृहस्पतिवार देर रात पाकिस्तानी तस्करों की ओर से ड्रोन के जरिये हेरोइन भेजी गई। सीमा पर हलचल होने पर बीएसएफ के जवान सक्रिय हो गए और ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान सर्च अभियान चलाकर बीएसएफ ने खेतों से कुल छह ड्रोन और दो किलो 340 ग्राम हेरोइन बरामद की। बीएसएफ के अधिकारी ने बताया कि वीरवार रात को गांव और धोने कलां और पुल मोरा में कंटीली तारों के पास कुछ ड्रोन जैसी मूवमेंट होती देखी गई। इसके बाद जवान तुरंत अलर्ट हो गए और कार्रवाई करते हुए ड्रोन को मार गिराया। ब्यूरो

## सोपोर में अलगाववादी नेता के घर छापा, आपत्तिजनक सामग्री जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को अलगाववादी-आतंकवादी तंत्र के खात्मे के अभियान के तहत उत्तरी कश्मीर के सोपोर में प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन मुस्लिम लीग के एक नेता के घर छापा मारा। पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन का साहित्य, प्रचार सामग्री और कुछ अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, अलगाववादी नेता क्रालटेंग निवासी इरफान अहमद अंतू के घर को खंगाला गया। वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए भी काम करता है। उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज है। ब्यूरो

## ओडिशा : निजी कॉलेज में लगी आग, 65 लोगों को बचाया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को आग लग गई। वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद्र माझी ने बताया कि आग से कई छात्रों सहित 60 से अधिक लोगों को अग्निशमन कर्मियों ने बचा लिया। हादसा कॉलेज के ऑडिटोरियम की दूसरी मंजिल में प्रशिक्षण सत्र के दौरान हुआ। अग्निशमन दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बहुमंजिला इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकाला। माझी ने कहा, आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। एजेंसी

## तेलंगाना फार्मा संयंत्र विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा संयंत्र में हुए विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की मौत के बाद मृतकों की संख्या 46 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज से शुक्रवार को मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे में घायल आठ लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। आठ लोग अभी भी लापता हैं। जिला प्रशासन ने लापता लोगों के बारे में आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को एक रिपोर्ट पहले ही भेज दी है। एजेंसी

## हिमाचल सरकार पेड़ों की कटाई के खिलाफ जाएगी सुप्रीम कोर्ट

**शिमला।** हिमाचल सरकार सेब से लदे पेड़ों को काटने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। पेड़ कटान से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के तर्क के साथ याचिका दायर की जाएगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को महाधिवक्ता और वन विभाग को अगले सप्ताह याचिका दायर करने के निर्देश दिए। दरअसल, हाईकोर्ट ने अपने फैसले में वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है। सरकार सुप्रीम कोर्ट में तर्क देगी कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से हिमाचल के नाजुक पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ब्यूरो

# ऑटो क्षेत्र पर कर राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत, संरक्षणवाद नहीं : अमेरिका

### विश्व व्यापार संगठन में भारत के दावे का किया विरोध

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के इस दावे को खारिज कर दिया है कि ऑटो और ऑटो पाट्र्स पर अमेरिकी टैरिफ विश्व व्यापार संगठन के नियमों के तहत संरक्षणवादी उपाय हैं। अमेरिका ने कहा कि ये कर राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए हैं इसलिए भारत के पास इस मामले में जवाबी शुल्क लगाने का कोई आधार नहीं है।



भारत ने डब्ल्यूटीओ से कहा है कि वह ऑटो और ऑटो पाट्र्स पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के मामले में जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भारत ने डब्ल्यूटीओ के सामने दावा किया है कि अमेरिका ने जो टैरिफ लगाया है ये संरक्षणवादी उपाय है जिनसे उसके घरेलू उद्योग को नुकसान पहुच रहा है। भारत के इस दावे के जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन वस्तुओं के आयात को समायोजित करने के लिए टैरिफ लगाए हैं क्योंकि इनसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। विश्व व्यापार संगठन की ओर से 17 जुलाई को जारी एक संचार में अमेरिका के हवाले से कहा गया है, ये कदम... संरक्षणवाद नहीं है। इसलिए इन उपायों के संबंध में सुरक्षा उपायों पर समझौते के तहत रियायतों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का कोई आधार नहीं है। अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाया कि उसने डब्ल्यूटीओ के संरक्षणवादी उपायों पर समझौते के तहत तय दायित्वों का पालन नहीं किया है। उसने कहा, अमेरिका समझौते के तहत धारा 232 के टैरिफ पर चर्चा नहीं करेगा क्योंकि हम टैरिफ को संरक्षणवादी उपाय नहीं मानते हैं। ब्यूरो

### यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों पर भारत ने कहा, दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली।** भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से रूस, खासकर उसके ऊर्ज व्यापार पर नए प्रतिबंधों की घोषणा को लेकर कहा कि वह ऐसे किसी भी एकतरफा प्रतिबंध का समर्थन नहीं करता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने यूरोपीय संघ की ओर से घोषित नए प्रतिबंधों को देखा है। भारत एक जिम्मेदार देश है और अपने कानूनी दायित्वों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, भारत सरकार अपने नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा के प्रावधान को सर्वोपरि मानती है। हम इस बात पर जोर देंगे कि जब ऊर्जा व्यापार की बात हो रही हो तो कोई दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए। ईयू ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को लेकर रूस पर लक्षित प्रतिबंधों के एक नए पैकेज की घोषणा की है। इसमें भारत की वाडिनार रिफाइनरी का भी नाम शामिल है, जिसमें रूसी ऊर्जा कंपनी रोसनेफ्ट की बड़ी हिस्सेदारी है। प्रतिबंधों के 18वें पैकेज में मुख्य रूप से रूस के तेल और ऊर्जा क्षेत्र के राजस्व को कम करने के उद्देश्य वाले उपाय शामिल किए गए हैं। ब्यूरो

# बिहार में अब 5.2% मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा होना बाकी

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत गणना प्रपत्र भरकर जमा कराने के लिए सात दिनों का समय बचा है लेकिन महज 5.2 फीसदी मतदाताओं ने ही अब तक अपने फॉर्म जमा नहीं कराए हैं। आयोग राज्य के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 94.68 फीसदी को कवर कर चुका है।

आयोग ने शुक्रवार को बताया कि राज्य में महज 41,10,213 के अपने गणना प्रपत्र जमा नहीं कराए हैं। अब आयोग इनकी सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा कर रहा है। ताकि ऐसे प्रत्येक निर्वाचन की सही स्थिति की पुष्टि 25 जुलाई से पहले की जा सके। राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंट और उनके जिला अध्यक्षों को यह सूचियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। चुनाव आयोग ने इसके साथ

**आयोग राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भेज रहा फॉर्म जमा न कराने वालों की सूची**

ही फिर दोहराया है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर नहीं होगा। आयोग के मुताबिक, 24 जून से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब तक 7,11,72,660 यानी 90.12 फीसदी गणना प्रपत्र भरकर जमा कराए जा चुके हैं। इनमें 6,85,34,743 यानी 86.69 फीसदी का डिजिटलाइजेशन कर दिया गया है। इस दौरान 36,86,971 यानी केवल 4. 67 प्रतिशत मतदाता अपने पते पर उपस्थित नहीं पाए गए। माना जा रहा है कि 12,71414 यानी 1.61 फीसदी मतदाताओं की संभवतः मृत्यु हो चुकी है। ब्यूरो

# भारी बारिश से नदियां उफान पर, देश में 17 जगहों पर बाढ़ की स्थिति गंभीर

### हिमाचल में 250 सड़कें बंद, देश के 30 राज्यों में अगले तीन-चार दिन भारी बारिश का अलर्ट

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**नई दिल्ली/शिमला/जम्मू।** देश भर में झमाझम मानसूनी बारिश हो रही है। नदियां उफान पर है और कम से कम 17 जगहों पर बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। पश्चिमी हिमालयी राज्यों में तो बारिश कहर बनकर टूट रही है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में सड़कों का बुरा हाल है, पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं और ट्रांसफार्मर में खराबी से बिजली आपूर्ति भी बाधित है। फिलहाल ये दुश्वारियां कम भी नहीं होने वाली है क्योंकि मौसम विभाग ने उत्तराखंड से लेकर ओडिशा और बंगाल से लेकर केरल तक 30 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अगले तीन-चार दिन भारी बारिश की संभावना जताई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 24 घंटों के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भारी वर्षा दर्ज की गई। कई जगहों पर 21 सेमी तक वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, तटीय कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, ओडिशा में कुछ स्थानों पर 7-20 सेमी बारिश हुई। वहीं, पश्चिमी राजस्थान, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा (7-11 सेमी) रिकॉर्ड की गई।

भारी बारिश के कारण राजस्थान के के अजमेर में जहवारलाल नेहरू अस्पताल में पानी घुस गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शहर में शुक्रवार सुबह पांच बजे से ही भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है।



राजस्थान के अजमेर जिले में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद एक व्यस्त सड़क पर भरा पानी।

### कई राज्यों में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

केंद्रीय जल आयोग ने शुक्रवार को बताया कि विभिन्न राज्यों में 17 स्थानों पर बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बिहार और उत्तर प्रदेश में गंगा और उसकी सहायक नदियों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। बिहार में पटना में गांधीघाट और हथिदह और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया में गंगा का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इसके अलावा, बिहार के खगड़िया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर में कोसी, बागमती, पुनपुन और बुढ़ी गंडक नदियों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है।

### बिहार में दो दिन में बिजली गिरने से 34 लोगों की मौत

बिहार में पिछले दो दिनों के दौरान बिजली गिरने से 34 लोगों की मौत हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा छह-छह मौतें नालंदा और वैशाली जिलों में हुई हैं। वहीं, शेखपुरा में पांच, पटना और औरंगाबाद में तीन-तीन, नवादा और बांका में दो-दो मौतें भी शामिल हैं। विभिन्न जिलों में हुई इन घटनाओं में छह लोग घायल भी हुए हैं। प्रदेश में अप्रैल के बाद से बिजली गिरने से अब तक 90 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

### हिमाचल में कई क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट

हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में 21 से 23 जुलाई तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। भारी बारिश के कारण प्रदेश में शुक्रवार शाम तक 250 सड़कें बंद रहीं, 81 बिजली ट्रांसफार्मर और 61 जल आपूर्ति योजनाएं भी रहीं। इनमें सबसे अधिक 180 सड़कें और 50 जल आपूर्ति योजनाएं आपदा प्रभावित मंडी जिले में हैं। खराब मौसम के कारण किन्नौर कैलाश यात्रा भी शुक्रवार को एक दिन के लिए रोकनी पड़ी। यात्रा पर निकले 260 श्रद्धालुओं को जिला प्रशासन ने यात्रा के दूसरे बेस कैंप गणेश पार्क (मिलिंग खट्टा) में ठहराया है, जबकि यात्रा के पहले बेस कैंप तंगलिंग में करीब 200 श्रद्धालु यात्रा पर जाने के लिए पहुंचे हैं।

■ **जम्मू के आठ जिलों में बादल फटने का खतरा :** जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों-जम्मू, कठुआ, सांबा, डोडा, रामबन, रियासी, राजोरी और उधमपुर में आगामी 48 घंटे के दौरान भारी बारिश होने की संभावना है और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान इन जिलों में 115 मिलीमीटर से 215 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ आने का खतरा रहेगा।

■ **इन राज्यों में झमाझम बरसेंगे मेघ...**आईएमडी के अनुसार, उत्तराखंड में 20 और 21 जुलाई को बहुत भारी बारिश होगी, जिसके लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिन जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भारी बारिश की संभावना जताई है उनमें हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियामा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश शामिल हैं। इनके अलावा, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, सिक्किम, मध्य महाराष्ट्र, गोवा और दक्षिण भारत के केरल, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

# असाध्य रोगों से ग्रस्त कैदियों की रिहाई को समान योजना बनाएं राज्य : सुप्रीम कोर्ट

### नालसा की याचिका पर शीर्ष अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जेल नियम राज्यों पर अलग-अलग लागू होते हैं और उन्हें असाध्य रोगों से पीड़ित कैदियों की रिहाई के लिए एक समान नियम बनाने चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें असाध्य रोगों से पीड़ित या 70 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों के एक समूह को जेल से रिहा करने का अनुरोध किया गया था।

केंद्र ने दावा किया कि इस मुद्दे पर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जा चुकी है और यह रिकॉर्ड में मौजूद है। हालांकि, पीठ ने कहा, अंततः, जेल नियम सभी राज्यों पर अलग-अलग लागू होते हैं। सभी राज्यों को एक समान जेल नियम बनाना होगा, जिसमें असाध्य रोगों से पीड़ित कैदियों की रिहाई पर विचार किया जाना चाहिए। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सरकार असाध्य रोगों से पीड़ित कैदियों को लेकर चिंतित है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसओपी में ऐसे कैदियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए कदम उठाने की सलाह दी गई है। केंद्र ने कहा कि राज्य या केंद्र शासित प्रदेश आम माफी के तहत ऐसे कैदियों की रिहाई पर भी विचार कर सकते हैं। पीठ ने दुरुपयोग की संभावना को चिह्नित करते हुए कहा कि ऐसे कैदियों और रिहाई के लाभ के हकदार लोगों के इलाज के मानक पर दिशा-निर्देश होने चाहिए।



**केंद्र व बिहार, यूपी समेत 18 राज्यों से मांगा था जवाब**

शीर्ष अदालत ने पांच मई को इस याचिका पर केंद्र और बिहार तथा उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों से जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया है कि ये कैदी, जिन्होंने जमानत न मिलने के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख नहीं किया है, उन्हें विशेष देखभाल की जरूरत है, लेकिन जेलों में भीड़भाड़ को देखते हुए जेल अधिकारियों के लिए यह व्यवस्था करना संभव नहीं हो सकता। नालसा ने कहा कि ये बुजुर्ग और असाध्य रोगों से पीड़ित कैदी बिहार, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित कई राज्यों की जेलों में बंद हैं।

# अहमदाबाद विमान हादसा : पीड़ित परिजनों की सहायता के लिए टाटा ने रजिस्टर्ड कराया ट्रस्ट

**मुंबई।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के पीड़ित परिजनों की मदद के लिए टाटा ग्रुप ने शुक्रवार को एक ट्रस्ट रजिस्टर कराया है। टाटा संस ने बताया कि इसका नाम एआई-171 मेमोरियल एंड वेल्फेयर ट्रस्ट रखा गया है। यह ट्रस्ट मृतक के आश्रितों, नजदीकी रिश्तेदारों, घायलों और इस हादसे में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित सभी लोगों को तुरंत और निरंतर मदद देगा।

टाटा संस की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इस ट्रस्ट में टाटा संस और टाटा ट्रस्ट मिलकर 500 करोड़ रुपये (प्रत्येक 250-250 करोड़) देने की प्रतिबद्धता जताई है जिसमें दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि भी शामिल है। इसके अलावा, टाटा संस का यह ट्रस्ट उन लोगों को भी सहायता प्रदान करेगा, जिन्होंने इस हादसे के समय घायलों को बचाने में मदद की थी। 18 जुलाई को पंजीकृत हुए इस ट्रस्ट बोर्ड में पांच सदस्य होंगे। शुरूआत में दो ट्रस्टी नियुक्त किए गए हैं जिसमें टाटा ग्रुप के पूर्व दिग्गज एस पद्मनाभन और टाटा संस के जनरल काउंसल सिद्धार्थ शर्मा शामिल हैं। ब्यूरो



टाटा संस और टाटा ट्रस्ट एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट को देंगे 500 करोड़ रुपये

# काम के दबाव में बैंक का मुख्य प्रबंधक फंदे से लटका

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में बृहस्पतिवार की देर रात एक राष्ट्रीयकृत बैंक का वरिष्ठ अधिकारी बैंक परिसर में फंदे से लटका गया। मौके से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आत्महत्या का कारण काम का दबाव लिखा है। बारामती पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 40 वर्षीय शिवशंकर मित्रा के रूप में हुई है।

**सहकर्मी से मंगवाई थी रस्सी, घटना सीसीटीवी में कैद**

मित्रा 11 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों और कार्यभार का हवाला देते हुए मुख्य प्रबंधक पद से इस्तीफा दे चुके थे। वे नोटिस अवधि पूरी कर रहे थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार मित्रा ने काम का समय खत्म होने के बाद कर्मचारियों से जाने को कह दिया। चौकीदार रात 9.30 बजे चला गया। मित्रा ने एक सहकर्मी से रस्सी मंगवाई थी। उन्होंने रात 10 बजे इसी रस्सी से लटककर जान दे दी। घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अधिकारी ने बताया, जब मित्रा घर नहीं लौटे और न फोन का जवाब दिया तो पत्नी आधी रात बैंक पहुंचीं। उन्होंने लाइटें जलती देखीं। बैंक के अंदर से प्रतिक्रिया न मिलने पर कर्मचारियों को सूचना दी, जब शाखा खोली गई तो मित्रा छत से लटके पाए गए। एजेंसी

# बाजार में धड़ल्ले से बिक रहीं 185 दवाएं निकलीं घटिया, बिहार और दिल्ली से जब्त

### चार दवाएं नकली, किसी और कंपनी के ब्रांड नाम से बनाई गई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नकली और घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। हर महीने की तरह इस बार भी राज्यों के साथ मिलकर केंद्रीय एजेंसियों ने 185 घटिया दवाएं जब्त की हैं।

शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते जून माह में भारत के औषधि नियामक संगठन ने देश के अलग अलग हिस्सों से एकत्रित नमूनों की जांच में 185 दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरीं। इनमें से 55 नमूने केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं और 130 नमूने राज्य प्रयोगशालाओं ने घटिया करार दी है। इसमें चार दवाएं नकली पाई गईं, जिन्हें बिना अनुमति के किसी और कंपनी के ब्रांड नाम से बनाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये मामले बिहार, दिल्ली और तेलंगाना से सामने आए हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरअसल मानक गुणवत्ता से कमतर दवाएं वे



होती हैं जो किसी एक या एक से अधिक गुणवत्ता पैरामीटर में फेल हो जाती हैं। उदाहरण के तौर पर दवा में सक्रिय तत्व की मात्रा कम होना, घुलनशीलता ठीक न होना या पैकेजिंग त्रुटियां इत्यादि। ये खराबी सिर्फ उस विशेष बैच तक सीमित होती है और इसका मतलब यह नहीं कि उस दवा का हर बैच खराब है। रिपोर्ट में जिन चार नकली दवाओं की पहचान हुई है, उनमें दो नमूने तेलंगाना और एक-एक नमूना दिल्ली और बिहार से लिया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन सभी में एक समान पैटर्न देखा गया। यानी किसी ब्रांडेड कंपनी के नाम से ऐसी कंपनियों ने दवाएं बनाई जिनके पास न तो लाइसेंस है, न ही वैध निर्माण अनुमति। इन मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है और जांच जारी है।

# इंडिया गठबंधन की बैठक आज आप शामिल नहीं, तृणमूल साथ

### वर्चुअल बैठक में मानसून सत्र को लेकर होगी गंभीर चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र के लिए भाजपा गठबंधन के घेरने के लिए विपक्ष 19 जुलाई शाम को अहम बैठक करेगा। इसमें विपक्षी गठबंधन को आम आदमी पार्टी का साथ नहीं मिलेगा। उसने गठबंधन से राजनीतिक दूरी भी बना ली है। किंतु तृणमूल कांग्रेस गठबंधन के साथ है।


भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं की यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर दिल्ली में होगी। वर्चुअल होने वाली बैठक में संसद सत्र के दो दिन पहले विपक्षी सांसद मानसून सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। हालांकि, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने साफ कर दिया है कि वह इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। किंतु वह टीएमसी और डीएमके के साथ समन्वय बनाकर सत्र में उनका समर्थन करेगी। दोनों ही पार्टियां आप का समर्थन करती हैं। सिंह ने कहा इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था। हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनाव उन्होंने अकेले लड़े हैं। अब वह संसद में विपक्षी एकता से भी दूर हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में 8 और लोकसभा में 3 सांसद हैं।

चिंताजनक | वैज्ञानिकों ने चेताया...वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर खतरा

# मानवीय गतिविधियों से पहाड़ों में मिट्टी का कटाव दस गुना बढ़ा

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** हजारों वर्षों से पर्वतीय धरती पर मानव का दखल अब संकट के रूप में सामने आ रहा है। एक नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन से खुलासा हुआ है कि कृषि, पशुपालन और जलवायु परिवर्तन के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में मिट्टी का कटाव प्राकृतिक पुनरुत्पादन की तुलना में चार से दस गुना तेजी से बढ़ गया है। यह संकट सिर्फ मिट्टी तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक जल, कार्बन और जैव विविधता चक्र को भी प्रभावित कर रहा है।



सेंटर नेशनल डे ला रिसर्च साइंटिफिक (सीएनआरएस) के नेतृत्व में किए गए एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में यह पता चला है कि इंसानी गतिविधियों विशेष रूप से कृषि, पशुपालन और भूमि उपयोग में बदलाव ने पर्वतीय क्षेत्रों की मिट्टी को असाधारण रूप से तेजी से क्षीण किया है। यह क्षरण महज हाल के दशकों की देन नहीं बल्कि यह प्रक्रिया करीब 3,800 साल पहले शुरू हो चुकी थी। इस बारे में शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि पहले जंगलों की कटाई और मवेशियों की आवाजाही से ऊंचाई वाली जमीन की मिट्टी क्षरित हुई और फिर रोमन काल के बाद हल चलाने जैसी तकनीकों के प्रसार से मध्यम और निम्न ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी मिट्टी के कटाव ने गंभीर रूप ले लिया।शोध पत्रिका प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पनास) में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार हिमयुग की समाप्ति के बाद से जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप ने मिट्टी के निर्माण और कटाव के बीच के संतुलन को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। इससे मिट्टी का कटाव प्राकृतिक पुनर्निर्माण से औसतन तीन से दस गुना तेज गति से होने लगा है।

### फ्रांस से मिले सबूत, दुनिया से हुई पुष्टि

अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों ने फ्रांस के सबसे बड़े पर्वतीय जलग्रहण क्षेत्र बोर्गेट झील की तलछट से लिथियम समस्थानिकों और जैव डीएनए के नमूनों का विश्लेषण किया। इन आंकड़ों की तुलना दुनिया के अन्य पर्वतीय क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों से की गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह संकट संपूर्ण वैश्विक पर्वतीय क्षेत्रों में एकसाथ नहीं बल्कि अलग-अलग समय पर शुरू हुआ।

**खाद्य सुरक्षा पर असर**

वैज्ञानिकों ने चेताया कि मिट्टी का अत्यधिक कटाव सिर्फ पारिस्थितिक तंत्र को नहीं बल्कि मानव जीवन की आधारभूत जरूरतों जैसे पानी की गुणवत्ता, कृषि उत्पादन और कार्बन अवशोषण को भी प्रभावित कर सकता है। कटाव से मिट्टी की उर्वरता खत्म होती है, जिससे खेती की उत्पादकता गिरती है और खाद्य सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगता है।

**संरक्षण की वैश्विक जरूरत**

शोधकर्ताओं ने दुनिया भर की सरकारों और पर्यावरणीय संगठनों से अपील की है कि वे पर्वतीय क्षेत्रों में मिट्टी संरक्षण के प्रभावशाली उपाय लागू करें। साथ ही भूमि उपयोग की नीतियों में बदलाव, वन संरक्षण, और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को प्राथमिकता दें ताकि इस बढ़ते पारिस्थितिक संकट को समय रहते रोका जा सके।

# सीवर से नदियों में घुल रही कृत्रिम मिठास आने वाली पीढ़ियों के लिए अदृश्य तबाही

### चिंताजनक : जलीय जीवन, जल गुणवत्ता और इंसानी डीएनए को कर रहा प्रभावित

**नई दिल्ली।** शुगर-फ्री उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली कृत्रिम मिठास अब केवल स्वाद तक सीमित नहीं रही, बल्कि पृथ्वी के लिए धीमा जहर बनता जा रहा है। एक वैश्विक अध्ययन के मुताबिक, सुक्रालोज और एसेसल्फेम जैसी मिठास दुनिया के कई देशों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को पार करते हुए सीधे नदियों, झीलों और समुद्री पर्यावरण में पहुंच रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अदृश्य संकट खड़ा कर रही है।



यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी (यूटीएस) के वैज्ञानिकों द्वारा जर्नल ऑफ हैजर्डस मैटेरियल्स में प्रकाशित इस अध्ययन के मुताबिक भारत, अमेरिका, स्पेन और जर्मनी जैसे देशों में इन स्वीटनर्स की मौजूदगी बेहद चिंताजनक स्तर तक दर्ज की गई है। ये कृत्रिम केमिकल इतने स्थिर हैं कि उन्नततम शोधन प्रणालियां भी इन्हें पूरी तरह साफ करने में विफल रहती हैं। भारत सहित 24 देशों में किए गए इस अध्ययन ने यह भी उजागर किया है कि गर्मियों के मौसम में इनकी मात्रा 30% तक अधिक हो जाती है जो जल संसाधनों पर मौसमी दबाव के साथ मिलकर खतरे को कई गुना बढ़ा देती है। इन स्वीटनर्स की रासायनिक संरचना ऐसी होती है कि यह शरीर में पचती नहीं। खाने या पीने के बाद यह सीधे मूत्र या मल के जरिए बाहर निकल जाती है और सीवेज प्रणाली में पहुंचती है। इनका असर अब जलीय जीवन, जल गुणवत्ता और यहां तक कि इंसानी डीएनए तक को प्रभावित कर रहा है।

■ अमर उजाला नेटवर्क

# भारत ने तैयार किया मलेरिया का अपना पहला टीका

## टीका उत्पादन के लिए जल्द ही प्राइवेट कंपनी के साथ समझौता करेगा आईसीएमआर

परीक्षित निर्भय

**नई दिल्ली।** भारत में डेंगू से पहले मलेरिया रोग खत्म हो सकेगा। भारतीय वैज्ञानिकों ने मलेरिया रोग के खिलाफ पहला स्वदेशी टीका तैयार कर लिया है जो न केवल संक्रमण बल्कि उसके समुदाय में प्रसार पर भी रोक लगाने में सक्षम है।

इस टीके के जल्द से जल्द उत्पादन के लिए नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने प्राइवेट कंपनियों के साथ समझौता करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईसीएमआर ने जानकारी दी है कि मलेरिया टीका की खोज पूरी कर ली है। इसे फिलहाल एडफाल्सीवैक्स नाम दिया है, जो मलेरिया परजीवी प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के खिलाफ पूरी तरह असरदार पाया गया है। आईसीएमआर और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) के शोधकर्ताओं ने मिलकर यह स्वदेशी टीका तैयार किया है।

**विदेशी टीकों से बेहतर भारत का टीका...**आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने बताया कि मौजूदा समय में मलेरिया के दो टीके उपलब्ध हैं जिनकी कीमत करीब 800 रुपये तक प्रति खुराक है। हालांकि इनका असर 33 से 67 फीसदी के बीच है। इसके अलावा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से भी मंजूर आरटीएस और आर21/मैट्रिक्स-एम टीका दुनिया के कुछ देशों में दिया जा रहा है। इनकी तुलना में भारत का यह टीका पूर्व रक्ताणु यानी रक्त में पहुंचने से पहले के चरण और ट्रांसमिशन-ब्लॉकिंग यानी संक्रमण प्रसार को रोकने में दोहरा असर दिखाती है।



### अध्ययन में बेहद असरदार साबित

अभी तक मलेरिया के इस स्वदेशी टीका पर पूर्व-नैदानिक सत्यापन हुआ है जिसे आईसीएमआर के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) के साथ मिलकर पूरा किया है।

- आरएमआरसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुशील सिंह ने बताया कि भारत का यह स्वदेशी टीका संक्रमण को रोकने वाले मजबूत एंटीबॉडी बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि 2023 में वैश्विक स्तर पर मलेरिया के 26 करोड़ अनुमानित मामले दर्ज हुए जो 2022 की तुलना में एक करोड़ मामलों की वृद्धि है।

# पहले से ताकतवर होकर नौसेना में लौटा पोत निस्तार

## नौसेना प्रमुख बोले-भारत विश्व स्तर पर पनडुब्बी बचाव में प्रमुख सहयोगी बनेगा

**विशाखापत्तनम।** भारत का पहला स्वदेश निर्मित गोताखोरी सहायता पोत निस्तार शुक्रवार को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। निस्तार का निर्माण मूल रूप से 29 मार्च, 1971 को हुआ था, जिसे 1989 में सेवामुक्त कर दिया गया था। नई तकनीक के साथ पुनर्निर्माण कर इसे दोबारा नौसेना में शामिल किया गया है। निस्तार ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाहर पाकिस्तान की डूबी पनडुब्बी गाजी की पहचान करने और पूर्वी अभियानों में अहम भूमिका निभाई थी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि नया निस्तार उन्नत संतृप्ति गोता प्रणाली और पनडुब्बियों समेत गहरे जलमग्न जहाजों को बचाने की क्षमता के साथ अपनी विरासत को आगे बढ़ाएगा। त्रिपाठी ने जलावतरण समारोह के दौरान कहा, पुराने जहाज कभी नष्ट नहीं होते, वे हमेशा उन्नत रूप में लौटते हैं। निस्तार तकनीकी और परिचालन दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जो भारत और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों की पनडुब्बी बचाव क्षमताओं को बढ़ाता है। भारत विश्व स्तर पर पनडुब्बी बचाव में प्रमुख सहयोगी के रूप में उभरने के लिए तैयार है। दुनिया भर में कुछ ही नौसेना के पास ऐसी क्षमताएं हैं और बहुत कम देश इन्हें स्वदेशी रूप से विकसित करते हैं। निस्तार भारत के समुद्री आधारित उद्योग को बढ़ावा दे रहा है। एजेंसी




रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि 1989 में सेवामुक्ति के दौरान निस्तार का वजन 800 टन था। इसे 10,500 टन वजन के साथ पुनर्जीवित किया गया है। यह 120 मीटर लंबा है, जो विकसित भारत के तकनीकी परिवर्तन को दर्शाता है। सेठ ने कहा, भारत आयातक से निर्यातक बन गया है।

- 23,622 करोड़ रुपये के रक्षा सामान का निर्यात और 50 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य 120 एमएसएमई क्षेत्र के कर्मियों के प्रयासों से हासिल किया गया है।

## न्यूज डायरी

### कविंद्र गुप्ता ने ली लद्दाख के उप राज्यपाल पद की शपथ



**जम्मू।** पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को लद्दाख के तीसरे उप राज्यपाल के रूप में शपथ ली। लेह स्थित राज निवास में आयोजित समारोह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। लद्दाख के मुख्य सचिव पवन कोतवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जारी नियुक्ति आदेश को पढ़कर सुनाया। ब्यूरो

### महाराष्ट्र का इस्लामपुर कस्बा अब कहलाएगा ईश्वरपुर

**मुंबई।** यूपी की तर्ज पर महाराष्ट्र में जिलों और कस्बों का नाम बदलने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में अब महाराष्ट्र के सांगली जिले का इस्लामपुर कस्बा ईश्वरपुर हो गया है। राज्य सरकार ने विधानमंडल के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को घोषित किया कि अब इस्लामपुर अधिकृत रूप से ईश्वरपुर कहलाएगा। हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान द्वारा सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। एजेंसी

### मैराथन धावक फौजा सिंह का कल किया जाएगा अंतिम संस्कार

**चंडीगढ़।** दुनिया के सबसे बुजुर्ग 114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे जालंधर स्थित उनके गांव ब्यास में होगा। सिंह के बेटे हरविंदर सिंह ने बताया कि विदेश में रहने वाले कई रिश्तेदार आ चुके हैं और कुछ शनिवार तक आ जाएंगे। संवाद



### बंगाल : ट्रेन की चपेट में आने से तीन हाथियों की जान गई

**झारग्राम।** प.बंगाल के मिदनापुर के बांसतला रेलवे स्टेशन के पास एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से हाथी के दो बच्चों सहित तीन हाथियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा बृहस्पतिवार रात को हुआ। खड़गपुर-टाटानगर सेक्शन पर तेज रफ्तार से आ रही जनशताब्दी एक्सप्रेस ने हाथियों को पटरियों पर कुचल दिया। मुख्य वन संरक्षक एस कुलंदैवे के मुताबिक, झारखंड के दलमा जंगल से आए 30 हाथियों का यह झुंड रेलवे ट्रैक से गुजर रहा था। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

पहलगाम हमले के जिम्मेदार टीआरएफ को अमेरिका ने वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। क्या यह आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बड़ी रणनीतिक जीत है?

(1) हां (2) नहीं

### पिछले पोल का रिजल्ट

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद हादसे पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया की 'चुनिंदा और असत्यापित रिपोर्टिंग' की आलोचना की है। क्या यह भारत की छवि खराब करने की कोशिश है?

| | |
|---|---|
| हां | 81.58% |
| नहीं | 18.42% |

### प्रधानमंत्री एक ही दिन पहुंचे बिहार और बंगाल, दोनों राज्यों को 12,600 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

# मोतिहारी बनेगा पूरब का मुंबई, गयाजी में गुरुग्राम की तरह देंगे रोजगार : मोदी

अमर उजाला ब्यूरो

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वी भारत को आगे बढ़ाने के लिए बिहार को विकसित बिहार बनाना है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में मोतिहारी को पूरब का ऐसा क्षेत्र बनाया जाए, जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है। जैसे अवसर गुरुग्राम में हैं, वैसे ही अवसर गयाजी में भी बनें। पुणे की तरह पटना में औद्योगिक विकास हो, सूरत की तरह संथाल परगना का विकास हो, जयपुर की तरह जलपाईगुड़ी और जाजपुर में टूरिज्म के नए रिकॉर्ड बनें और बंगलूरू की तरह ही वीरभूम के लोग भी आगे बढ़ सकें।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात चुनावी राज्य बिहार के मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में करीब 7,200 करोड़ रुपये लागत वाली रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के मौके पर कहीं। पीएम ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार में इतनी तेजी से काम इसलिए हो रहा है क्योंकि केंद्र और राज्य दोनों जगह बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। पीएम ने मोतिहारी में कहा कि 21वीं सदी में दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। एक समय जो ताकत सिर्फ पश्चिमी देशों के पास होती थी, उसमें अब पूरब के देशों का दबदबा और भागीदारी बढ़ रही है। पूरब के देश अब विकास की नई रफ्तार पकड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद के मुकाबले कई गुना ज्यादा पैसा बिहार को हमारी सरकार ने दिया है। ये पैसा जनकल्याण के काम आ रहा है। बउन्होंने कहा कि पहले इस बिहार को अपराध के लिए जाना जाता था लेकिन अब विकास यहां की पहचान बन रही है।



मोतिहारी में लाभार्थी को आवास की चाभी सौंपते पीएम मोदी, साथ में राज्यपाल आरिफ और सीएम नीतीश।

भारत की फैक्टरियां हों या फिर हमारे खेत-खलिहान, हर जगह एक ही निश्चय के साथ काम हो रहा है, हमें 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। हमारा रास्ता है- विकास से सशक्तिकरण, रोजगार से आत्मनिर्भरता और संवेदनशीलता से सुशासन। **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांग्रेस-राजद की बुरी नीयत से बचाना जरूरी

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री कहा, कांग्रेस और राजद गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के नाम पर राजनीति करते आए हैं, लेकिन बराबरी का अधिकार तो दूर, ये परिवार से बाहर के लोगों को सम्मान तक नहीं देते। इन लोगों का अहंकार आज पूरा बिहार देख रहा है। हमें बिहार को इनकी बुरी नीयत से बचाकर रखना है।

### बिहार में चार नई अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

पीएम ने शुक्रवार को बिहार में चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। अमृत भारत ट्रेन राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) और नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी और दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल), दरभंगा और लखनऊ (गोमती नगर), वाया भागलपुर मालदा टाउन-लखनऊ (गोमती नगर) के बीच चलेंगी। उन्होंने गृह प्रवेश समारोह के दौरान 12,000 लाभार्थियों को चाबियां सौंपीं और पीएम आवास योजना के 40,000 लाभार्थियों को 160 करोड़ की राशि जारी की।

**पीएम की सलाह पर की मुफ्त बिजली योजना की घोषणा : नीतीश...**प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा करने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बार-बार बिहार दौरे के लिए समय निकालने के लिए उनका आभार जताया। साथ ही बताया कि राज्य में 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का फैसला उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सलाह पर ही लिया है।

### शक्ति महाराज से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के अपने दौरे के दौरान स्वामी शक्ति शरणानंद जी महाराज से मुलाकात की। मोतिहारी में जनसभा को संबोधित करने के कुछ समय बाद पीएम ने सोशल मीडिया पर स्वामी शक्ति महाराज के साथ अपनी तस्वीर साझा की। पीएम ने महाराज का गर्मजोशी से भरी मुलाकात, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका व्यक्तित्व ओज से भरा है और वाणी आध्यात्मिकता से ओतप्रोत है।

**राम मंदिर की कलाकृति ने छुआ दिल...**रैली में एक युवा की लाई गई राम मंदिर की भव्य कलाकृति देखकर प्रधानमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने मंच से कलाकार की सराहना करते हुए कहा, इस कलाकार को मैं चिट्ठी लिखूंगा। प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में रोड शो में हिस्सा भी लिया।



बंगाल के दुर्गापुर में पीएम मोदी ने रोड शो भी किया। इस दौरान उनको देखने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। सड़क के दोनों किनारों पर मोदी की एक झलक देखने के लिए लोग बेताब दिखे। जैसे ही उनका कारवां गुजरा लोगों का उत्साह बढ़ गया। पीएम ने भी सभी का अभिवादन किया।

# भाजपा ही बंगाली अस्मिता की असली रक्षक : पीएम

अमर उजाला ब्यूरो

**दुर्गापुर।** बिहार दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम बंगाल पहुंचे, जहां उन्होंने दुर्गापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य को 5400 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सही मायने में बंगाली अस्मिता का सम्मान और रक्षा करती है। उन्होंने कहा, जिस भी राज्य में भाजपा की सरकार है, बंगालियों का सम्मान किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तृणमूल कांग्रेस के उस हालिया आरोप को खारिज करने की कोशिश करते हुए यह बात कही, जिसमें कहा गया था कि भाजपा शासित राज्य बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को निशाना बना रहे हैं।

**■ घुसपैठियों को बख्शा नहीं जाएगा**

प्रधानमंत्री ने घुसपैठ पर स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, टीएमसी घुसपैठियों की सक्रिय रूप से मदद कर रही है। मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग भारत के नागरिक नहीं हैं और अवैध रूप से घुस आए हैं, उनके लिए कानून संविधान के अनुसार अपना काम करेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सीधे तौर पर नाम लिए बिना, मोदी ने उनकी पार्टी पर बंगाल के विकास और सुरक्षा की कीमत पर वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो राज्य कभी विकास का केंद्र था, अब पलायन का प्रतीक बन गया है।

### टीएमसी विकास के रास्ते की दीवार बनकर खड़ी

पीएम ने कहा, मैं आज आपको ये यकीन दिलाने आया हूं कि बंगाल की बदहाल स्थिति को बदला जा सकता है। टीएमसी सरकार बंगाल के विकास में दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन टीएमसी सरकार की ये दीवार गिरेगी, उसी दिन से बंगाल विकास की नई तेजी पकड़ लेगा। तृणमूल की गुंडागर्दी के कारण उद्योगपति बंगाल में निवेश से डरते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मां, माटी, मानुष की बात करने वाली पार्टी की सरकार में बेटियों के साथ जो अन्याय हो रहा है, वो पीड़ा भी देता है और आक्रोश से भर देता है। पश्चिम बंगाल के अस्पताल भी बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं हैं।

# अब आईआईटी खड़गपुर में फंदे पर लटका मिला छात्र

### इस साल अब तक 4 मामले आए सामने

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर परिसर में शुक्रवार को बीटेक चौथे वर्ष का छात्र हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला। जनवरी से अब तक परिसर में अप्राकृतिक मौत का यह चौथा मामला है। मृतक की पहचान मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र 21 वर्षीय रीतम मंडल के रूप में हुई, जो राजेंद्र प्रसाद (आरपी) छात्रावास में रह रहा था।



उसके छात्रावासी साथी ने बताया कि कोलकाता का रहने वाला यह छात्र बृहस्पतिवार रात को भोजन करने के बाद कमरे में चला गया था। उसके व्यवहार में असामान्यता नहीं थी। संस्थान के अधिकारी ने बताया कि जब बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी जवाब नहीं मिला तो सुबह कैंपस स्थित चौकी पर तैनात पुलिस ने दोपहर 12 बजे दरवाजा तोड़ा और उसे फंदे से लटका पाया। छात्र के परिवार को सूचना दे दी गई है। बता दें, 12 जनवरी को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष का छात्र शॉन मलिक हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका पाया गया था। एजेंसी

### रॉबर्ट वाड्रा के बचाव में पहली बार खुलकर सामने आए राहुल गांधी

# केंद्र मेरे बहनोई को 10 साल से कर रहा परेशान

**नई दिल्ली।** हरियाणा में एक भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से आरोपपत्र दायर करने के बाद पूरी कांग्रेस उनके बचाव में उतर आई है और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पहली बार राहुल गांधी भी अपने बहनोई के बचाव में खुलकर सामने आए हैं। राहुल ने केंद्र सरकार पर वाड्रा को पिछले 10 वर्षों से परेशान करने का आरोप लगाया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने कहा, मेरे बहनोई को पिछले 10 वर्षों से इस सरकार ने परेशान किया है। ताजा आरोपपत्र उसी धरपकड़ का एक और हिस्सा है। मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं, क्योंकि उन्हें दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न का एक और हमला झेलना पड़ रहा है। उनकी बहन प्रियंका और उनका परिवार किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का बहादुरी के साथ सामना करेगा और अंततः सच्चाई की जीत होगी। ब्यूरो



**कांग्रेस को आपातकालीन मानसिकता में विश्वास, न्यायिक प्रक्रिया में नहीं : भाजपा**

भाजपा ने सरकार पर रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाने पर राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि राहुल के बयान से स्पष्ट होता है कि कांग्रेस को आपातकालीन मानसिकता में विश्वास है और वह न्यायिक प्रक्रिया की परवाह नहीं करती है। राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने आरोप लगाया कि राहुल ने अपनी टिप्पणी से यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने बहनोई के काले कारनामों से पूरी तरह वाकिफ थे।

**कोर्ट 24 को आरोपपत्र पर करेगा विचार...**राउज एवेन्यू कोर्ट ने रॉबर्ट वाड्रा और अन्य के खिलाफ दायर धन शोधन अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) का संज्ञान लिया उसके दस्तावेज के सत्यापन और विचार के लिए उसे 24 जुलाई को सूचीबद्ध किया। विशेष जज सुशांत चंगोत्रा ने रिकार्ड कीपर (अहलमद) को आरोप पत्र और दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। ईडी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक एनके मट्टा अदालत से जल्द सुनवाई की मांग की। ईडी ने वाड्रा और अन्य के खिलाफ भूमि सौदे में गड़बड़ी के मामले में बृहस्पतिवार को कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था।

# छत्तीसगढ़ : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए

### मौके से एके-47 सहित बड़ी संख्या में हथियार बरामद

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। नारायणपुर महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में छह नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है। नक्सलियों के शीर्ष कमांडर के ढेर होने की भी सूचना है। अब तक मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव, एके-47/एसएलआर राइफलें, अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और रोजमर्रा की चीजें बरामद की गई हैं।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था। इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। उन्होंने कहा कि अभियान अभी जारी है। इससे पहले बीते सप्ताह छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली कन्ना मारा गया था। सूत्रों के मुताबिक सोढ़ी कन्ना जगरगुंडा थाना क्षेत्र के किस्टारम का रहने वाला था। इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।


कन्ना लंबे समय से कई नक्सली वारदातों में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। इस साल अब तक 221 नक्सली मारे जा चुके हैं। एजेंसी

**विचार** | संघ प्रमुख भागवत ने कहा-राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण जरूरी

# महिलाओं को रुढ़िवादी रीति-रिवाजों से मुक्त करना चाहिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बहुत आवश्यक है और उन्हें रूढ़िवादी रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए।

आरएसएस प्रमुख शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में गैर-लाभकारी संगठन उद्योगवर्धनी की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एक पुरुष अपनी मृत्यु तक काम करता है और एक महिला भी अंत तक काम करती है, लेकिन वह उससे भी आगे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है। एक महिला के प्यार और स्नेह के तले बच्चे बढ़ते है, परिपक्व होते हैं और उनका विकास होता है। इसलिए राष्ट्रीय विकास के लिए भी महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जब एक महिला खुद का उत्थान करती है, तो वह पूरे समाज को ऊपर उठाती है। एजेंसी



### ईश्वर ने महिलाओं को दिए हैं अतिरिक्त गुण

उन्होंने कहा, ईश्वर ने पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को कुछ अतिरिक्त गुण दिए हैं, जिससे महिलाएं वह सभी काम कर सकती हैं, जो सामान्य रूप से पुरुष नहीं कर सकते है। इसके साथ ही, ईश्वर ने महिलाओं को वे सभी गुण दिए हैं, जो उन्होंने पुरुषों को दिए हैं, जिसके कारण वे वह सब कुछ भी कर सकती हैं, जो पुरुष कर सकते हैं।

### *महिलाओं को वह करने दें, जो वे करना चाहती हैं*

*भागवत ने कहा, इसलिए पुरुषों का यह दावा करना मूर्खता है कि वे महिलाओं का उत्थान करेंगे। उन्होंने कहा, इस तरह के अहंकार का कोई आधार नहीं है। महिलाओं को वह करने दें, जो वे करना चाहती हैं। बस उन्हें सशक्त बनाएं और उन्हें रूढ़िवादी रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त करें। आरएसएस प्रमुख ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने में उद्योगवर्धिनी के योगदान की सराहना भी की।*

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर मुख्य विपक्षी दल सरकार के साथ

# पूर्व सीजेआई के पत्र ने सांसदों को समर्थन पर मजबूर किया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग मामले में संसद की ओर से बनाई जाने वाली तीन सदस्यीय समिति के गठन के प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष के अलावा उसके सांसद भी हस्ताक्षर करेंगे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस बारे में शुक्रवार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, सरकार किसी जज को पद से नहीं हटा सकती। सिर्फ सांसद किसी जज को हटा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, हम इसे लेकर चिंतित है। मामले की सही तरीके से जांच होनी चाहिए। पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर हमें इस मामले में मजबूर कर दिया है। उन्होंने एक रिपोर्ट दी है, लेकिन कोई प्राथमिकी नहीं दर्ज की गई है। मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। एजेंसी

***समिति गठन के लिए आएगा प्रस्ताव...****रमेश ने कहा, लोकसभा में 100 और राज्यसभा में 50 सांसद इस आशय का प्रस्ताव ला सकते हैं। हम लोकसभा में इस प्रस्ताव को लाने का समर्थन करने जा रहे हैं। 100 सांसदों के हस्ताक्षर से लाए गए प्रस्ताव के आधार पर लोकसभा अध्यक्ष को तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनानी होती है। इस कमेटी के गठन के प्रस्ताव आएगा और कांग्रेस सांसद हस्ताक्षर करेंगे।*

# महाभियोग प्रस्ताव सांसदों का विषय सरकार इसमें शामिल नहीं : मेघवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाना पूरी तरह से सांसदों का विषय है और सरकार इसमें शामिल नहीं है।

मेघवाल ने कहा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ नकदी के विवाद में आरोपों की जांच के लिए तत्कालीन सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की बनाई आंतरिक समिति ने रिपोर्ट सौंप दी है। अगर जस्टिस वर्मा रिपोर्ट से सहमत नहीं होते हैं और सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट का रुख करते हैं तो यह उनका विशेषाधिकार है। कानून मंत्री ने कहा, संसद को सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट को हटाने का अधिकार है। किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सदस्यों का समर्थन आवश्यक है। ब्यूरो

***कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान पूरे संविधान को बदला था***

*विपक्ष के केंद्र सरकार पर संविधान के मूल ढांचे को बदलने की कोशिश के आरोपों पर कानून मंत्री ने कहा, नरेंद्र मोदी 11 साल से प्रधानमंत्री हैं। सरकार ने संविधान के मूल ढांचे को बिगाड़ने की कोशिश कब की? इसके विपरीत जब कांग्रेस सत्ता में थी, आपातकाल के दौरान, उसने पूरे संविधान को बदल दिया था।*

एम्फी की रिपोर्ट...देश के दूर-दराज के इलाकों तक म्यूचुअल फंड की गहरी पहुंच

# 10 साल में छह गुना बढ़ा म्यूचुअल फंड का निवेश मूल्य, अब 75 लाख करोड़

अजीत सिंह

नई दिल्ली। देश के दूर-दराज इलाके तक गहरी पहुंच बना रहे म्यूचुअल फंड ने 10 साल में छह गुना की वृद्धि हासिल की है। 2015 में कुल 41 फंड हाउसों का एयूएम यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य 12.29 लाख करोड़ रुपये था, जो अब 75 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। हालांकि, इन 10 वर्षों में दाइवा, एलएंडटी, जेपी मॉर्गन और आईडीएफसी जैसे कई फंड हाउस कारोबार बेचकर इस उद्योग से बाहर भी निकल गए।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, इस समय 47 फंड हाउस हैं, जिनमें एक लाख करोड़ रुपये के एयूएम वाले फंड हाउस की संख्या 19 है। एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एयूएम वाले फंडों में इन 10 वर्षों में सबसे कम वृद्धि निप्पॉन, फ्रैंकलिन, आदित्य बिड़ला और यूटीआई म्यूचुअल फंड की रही है। 2015 में तीसरे स्थान पर रहा निप्पॉन अब चौथे पर आ गया है। इसका एयूएम 1.44 लाख करोड़ से चार गुना बढ़कर 6.12 लाख करोड़ पहुंच गया।

फ्रैंकलिन टेंपल्टन का एयूएम 74,311 करोड़ से केवल 1.5 गुना बढ़कर 1.14 लाख करोड़ रुपये रहा। यूटीआई 2015 में 5वें स्थान से खिसककर अब सातवें पर आ गया है। इसका एयूएम 92,730 करोड़ से 4 गुना बढ़कर 3.60 लाख करोड़ रहा। आदित्य बिड़ला चौथे से छठे स्थान पर आ गया है। इसका एयूएम 1.25 लाख करोड़ से तीन गुना बढ़कर 4.03 लाख करोड़ रुपये हो गया।



12.29 लाख करोड़ था एयूएम 2015 में

10 वर्षों में एलएंडटी, जेपी मॉर्गन और आईडीएफसी जैसे कई फंड हाउसों ने बेच दिया कारोबार

**ये हैं शीर्ष-6 फंड हाउस**

| फंड हाउस | एयूएम | वृद्धि |
|---|---|---|
| एसबीआई | 11.40 | 13 |
| आईसीआईसीआई प्रू | 9.44 | 6.1 |
| एचडीएफसी | 8.28 | 5.0 |
| निप्पॉन | 6.12 | 4.0 |
| कोटक | 5.19 | 11 |
| आदित्य बिड़ला | 4.03 | 3.0 |

(एयूएम : लाख करोड़ में, वृद्धि : गुना में)

### इन फंडों में सबसे ज्यादा वृद्धि

इस समय एक लाख करोड़ से ज्यादा के एयूएम वाले फंडों में सर्वाधिक 128 गुना वृद्धि एडलवाइस की है। 2015 में इसका एयूएम सिर्फ 1,148 करोड़ था, जो अब 1.48 लाख करोड़ रुपये हो गया। मिरै 99 गुना के साथ दूसरे स्थान पर है। इसका एयूएम 1,981 करोड़ से बढ़कर 1.18 लाख करोड़ हो गया। एचएसबीसी का एयूएम 17 गुना बढ़कर 1.29 लाख करोड़, मोतीलाल ओसवाल का 38 गुना बढ़कर 1.04 लाख करोड़ और पीपीएफएएस का 19 गुना बढ़कर 1.16 लाख करोड़ हो गया है।

### खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उछाल

भारतीय बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यही वजह है कि डीमैट खातों की संख्या 2019 के 3.6 करोड़ से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ पहुंच गई। सेबी के मुताबिक, इस अवधि में सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 फीसदी से बढ़कर 20 फीसदी पहुंच गया। हालांकि, विदेशी निवेशकों का स्वामित्व 22 फीसदी से घटकर 17 फीसदी के स्तर पर आ गया।

- सेबी के मुताबिक, 10 वर्षों में भारतीय कंपनियों ने शेयर एवं ऋण के जरिये करीब 93 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। 2024-25 में इक्विटी जारी कर रिकॉर्ड 4.3 लाख करोड़ जुटाए गए, जिसमें आईपीओ से 1.7 लाख करोड़ शामिल हैं।

# बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 501 अंक टूटा, निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर, 2.50 लाख करोड़ रुपये डूबे

नई दिल्ली। तिमाही नतीजों की घोषणा की सुस्त शुरुआत के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट में बंद हुए। सेंसेक्स 501.51 अंक टूटकर 81,757.73 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 651.11 अंक गिरकर 81,608.13 के निचले स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 143.05 अंक का गोता लगातर एक महीने के निचले स्तर 24,968.40 पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा, एक्सिस बैंक के तिमाही नतीजे उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने से निवेशकों ने बैंक शेयरों को लेकर सतर्क रुख अपनाया। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 2.50 लाख करोड़ घटकर 458.37 लाख करोड़ रह गई। ब्यूरो



25,000 के नीचे बंद हुआ निफ्टी

143.05 अंक लुढ़का

### 30 में से 22 कंपनियों के शेयर नुकसान में

*सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। सिर्फ आठ शेयर 1.94 फीसदी बढ़त में बंद हुए। बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.64 फीसदी और मिडकैप में 0.62 फीसदी की गिरावट रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू बाजार में शुद्ध रूप से 374.74 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।*

**ये शेयर सर्वाधिक लुढ़के**

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.24 फीसदी |
| बीईएल | 2.34 फीसदी |
| भारती एयरटेल | 1.49 फीसदी |
| एचडीएफसी बैंक | 1.47 फीसदी |
| कोटक बैंक | 1.44 फीसदी |

**सेक्टोरल इंडेक्स भी गिरे**

| | |
|---|---|
| कैपिटल गुड्स | 1.50 फीसदी |
| बैंकेक्स | 1.33 फीसदी |
| औद्योगिक | 1.08 फीसदी |
| दूरसंचार | 0.99 फीसदी |
| पावर | 0.90 फीसदी |

# अब 9 कैरेट सोने पर भी हॉलमार्किंग जरूरी

## ग्राहकों को सोने की शुद्धता की सही जानकारी देने के लिए उठाया गया कदम

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने शुक्रवार से 9 कैरेट सोने से बनी जूलरी पर भी हॉलमार्क अनिवार्य कर दिया है। अब तक 24, 23, 22, 20, 18 और 14 कैरेट तक के सोने से बने गहनों पर ही हॉलमार्किंग करना अनिवार्य था। हालांकि, सोने से बनी घड़ियों और पेन पर अब हॉलमार्क जरूरी नहीं है।



ऑल इंडिया जेम्स एंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल ने बताया कि अब सभी आभूषण विक्रेताओं और हॉलमार्किंग सेंटरों को बीआईएस के नए नियमों का पालन करना होगा। इसके मुताबिक, 9 कैरेट सोना (375 पीपीटी) भी अनिवार्य हॉलमार्किंग के दायरे में आ गया है। पहले 9 कैरेट सोने के लिए यह जरूरी नहीं था, लेकिन ग्राहकों को सोने की शुद्धता की सही जानकारी देने के लिए इसे अनिवार्य किया गया है।

सराफा विशेषज्ञों का कहना है, 9 कैरेट सोने की हॉलमार्किंग सरकार का एक अच्छा कदम है। इससे सोने के गहने सस्ते और खरीदने में आसान होंगे। खासकर तब जब सोने की कीमत बहुत ऊंची हो। 9 कैरेट सोने में आधुनिक और स्मार्ट डिजाइन आसानी से बनाए जा सकते हैं।

**न्यूज डायरी**

### विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब डॉलर की गिरावट

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्ति 2.47 अरब डॉलर घटकर 588.81 अरब डॉलर रह गई। स्वर्ण भंडार भी 49.8 करोड़ डॉलर कम होकर 84.34 अरब डॉलर रहा। एजेंसी

### इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा 76% बढ़ा

नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज बैंक को पहली तिमाही में 1,111 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले समान तिमाही की तुलना में यह 76 फीसदी अधिक है। सकल बुरा फंसा कर्ज (एनपीए) घटकर 1.97 फीसदी और शुद्ध एनपीए घटकर 0.32 फीसदी पर आ गया है। एजेंसी

### रिलायंस ने केल्विनेटर का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। रिलायंस रिटेल ने देश में तेजी से बढ़ते प्रीमियम घरेलू उपकरण बाजार में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए इलेक्ट्रोलक्स समूह के ब्रांड केल्विनेटर का अधिग्रहण किया है। इसका लेनदेन मूल्य 160 करोड़ आंका गया है। केल्विनेटर रेफ्रिजरेटर, एसी, कूलर, वाशिंग मशीन बनाती है। एजेंसी

# कर विभाग ने आईटीआर-2 भरने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की

नई दिल्ली। कर योग्य पूंजीगत लाभ आय वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार अब वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर-2 फॉर्म भर सकते हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, आयकर रिटर्न फॉर्म-2 अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे हुए आंकड़ों के साथ ऑनलाइन दाखिल किए जा सकते हैं।

आईटीआर-2 फॉर्म उन व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) की ओर से दाखिल किए जाते हैं, जिन्हें पूंजीगत लाभ से आय होती है, लेकिन व्यवसाय या पेशे से कोई




कमाई नहीं होती है। आयकर विभाग ने पिछले महीने आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म दाखिल करने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की थी, जो छोटे और मझोले करदाताओं के लिए सरल फॉर्म हैं। सरकार पहले ही आकलन वर्ष 2025-26 के लिए रिटर्न भरने की समय सीमा 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर चुकी है। एजेंसी

# रिलायंस को रिकॉर्ड 26,994 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कंज्यूमर बिजनेस के शानदार प्रदर्शन से 78.3% बढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफा उम्मीद से अधिक 78.3 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 26,994 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंज्यूमर बिजनेस के शानदार प्रदर्शन से रिलायंस को भारी लाभ हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 15,138 करोड़ था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को बताया, पहली तिमाही में परिचालन राजस्व 5.26 फीसदी बढ़कर 2.48 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, रिफाइनिंग व पेट्रो केमिकल्स कारोबार में 1.5 फीसदी गिरावट रही। वहीं, रिलायंस रिटेल का कर पश्चात मुनाफा 28.3 फीसदी बढ़कर 3,271 करोड़ रुपये पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने कहा कि शानदार परिचालन और मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत हुई है। एजेंसी

### जियो का मुनाफा 25% बढ़कर 7,110 करोड़

रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म का शुद्ध मुनाफा 2025-26 की पहली तिमाही में करीब 25 फीसदी बढ़कर 7,110 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस अवधि में सकल राजस्व सालाना आधार पर 19 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 41,054 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने कहा, ग्राहक आधार में मजबूत वृद्धि और डिजिटल सर्विस कारोबार में उछाल से परिचालन राजस्व बढ़ा है। पहली तिमाही में कंपनी का प्रति उपभोक्ता औसत राजस्व बढ़कर 208.8 रुपये पहुंच गया। 2024-25 की मार्च तिमाही में यह 206.2 रुपये था, जबकि जून तिमाही में 181.7 रुपये रहा था।

# आरबीआई अगस्त में फिर 0.25 फीसदी घटा सकता है रेपो दर

नई दिल्ली। आरबीआई अगस्त में फिर रेपो दर में 0.25 फीसदी कटौती कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो रेपो दर घटकर 5.25 फीसदी हो जाएगी, जो अभी 5.50 फीसदी पर है।

आईसीआईसीआई बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विकास की संभावनाएं मिश्रित बनी हुई हैं। शहरी मांग कमजोर है। ग्रामीण मांग मजबूत बनी हुई है। अमेरिका को माल निर्यात में सुधार हो रहा है, लेकिन अन्य क्षेत्रों को निर्यात कमजोर बना हुआ है। इन रुझानों और वर्तमान महंगाई दर में कमी को देखते हुए अगस्त में नीतिगत दर में 0.25 फीसदी अतिरिक्त कटौती की गुंजाइश बनती है। पिछली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक के बाद से महंगाई अनुमान से काफी कम रही है। चालू वित्त वर्ष में महंगाई औसतन 2.9 फीसदी रह सकती है, जो आरबीआई के पहले के 3.7 फीसदी के अनुमान से काफी कम है। आधार प्रभाव के कारण चौथी तिमाही और अगले वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति बढ़ने का अनुमान है। इसलिए, एमपीसी के लिए वर्ष के अंत में दरों में कटौती का अवसर उपलब्ध नहीं हो सकता है। ब्यूरो

## दुनिया

# चीन ने क्षेत्रीय देशों से कहा, आतंकवाद-रोधी सहयोग बढ़ाएं

## पाक का नाम लिए बिना आतंकवादी गतिविधियों का दृढ़ता से विरोध

बीजिंग। पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-ताइबा की शाखा टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन के रूप में नामित करने पर चीन ने क्षेत्रीय देशों से आतंकवाद-रोधी सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है।

चीन ने कहा, हम किसी भी तरह के आतंकवाद का दृढ़ता से विरोध करते हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने टीआरएफ को विदेशी आतंकी गुट नामित करने के अमेरिकी प्रयास को लेकर पूछे जाने पर भारत के साथ खड़े रहने का समर्थन किया। लिन ने कहा, चीन ने क्षेत्रीय देशों से क्षेत्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए आतंकवाद-रोधी सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्रालय द्वारा टीआरएफ को एक विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने की घोषणा की थी। एजेंसी



लिन जियान

### अब टूटेगी टीआरएफ की विदेशी फंडिंग

जम्मू। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) अब वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। अमेरिका ने इसे विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है। सेना के रिटायर मेजर जनरल आरके शर्मा का कहना है कि लश्कर व जैश जैसे संगठन पाकिस्तान से ऑपरेट होते हैं, जो पहले से आतंकी संगठन घोषित हैं, जिससे इनकी फंडिंग की कमर टूटी। लश्कर ने टीआरएफ खड़ा कर दिया, ताकि फंडिंग मिल सके। अब इसे भी आतंकी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान पर और दबाव बढ़ेगा। इससे टीआरएफ के खिलाफ कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। ये भारत की एक कूटनीतिक जीत है। बकौल शर्मा अब संयुक्त राष्ट्र को भी चाहिए कि इसे आतंकी संगठन घोषित करे। टीआरएफ के जरिये पाकिस्तान विश्व को गुमराह करने का प्रयास कर रहा था लेकिन सफल नहीं हो सका। एजेंसी

# टीआरएफ पर प्रतिबंध से पाकिस्तान फिर बेनकाब

## आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट करने की राह पर बढ़ रहा भारत

अमर उजाला नेटवर्क

नई दिल्ली। लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकी संगठन घोषित होने से अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान फिर बेनकाब हो गया है। टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का यह कहना कि पहलगाम में हुआ हमला नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमला है।

अमेरिका के सुरक्षा विशेषज्ञ रिचर्ड ए. क्लार्क का कहना है कि जब कोई मित्र राष्ट्र, जैसे भारत प्रमाण, खुफिया जानकारी और कूटनीतिक माध्यमों से लगातार यह स्पष्ट करता है कि कोई संगठन वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा है, तो अमेरिका इसका गंभीरता से मूल्यांकन करता है। भारत ने वर्षों से टीआरएफ के खिलाफ विस्तृत डोजियर, खुफिया साक्ष्य और पाकिस्तान की भूमिका को सामने रखा था, जिससे यह निर्णय संभव हो सका।

### चार चरणों में पूरी होती है प्रतिबंध की प्रक्रिया

**पहला चरण :** यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट का ब्यूरो ऑफ काउंटर टेररिज्म दुनियाभर के संदिग्ध संगठनों की गतिविधियों पर नजर रखता है।

**दूसरा चरण :** कानूनी मानदंडों की जांच होती है। संगठन विदेशी होना चाहिए व अमेरिकी कानूनों के मुताबिक किसी आतंकी गतिविधि में लिप्त होना चाहिए।

**तीसरा चरण :** सेक्रेटरी ऑफ स्टेट अन्य संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श कर उस संगठनकी गतिविधियों और खतरे का मूल्यांकन करते हैं। फिर अंततः उसे एफटीओ के तहत सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया जाता है।

**चौथा और निर्णायक चरण :** एक बार संगठन आतंकी घोषित हो जाए, तो उस पर आर्थिक-कानूनी प्रतिबंध लागू हो जाते हैं। अमेरिका में संपत्तियां जब्त हो जाती हैं, फंडिंग रोक दी जाती है और उससे जुड़ाव अपराध बन जाता है।

### जयशंकर ने प्रमुखता से रखी थी आतंक पर बात

सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में क्वाड बैठक के दौरान टीआरएफ और पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क की चर्चा प्रमुखता से की थी। अमेरिका का यह निर्णय उस अंतरराष्ट्रीय संवाद का प्रतिफल माना जा रहा है। यह स्पष्ट रूप से भारत की उस नीति को समर्थन देता है, जिसमें वह पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक जनमत को संगठित कर रहा है। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को वैश्विक एजेंडे में लाने में सफल हो रहा है।

**न्यूज डायरी**

### पाकिस्तान : इसी वर्ष में चुकाना होगा अरबों डॉलर विदेशी ऋण

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नकदी संकट को लेकर हालत और भी खराब हो रही है। पाकिस्तान को 1 जुलाई से शुरू हुए चालू वित्त वर्ष के दौरान 23 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी कर्ज इसी साल चुकाना होगा। पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, इस साल मार्च के अंत में पाकिस्तान का कुल कर्ज 76.01 खरब रुपये था, जिसमें 51.52 खरब रुपये का घरेलू ऋण शामिल था। एजेंसी

### वैश्विक मदद में कटौती की योजना अमेरिका में मंजूर

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विश्व और सार्वजनिक प्रसारकों को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता में 9 अरब डॉलर की कटौती योजना को मंजूरी दे दी है। सीनेटरों ने 51 के मुकाबले 48 मतों से ट्रंप के उस अनुरोध को पारित कर दिया जिसमें कांग्रेस द्वारा पहले से स्वीकृत व्यय में 9 अरब डॉलर की कटौती की बात कही गई थी। यह कटौती विदेश में बीमारी, युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं से लड़ने में मदद के लिए दी जाती है। एजेंसी

# ईयू के रूस पर सख्त प्रतिबंध, भारत की रिफाइनरी, फ्लैग रजिस्ट्री पर भी निशाना

## यूरोपीय संघ ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के ऊर्जा राजस्व, शैडो फ्लीट पर निशाना साधा

नई दिल्ली/ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की एक नई श्रृंखला को मंजूरी दे दी है। इसके तहत तेल की कीमत सीमा, नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइनों के साथ लेनदेन पर प्रतिबंध और छाया बेड़ों को लक्षित करना शामिल है। इसमें रूसी ऊर्जा दिग्गज रोसनेफ्ट की भारतीय तेल रिफाइनरी पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया और तेल की कीमत सीमा कम कर दी गई है। साथ ही भारतीय जहाजों की फ्लैग रजिस्टट्री को भी निशाने पर लिया गया है।

भारतीय तेल रिफाइनरी नायरा एनर्जी लिमिटेड द्वारा संचालित होती है, जिसमें रूस सरकार के स्वामित्व वाली तेल कंपनी रोसनेफ्ट की 49.13% हिस्सेदारी है। रूस पर ताजा प्रतिबंध पैकेज में नई बैंकिंग रोक व रूसी कच्चे तेल से बने ईंधन पर प्रतिबंध शामिल हैं। वर्तमान में 60 डॉलर प्रति बैरल पर निर्धारित कम तेल मूल्य सीमा से भारत जैसे खरीदारों को कम दरों पर रूसी कच्चा तेल बेचने की मजबूरी होगी। लेकिन कई बाधाएं भी होंगी। भारत पर यह कार्रवाई पहली बार हुई है। एजेंसी



49.13% है नायरा एनर्जी में रोसनफ्ट के पास हिस्सेदारी

### भारत को फायदा लेकिन कई बाधाएं

यदि अमेरिका प्रतिबंधों की धमकी पर अमल करता है तो निरंतर खरीदारी खतरे में पड़ने के साथ रूसी निर्यात खरीदने वाले देशों को प्रतिबंधों या भारी शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। रूस डिलीवरी के आधार पर भारत को कच्चा तेल देकर कार्गो जहाजों के लिए शिपिंग-बीमा संभालता है। रूस से यह तेल शैडो फ्लीट के जरिये लाया जाता है। ऐसे में नए प्रतिबंधों से कई बाधाएं खड़ी होंगी।

### यूक्रेन को समर्थन से पीछे नहीं हटेंगे

ईयू ने प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई पर कहा, संदेश स्पष्ट है कि यूरोप यूक्रेन के लिए अपने समर्थन से पीछे नहीं हटेगा। ईयू तब तक दबाव बढ़ाता रहेगा जब तक रूस अपना युद्ध खत्म नहीं कर देता। कैलास ने कहा, ये उपाय युद्ध से जुड़े रूस के विरुद्ध अब तक के मजबूत प्रतिबंध पैकेजों में से एक हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, रूस के सभी बुनियादी ढांचे को रोकने चाहिए।

### यूरोपीय देशों को तेल आपूर्ति नहीं कर सकेगी नायरा एनर्जी लिमिटेड

ईयू ने भारत स्थित रूसी कंपनी रोसनेफ्ट की सब्सिडियरी कंपनी नायरा इनर्जी की रिफाइरनी पर भी प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। ईयू ने रोसनेप्ट की इस रिफाइनरी को रूस के कच्चे तेल की ढुलाई में छद्म तरीके से मदद करने का आरोप लगाते हुए उस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। अब नायरा के लिए वैश्विक बाजार के रास्ते बंद हो सकते हैं।

### ■ ईयू ने कहा-रूस पर कड़े प्रतिबंधों को मंजूरी

नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए यूरोपियन यूनियन की विदेश नीति की प्रमुख काजा क्लास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ईयू ने रूस के खिलाफ अब तक के सबसे कड़े प्रतिबंधों में से एक को मंजूरी दी है। पुराने प्रतिबंधों के बावजूद रूस अभी तक अपना तेल बेचने में कामयाब रहा है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि प्रतिबंधों पर अमल की निगरानी कौन करेगा। बावजूद इसके व्यापार जगत का मानना है कि यूरोपियन यूनियन के नए प्रतिबंधों से रूस के तेल व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

### *रूसी अफसरों पर ब्रिटिश प्रतिबंध*

*लंदन। ब्रिटेन ने शुक्रवार को रूसी सैन्य खुफिया इकाइयों और अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया। 2022 में दक्षिणी यूक्रेन के एक थिएटर पर बम हमले की तैयारी के पीछे उनका हाथ बताया गया, जिसमें सैकड़ों नागरिक मारे गए थे। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा, उसने रूसी सैन्य खुफिया इकाई, के लिए काम करने वाले 18 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। एजेंसी*

# नेपाल के प्रधानमंत्री ने कहा-उचित समय पर भारत यात्रा जरूर करूंगा

## कहा, पीएम मोदी संभवतः नवंबर में नेपाल आएंगे, उन्हें निमंत्रण भेजा

काठमांडो। नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने कहा है कि वह उचित समय पर भारत की यात्रा करेंगे और उनकी यात्रा को लेकर दोनों पक्ष जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत यात्रा के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ओली की यह टिप्पणी स्थानीय मीडिया द्वारा लगाई जा रही उन अटकलों के बीच आई है कि ओली को नई दिल्ली से आधिकारिक यात्रा के लिए कोई निमंत्रण नहीं मिला है।

ओली ने बृहस्पतिवार देर रात नेपाली यूट्यूब चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मैं संभवतः भारत की यात्रा पर जाऊंगा। मेरी भारत यात्रा दोनों पक्षों की ओर से आवश्यक जमीनी कार्य पूरा करने के बाद होगी। ओली ने गत वर्ष जुलाई में चौथी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा पर भारत जाने की परंपरा को तोड़ते हुए चीन जाने का फैसला किया। एजेंसी



केपी शर्मा ओली

### भारत पर अटकलें खारिज कीं

ओली ने उन सभी अटकलों को खारिज किया कि भारत उन्हें पसंद नहीं करता है। उन्होंने कहा, जब मैं पीएम बना, तो भारत ने कुछ भी गलत नहीं किया। एक अलग संदर्भ में ओली ने कहा, भारत और चीन, दोनों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। दोनों ही उभरती हुई आर्थिक शक्तियां हैं और हमारे लिए फायदेमंद हैं।

### *ऑनलाइन धोखाधड़ी के चलते टेलीग्राम पर रोक*

*काठमांडो। नेपाल ने अपने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देने के आरोप में मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण (एनटीए) ने शुक्रवार को सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इस बारे में नोटिस जारी किया गया। एजेंसी*

# चीन : विदेशी से संबंध के आरोप में छात्रा निष्कासित

### छात्रा की अनुचित बातचीत से राष्ट्रीय गरिमा को क्षति पहुंचने का कारण बताया

बीजिंग। चीनी विश्वविद्यालय ने विदेशी व्यक्ति से अनुचित बातचीत के आरोप में एक छात्रा को यह कहते हुए निष्कासित कर दिया कि इससे राष्ट्रीय गरिमा को नुकसान पहुंचा है। पिछले सप्ताह जारी एक बयान में डेलियन पॉलीटेक्नीक विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्रा को 60 दिन के लिए निष्कासित किया गया है। विवि ने कहा, छात्रा ने हमारे एक नियम का उल्लंघन किया, जिसके अनुसार विदेशियों के साथ अनुचित बातचीत करने से राष्ट्रीय गरिमा को नुकसान पहुंचता है। बयान में कहा गया है, 16 दिसंबर, 2024 को आपके दुर्व्यवहार के कारण भयावह नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उसने यह नहीं बताया कि दुर्व्यवहार क्या था। एजेंसी

## विश्व 6 रेड स्नूकर में भारत की अगुवाई करेंगे पंकज

*मनामा (बहरीन)। तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में एक मजबूत भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। पिछले महीने कोलंबो में भारत को एशियाई टीम स्नूकर में जीत दिलाने के बाद, बृजेश दमानी और आदित्य मेहता के साथ वाइल्डकार्ड पाने वाले आडवाणी, विश्व चैंपियनशिप में भी फॉर्म को कायम रखना चाहेंगे। मौजूदा चैंपियन कमल चावला भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। एजेंसी*



# खेल पंचाट की मुहर के बाद इंटर काशी बना आईलीग फुटबाल चैंपियन

## भारतीय फुटबाल महासंघ की अपील समिति का फैसला खारिज, वाराणसी के क्लब ने दूसरी अपील भी जीती

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट (सीएएस) ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अपील समिति के चर्चिल ब्रदर्स को आई लीग खिताब देने के फैसले को खारिज कर दिया जिसके बाद इंटर काशी को आई लीग चैंपियन घोषित किया गया।

एआईएफएफ ने गोवा के क्लब चर्चिल ब्रदर्स को आई लीग चैंपियन घोषित किया था और इसकी अपील समिति ने एक अयोग्य खिलाड़ी को मैदान में उतारने से संबंधित मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था। वाराणसी का यह क्लब अंक काटे जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लेकिन इंटर काशी की अपील पर खेल पंचाट ने एआईएफएफ से चर्चिल ब्रदर्स को खिताब देने के अपने फैसले को पलटने को कहा है। लुसाने स्थित पंचाट ने कहा, एआईएफएफ को तुरंत इंटरकाशी एफसी को आई लीग 2024-25 सत्र का विजेता घोषित करना चाहिए। फुटबाल महासंघ ने कहा, पंचाट ने फैसला सुनाया है कि एआईएफएफ इंटर काशी एफसी को आई-लीग का विजेता घोषित किया जाए। एआईएफएफ इंटर काशी को आई-लीग 2024-25 का चैंपियन चुने जाने पर बधाई देता है। पंचाट के फैसले के अनुरूप, इंटर काशी ने 42 अंकों पर, चर्चिल ब्रदर्स ने 40 अंकों पर, रियल कश्मीर ने 37 अंकों पर और नामधारी एफसी ने 29 अंकों पर सत्र खत्म किया। दरअसल यह अपील समिति के फैसले के खिलाफ इंटर काशी द्वारा जीती गई दूसरी अपील थी, जिस पर पिछले माह ही अनुकूल फैसला आ चुका था। एजेंसी



इंटर काशी ने दूसरे ही सत्र में आईलीग का खिताब अपने नाम कर लिया। एजेंसी

### अतिरिक्त विदेशी खिलाड़ी के पंजीकरण का था मामला

*इंटर काशी की दूसरी अपील महासंघ की अपील समिति के चर्चिल ब्रदर्स और रियल कश्मीर के पक्ष में दिए गए फैसले से संबंधित थी। इन क्लबों का आरोप था कि इंटर काशी ने सत्र के दौरान सातवें विदेशी खिलाड़ी को पंजीकृत करके नियमों का उल्लंघन किया है जबकि छह को ही अनुमति दी गई थी।*

### फुटबाल महासंघ को इंटर काशी को देने होंगे 3 लाख

एआईएफएफ को मध्यस्थता की लागत का 55 प्रतिशत (लगभग 3,000 स्विस फ्रैंक करीब 3,22,275 रुपये) इंटर काशी को देना होगा जबकि अन्य पक्ष (चर्चिल, नामधारी और रियल कश्मीर) को 15-15 प्रतिशत (लगभग 1,000 स्विस फ्रैंक या 1,07,413 रुपये) का भुगतान करना होगा। पंचाट ने कहा, एआईएफएफ चर्चिल, नामधारी और रियल कश्मीर को मध्यस्थता कार्यवाहियों के दौरान होने वाले खर्चों के लिए कानूनी योगदान के तौर पर 3,000 स्विस फ्रैंक का भुगतान करेगा और इंटर काशी को 1,000 स्विस फ्रैंक का भुगतान करेगा।

## बेटियों की निगाह इंग्लैंड से वनडे श्रृंखला जीत पर



**लंदन।** भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को दूसरे वनडे में जीत हासिल करके श्रृंखला में अजेय बढ़त के साथ ही विश्वकप तैयारी को पुख्ता करने की कोशिश करेगी। भारत ने पहला मैच 4 विकेट से जीता था और दूसरे में जीत से वह श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे वनडे में जीत का क्रम भी जारी रहेगा जिसमें मई में श्रीलंका और द.अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में मिली जीत शामिल है। (मैच दोपहर 3.30 बजे से)। एजेंसी

## न्यूज डायरी



सिंगापुर में चल रही विश्व तैराकी में मैक्सिको की फर्नाडा और इतजामेरी गोंजालेज प्रदर्शन करती हुईं। एजेंसी

### न्यूजीलैंड ने कॉन्वे की पारी से जिंबाब्वे को दी शिकस्त

**हरारे।** डेवोन की 40 गेंदों में 59 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने जिंबाब्वे को टी-20 में आठ विकेट से हरा दिया। जिंबाब्वे ने सात विकेट पर 120 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 6.1 ओवर शेष रहते दो विकेट पर 122 रन बना लिए। कॉन्वे का एक रन पर कैच छूटा, 34 पर रनआउट से बचे। कॉन्वे के अलावा रचिन रविंद्र ने 19 गेंदों पर तीस रन बनाए। मिचेल 26 पर नाबाद रहे। एजेंसी

### तैराक श्रीहरि का 200 मीटर फ्री स्टाइल में श्रेष्ठ समय

**नई दिल्ली।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने जर्मनी में चल रहे वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों की 200 मीटर फ्री स्टाइल में श्रेष्ठ भारतीय समय को पीछे छोड़ते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नटराजन ने 1:48.22 सेकंड का समय निकाला और सिंगापुर में पिछले माह 1:48.66 के अपने श्रेष्ठ समय को पीछे छोड़ा और 5वें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। एजेंसी

### कलिकेश आईएसएसएफ समिति में चेयरमैन बने

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स महासंघ ने राष्ट्रीय राइफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को ई स्पोर्ट्स, ई गेम्स और तकनीक नवाचार समिति का अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया है। नवगठित समिति आईएसएसएफ की रणनीतिक पहल है। एजेंसी



### प्रतिका रावल पर जुर्माना एक डिमेरिट अंक भी जुड़ा

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रतिका रावल पर लेवल-1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। रावल को विपक्षी खिलाड़ियों लॉरेन फाइलर और सोफी से अनावश्यक टकराव का दोषी पाया। हालांकि प्रतिका का कहना है कि वे विपक्षी खिलाड़ियों से जानबूझकर नहीं टकराई थीं। एजेंसी

# शुभमन की टीम हर क्षेत्र में पड़ी है भारी ओल्ड ट्रैफर्ड में फिर पलटवार की तैयारी

## अब तक रन बनाने, शतक लगाने, विकेट लेने में आगे रहा है भारत, फिर भी सीरीज में है 1-2 से पीछे

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पीछे जरूर है, लेकिन शुभमन गिल की टीम अब तक खेल के ज्यादातर विभागों में मेजबान टीम पर भारी पड़ी है। भारतीय टीम ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में इंग्लैंड से ज्यादा रन बनाए हैं, ज्यादा शतक भी लगाए हैं, गेंदबाजी का औसत भी भारत का श्रेष्ठ है।

अब तक सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाला और रन बनाने वाला क्रिकेटर भी भारतीय है। बावजूद इसके टीम सीरीज में पिछड़ी हुई है। अच्छी बात यह है कि भारतीय टीम ने अब तक जिस तरह का प्रदर्शन दिखाया है, उससे सीरीज के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में विरोधी टीम भी उसे खारिज करने की भूल नहीं करेगी। यह लीड्स और लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवें दिन का पहला सत्र रहा, जिसने अब तक सीरीज में बड़ा अंतर पैदा किया है। इन दोनों सत्रों में बेन डकेट-जैक क्राउले की शानदार बल्लेबाजी और जोफरा आर्चर-बेन स्टोक्स की गेंदबाजी ने भारत को सीरीज में 1-2 से पीछे धकेल दिया। यहां गलतियां नहीं हुई होतीं तो तीन टेस्ट मैचों के बाद स्थिति भारत के पक्ष में 3-0 या 2-1 से हो सकती थी। यही कारण है कि 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम मनोबल के साथ मुकाबला करने उतरेगी। एजेंसी



सीरीज में वापसी के लिए कप्तान गिल को फिर रन बनाने होंगे।

### इंग्लैंड के 2095 के मुकाबले भारत ने 2406 रन बनाए

भारत को लीड्स टेस्ट में पांच विकेट से और लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रन से हार मिली थी, जबकि दूसरा एजबेस्टन टेस्ट उसने 336 रन के अंतर से जीता था। भारत ने तीन टेस्ट की छह पारियों में अब तक 2406 रन बनाए हैं, जबकि इंग्लैंड 2095 रन ही बना पाया है। सीरीज में आठ भारतीय बल्लेबाज शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के पांच बल्लेबाजों ने ही शतक जड़े हैं। तीन टेस्ट में चार बार भारतीय गेंदबाज पारी में पांच विकेट ले चुके हैं। इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज ने अब तक यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। आकाशदीप ने मैच में 10 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड का कोई गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाया है। सिराज ने सर्वाधिक 13, जबकि गिल ने 607 रन बनाए हैं।

**सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले क्रिकेटर**

| बल्लेबाज | रन | औसत |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | 607 | 101.16 |
| ऋषभ पंत | 425 | 70.83 |
| जेमी स्मिथ | 415 | 103.75 |
| केएल राहुल | 375 | 62.50 |
| रविंद्र जडेजा | 327 | 109.00 |

**भारत-इंग्लैंड अब तक सीरीज में**

| | |
|---|---|
| शतक | भारत-आठ, इंग्लैंड पांच |
| रन | भारत 2406, इंग्लैंड 2095 |
| विकेट लिए | भारत 55, इंग्लैंड 56 |
| पारी में 5 विकेट | भारत 04, इंग्लैंड 00 |
| मैच में 10 विकेट | भारत 01, इंग्लैंड 00 |

*■ भारतीय गेंदबाजों का कुल औसत 37.41 रहा है, जबकि इंग्लैंड का औसत 43.74 है।*

### गंभीर ने जडेजा की सराहना की

भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर ने लॉर्ड्स टेस्ट में रविंद्र जडेजा की 181 गेंद में खेली गई 61 रन की साहसिक पारी की जमकर सराहना की है। गंभीर ने उनकी इस पारी को अविश्वसनीय संघर्ष करार दिया। जडेजा ने इस पारी के दौरान बुमराह और सिराज के साथ 35.2 ओवर खेले। इस दौरान बुमराह ने पांच और सिराज ने चार रन बनाए। भारतीय टीम के सहायक कोच रेयन टेन डोशेट ने कहा, उनकी यहां बल्लेबाजी अलग स्तर पर थी।


*■ मैं उन्हें लंबे समय से देख रहा हूं और वह अपने खेल को अलग स्तर पर ले गए हैं। उनका रक्षण एक संपूर्ण बल्लेबाज की तरह शानदार है। सौराष्ट्र की टीम में जडेजा के साथी रहे और भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक का कहना है कि मैंने हमेशा महसूस किया है कि उनमें दबाव को झेलने की क्षमता है।*

### मिशन ओलंपिक 2036 का संकल्प मजबूत

# 3 हजार खिलाड़ियों को 50 हजार रुपये प्रति माह : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि 2036 के ओलंपिक की पदक तालिका में भारत शीर्ष पांच देशों में शुमार होगा। इस ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने के प्रयास में लगे भारत ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार की ओर से इसके लिए लगभग तीन हजार खिलाड़ियों को 50 हजार रुपये प्रति माह की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

इस ओलंपिक की तैयारियों के लिए विस्तृत योजना भी तैयार की जा रही है। बर्मिंघम (अमेरिका) में आयोजित 21वें विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल के सम्मान के मौके पर गृह मंत्री ने कहा, भारत 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी पेश करने जा रहा है और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को आशय पत्र भी दाखिल किया जा चुका है। यही नहीं हम राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए भी दावेदारी पेश कर चुके हैं। एजेंसी



### खेलों को गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना

गृह मंत्री ने कहा कि मेजबानी का उद्देश्य देश में खेलों को लोगों के जीवन का अहम हिस्सा बनाना है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत बड़ी संख्या में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में खेलों को पिछले 10 वर्षों में अहमियत दी गई है। मोदी सरकार खेलों को गांव-गांव तक पहुंचा रही है और खेल में बच्चों का चयन उनकी तैयारियां वैज्ञानिक आधार पर कराई जा रही हैं।

### 613 पदक जीतने वाला दल सम्मानित

गृह मंत्री ने कहा कि अगर पुलिस कर्मी दिनचर्या में खेलों को शामिल करे तो वह तनावमुक्त रहेंगे, साथ ही कार्य कुशलता भी बढ़ेगी। गृह मंत्री ने कहा पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड से जुड़े सभी पुलिस बलों को कम से कम तीन पदक जीतना सुनिश्चित करना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल किया तो 2029 में गुजरात में होने वाले विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में हम इस वर्ष के खेलों में जीते गए 613 पदकों को पीछे छोड़ देंगे। अर्जुन की तरह लक्ष्य साधकर पुलिस बल के खिलाड़ी इन खेलों के लिए आगे बढ़ें। इन खेलों में भाग लेने के लिए भारतीय दल को चार करोड़ 38 लाख 85 हजार रुपये की राशि दी गई है।

## हंपी-हरिका, वैशाली और दिव्या क्वार्टर फाइनल में

**बातूमी।** शतरंज विश्वकप में बेटियों ने इतिहास रच दिया। रैपिड विश्व चैंपियन कोनेरू हंपी, आर वैशाली, डी हरिका और दिव्या देशमुख ने अपने टाईब्रेक मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्वकप के अंतिम-8 में पहली बार 4 भारतीय खिलाड़ी खेलेंगे। अंतिम-16 में चारों खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ दो बाजियों के बाद 1-1 की बराबरी पर थीं। फैसले के लिए टाईब्रेक में चारों भारतीयों को सफलता मिली।



हंपी

विश्वकप शतरंज

दिव्या देशमुख और डी हरिका के बीच क्वार्टर फाइनल होगा जिससे एक भारतीय का सेमीफाइनल में पहुंचना भी तय हो गया है। हंपी ने पूर्व विश्व चैंपियन अलेक्जेंद्रा कोस्टेनिक को हराया। उन्होंने टाईब्रेक में 1.5-0.5 से जीत दर्ज की। हरिका कैटेरिना लगाने से दूसरे टाईब्रेक में जीतीं। जहां पहली बाजी ड्रॉ रही और दूसरी उन्होंने जीती। दिव्या ने चीन की जू झिनेर को 1.5-0.5 से हराया। वैशाली ने कमालिदिनोव को ब्लिट्ज में हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। एजेंसी

**फ्रीस्टाइल शतरंज** कार्लसन को हराने के बाद कारुआना से हारे प्रगनानंदा, अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव को हराया

## एरिगेसी सेमीफाइनल में, प्रगनानंदा हार के साथ बाहर

**लास वेगास।** विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद आर प्रगनानंदा क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी फैबियानो कारुआना से हार गए। हार के साथ प्रगनानंदा की टूर्नामेंट से विदाई हो गई। भारतीय चुनौती को अर्जुन एरिगेसी ने बरकरार रखा है। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

साढ़े सात लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये) की इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत दर्ज की। प्रगनानंदा को कड़े मुकाबले में 3-4 से हार मिली। अर्जुन सेमीफाइनल में अमेरिका के लेवन आरोनियन से भिड़ेंगे। निएमन भी अंतिम-4 में पहुंचे। एजेंसी



### ड्रॉ के बाद दूसरी बाजी में अर्जुन को मिली जीत

पहले गेम में बेहतरीन ओपनिंग के बावजूद अर्जुन ने मध्य गेम में गलती की, जिसके चलते अब्दुसत्तोरोव ने उनसे अंक बांट लिया। दूसरी बाजी में अर्जुन सफेद मोहरों से खेल रहे थे। जल्द ही उन्होंने हाथी और ऊंट जीत लिया। इसके बाद अर्जुन का बाजी पर दबदबा हो गया, जिससे यह गेम फ्रीस्टाइल नहीं होकर अर्जुन के पक्ष में चला गया।

■ **निचले दौर में कार्लसन ने गुजराती को हराया :** आरोनियन ने हिकारु नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराया, जबकि निएमन ने जावोखिर सिंदारोव पर 4-2 से जीत दर्ज की। निचले स्थान के मुकाबलों में मैग्नस कार्लसन जीत की पटरी पर वापस लौट आए। उन्होंने भारतीय विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। फ्रीस्टाइल शतरंज में आम मुकाबलों की तरह बाजी की शुरुआत में मोहरों की पोजीशन निर्धारित नहीं होती हैं।

■ पहले गेम में प्रगनानंदा ने जीत हासिल की, लेकिन उन्हें दूसरे में हार मिली। छह गेम तक यही सिलसिला चलता रहा। सातवें मुकाबले में कारुआना ने जीत हासिल कर ली।

**अमर उजाला**
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919

## बिंदास

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

निर्देशक मोहित सूरी, जिन्होंने 'आशिकी 2', 'एक विलेन', 'वो लम्हे' जैसी भावनात्मक फिल्में बनाई हैं, उन्होंने 'सैयारा' में भी वही दर्द और गहराई दिखाने की कोशिश की है।

कुछ फिल्में आपको हंसाती हैं, कुछ रुलाती हैं। कुछ ऐसी होती हैं, जो लंबे वक्त तक दिल में बस जाती हैं। 'सैयारा' उन्हीं फिल्मों में से एक है। फिल्ममेकर मोहित सूरी, जो पहले भी 'आशिकी 2', 'वो लम्हे', 'जहर' और 'एक विलेन' जैसी इमोशनल लव स्टोरीज दे चुके हैं, इस बार यशराज फिल्म्स के साथ मिलकर टूटे दिलों की आवाज लेकर आए हैं।

# बिना किसी ट्विस्ट और ड्रामा के अहान-अनीत ने जीता दिल

**'सैयारा'** एक इमोशनल लव स्टोरी है, जिसमें दो टूटे हुए दिल एक-दूसरे की आवाज बनते हैं। वाणी बत्रा (अनीत पड्डा) को कविताएं लिखना बेहद पसंद है, लेकिन वह यह बात दुनिया से छुपाकर रखती है। शादी के दिन उसका मंगेतर उसे छोड़ जाता है, जिससे वह अंदर से टूट जाती है और लिखना भी छोड़ देती है। छह महीने बाद वाणी को नई नौकरी मिलती है, जहां उसकी मुलाकात होती है कृष कपूर (आहान पांडे) से। कृष सिंगर बनने की कोशिश में लगा गुस्सैल और अकेला लड़का है। वह वाणी की एक पुरानी कविता पढ़कर उस पर गीत लिखने के लिए कहता है। काम के दौरान दोनों एक-दूसरे के करीब आते हैं और उनके बीच एक अनकहा रिश्ता बनने लगता है, मगर प्यार की इस राह में कई उलझनें हैं। क्या इनका रिश्ता इन सभी मुश्किलों से गुजर पाएगा? यही फिल्म का असली सवाल है।

एक्टिंग की बात करें तो आहान पांडे ने कृष के किरदार को अच्छे से निभाया है। शुरुआत में थोड़े रुखे लगते हैं, लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, उनकी आंखों और हाव-भाव से



इमोशंस झलकने लगते हैं। उनका किरदार बाहर से सख्त लेकिन अंदर से बेहद भावुक है। अनीत पड्डा ने वाणी के किरदार को बहुत ही सच्चाई और मासूमियत से निभाया है। वाणी की जिंदगी में एक ऐसा मोड़ आता है, जो ऑडियंस को झकझोर देता है। स्क्रीन पर उनका डर, स्ट्रगल और फिर भी मुस्कराते रहना, ये सब बहुत असरदार लगता है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आहान और अनीत की जोड़ी में एक ताजगी और ईमानदारी है, जो आजकल के कई नए कलाकारों में नहीं दिखती। बात करें स्क्रीनप्ले की, तो कुछ सीन जरूरत से ज्यादा वक्त लेते हैं और थोड़ा प्रेडिक्टेबल भी हैं, लेकिन फिल्म का इमोशनल ग्रैविटी उसे बैलेंस कर देता है। दूसरे हाफ में वाणी और कृष के बीच के इमोशनल मोमेंट्स दिल को छू जाते हैं बिना कुछ कहे भी बहुत कुछ कह जाते हैं।




निर्देशक मोहित सूरी, जिन्होंने 'आशिकी 2', 'एक विलेन', 'वो लम्हे' जैसी भावनात्मक फिल्में बनाई हैं, उन्होंने 'सैयारा' में भी वही दर्द और गहराई दिखाने की कोशिश की है। कहानी के कुछ हिस्से थोड़े लंबे जरूर लगते हैं, लेकिन उनका इमोशनल ट्रीटमेंट ऑडियंस को बांधे रखता है।

फिल्म का म्यूजिक इसकी आत्मा है। टाइटल ट्रैक 'सैयारा' दिल छू जाता है और खत्म होने के बाद भी जहन में रहता है। बाकी गाने उतना प्रभाव नहीं छोड़ते, लेकिन बैकग्राउंड स्कोर हर इमोशनल सीन को और गहराई देता है।

फिल्म की शुरुआत थोड़ी धीमी लगती है, जिससे ऑडियंस को कहानी में घुलने-मिलने में थोड़ा समय लगता है। कुछ सीन जरूरत से ज्यादा लंबे हैं और कुछ डायलॉग्स बार-बार जैसे लगते हैं। फिल्म में कोई बड़ा ट्विस्ट या चौंकाने वाला मोड़ नहीं है, जिससे यह थोड़ी सीधी-सादी लगती है। कुछ लोगों को ये चीजें थोड़ी बोरिंग लग सकती हैं।

अगर आप इमोशनल, सच्ची एक्टिंग और खूबसूरत म्यूजिक वाली फिल्में पसंद करते हैं, तो 'सैयारा' जरूर देखें। यह फिल्म आपको इमोशंस की उस दुनिया में ले जाएगी, जहां हर सीन कुछ महसूस कराता है।

ऋतिक रोशन के पिता राकेश रोशन इस समय मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी बेटी और ऋतिक की बहन सुनैना रोशन ने पिता की हेल्थ पर अमर उजाला डिजिटल को एक्सक्लूसिव अपडेट शेयर किया है।

# राकेश रोशन की हुई एंजियोप्लास्टी बेटी ने दी हेल्थ अपडेट

**मशहूर** फिल्ममेकर राकेश रोशन को 16 जुलाई को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों के अनुसार, उन्हें अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण अस्पताल ले जाया गया था। हालांकि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

**सुनैना ने सेहत को लेकर दी जानकारी :** इस बीच राकेश रोशन की बेटी सुनैना रोशन ने अमर उजाला डिजिटल से एक्सक्लूसिव बातचीत की। उन्होंने कहा, 'हां, पापा की गर्दन की एंजियोप्लास्टी हुई थी, लेकिन अब वह बिल्कुल ठीक हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। वह अब आराम कर रहे हैं।'

**ऋतिक समेत पूरा परिवार अस्पताल में मौजूद :** राकेश रोशन के परिवार के सभी मेंबर्स इस समय उनके साथ हैं। बेटे और सुपरस्टार ऋतिक रोशन,



AMAR UJALA EXCLUSIVE

ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद और बेटी सुनैना अस्पताल में मौजूद हैं और उनकी देखभाल कर रहे हैं। इस बारे में जब ऋतिक की पूर्व पत्नी सुजैन खान से संपर्क किया, तो उन्होंने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह परिवार से जुड़ी किसी भी बात पर टिप्पणी नहीं कर सकतीं।

**'वॉर 2' में नजर आएंगे ऋतिक :** बात करें ऋतिक के वर्कफ्रंट की तो वह जल्द ही यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का एक और पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं पर्दे पर एक बार फिर ऋतिक के एक्शन अवतार को देखने के लिए।

## क्रिप्टो को मुख्यधारा में लाने के लिए ट्रंप ने बनाया कानून

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी, जिसे स्टेबलकॉइन के नाम से भी जाना जाता है, के लिए एक नियामक व्यवस्था बनाने के लिए एक कानून पर हस्ताक्षर किए। विशेषज्ञ इस कानून को एक मील का पत्थर बता रहे हैं। इससे डिजिटल परिसंपत्तियों को भुगतान करने और धन स्थानांतरित करने का एक रोजमर्रा का तरीका बनने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। 'जीनियस एक्ट' नामक यह विधेयक 308 बनाम 122 मतों से पारित हुआ और इसे लगभग आधे डेमोक्रेटिक सदस्यों और अधिकांश रिपब्लिकन ने समर्थन दिया। यह कानून क्रिप्टो समर्थकों के लिए एक बड़ी जीत है। वे लंबे समय से इस तरह के नियामक ढांचे की पैरवी कर रहे थे। ट्रंप ने कहा, यह हस्ताक्षर आपकी कड़ी मेहनत और अग्रणी भावना का एक बड़ा सत्यापन है। इसमें कई क्रिप्टो अधिकारी शामिल हैं। स्टेबलकॉइन्स को एक स्थिर मूल्य बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। इनका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। खासकर क्रिप्टो ट्रेडर्स द्वारा जो टोकन के बीच फंड ट्रांसफर करते हैं। एजेंसी


## रॉयलओक फर्नीचर

**दिल्ली-एनसीआर में तनाव कम करने में बना मददगार, किफायती दामों में बेहतर जीवनशैली का वादा**

नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025: भारत के नंबर 1 फर्नीचर ब्रांड रॉयलओक फर्नीचर ने दिल्ली-एनसीआर और आगरा के निवासियों के जीवन में सुकून और आराम लाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। यह ब्रांड अब उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर और होम डेकोर उत्पादों को बजट में उपलब्ध कराकर घरों को मानसिक शांति देने वाले आशियानों में बदल रहा है।




आज के तेज़ और तनावपूर्ण जीवन में जहां आराम और मानसिक शांति की ज़रूरत पहले से कहीं ज़्यादा महसूस की जा रही है, वहीं रॉयलओक अपने उत्पादों के ज़रिए लोगों को उनके घरों में सुकून भरा माहौल देने का कार्य कर रहा है। सोहना रोड, फरीदाबाद, गुरुग्राम, पश्चिम विहार और कीर्ति नगर में स्थित स्टोर्स के माध्यम से रॉयलओक का उद्देश्य है कि काम, स्कूल या कॉलेज से थके हुए लोग जब घर लौटें, तो उन्हें एक आरामदायक और सुंदर वातावरण मिल सके—जो उन्हें अगले दिन के लिए तरोताज़ा होने का मौका दे।

**कीमतें भी आकर्षक हैं**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹22,000 से सोफा शुरू | ₹14,900 से बेड | ₹15,900 से डाइनिंग सेट | ₹14,990 से रेक्लाइनर |
| ₹4,500 से कंप्यूटर/स्टडी टेबल | ₹3,899 से आउटडोर/गार्डन फर्नीचर | ₹149 से होम डेकोर | ₹9,900 से गद्दे |

अध्ययनों से पता चला है कि हल्के रंग, प्राकृतिक सामग्री, कोमल रोशनी और आरामदायक फर्नीचर जैसे सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए इंटीरियर तनाव और चिंता को काफी हद तक कम कर सकते हैं। ऐसे में रॉयलओक का सॉलिड वुड और अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइनों से सजा फर्नीचर — जैसे अमेरिकी, इटालियन और मलेशियन कलेक्शन — घरों को एक नया रूप दे रहा है।

**ब्रांड ग्राहकों को 70% तक की छूट, मुफ्त डिलीवरी व इंस्टॉलेशन, ईएमआई की सुविधा, और फर्नीचर एक्सचेंज प्रोग्राम जैसी सुविधाएं भी दे रहा है।**

- रॉयलओक की दिल्ली-एनसीआर में मौजूदगी लगातार बढ़ रही है और इसके किफायती फिर भी प्रीमियम उत्पाद युवा प्रोफेशनल्स, परिवारों, इंटीरियर डिज़ाइनर्स और रियल एस्टेट डेवलपर्स तक को आकर्षित कर रहे हैं। अब तक रॉयलओक पूरे भारत में 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों की जीवनशैली को बेहतर बना चुका है। मेट्रो शहरों से लेकर टियर-2 और टियर-3 शहरों तक, यह ब्रांड कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से नागालैंड तक लोगों के घरों की पहचान बन चुका है।

ADVT.


# सुरक्षा परिषद में सुधार जरूरी, हम स्थायी स्थान के हकदार : भारत

### कहा-मौजूदा जरुरतों के मुताबिक परिषद में किए जाएं अहम बदलाव

**न्यूयॉर्क।** भारत ने वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए भविष्य के लिए समझौता के कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधारों का आह्वान किया। कहा, वह सुरक्षा परिषद में स्थायी स्थान का सही मायनों में हकदार है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने जी-20, विश्व व्यापार संगठन, विश्व बैंक और आईएमएफ प्रक्रियाओं के साथ सामंजस्य के महत्व पर भी जोर दिया। भविष्य के लिए समझौता (पैक्ट फॉर द फ्यूचर), जिसे सितंबर 2024 में भविष्य के शिखर सम्मेलन में अपनाया गया था, इसका उद्देश्य वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान करना है। उन्होंने कहा, हमें विशेष रूप से महत्वपूर्ण सुधार क्षेत्रों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार पर ध्यान सुनिश्चित करना होगा। यूएन में भारत के राजदूत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के संबंध में बहुत से पक्ष इस बात पर सहमत है कि इस निकाय को वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए और सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में तत्काल सुधार की जरूरत पर बल दिया। कहा, इन संस्थानों को वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप ढालने की जरूरत है। एजेंसी


पी. हरीश

### *पुराने तंत्र से भविष्य कतई नहीं बना सकते*

*हरीश बोले, 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने को ऐसे तंत्र की जरूरत है, जो अधिक प्रभावी और समावेशी हो। हम अपनी पुरानी पीढ़ियों के लिए बनाए गए तंत्र से अपनी भावी पीढ़ियों के लिए उपयुक्त भविष्य नहीं बना सकते। सुरक्षा परिषद की स्थायी एवं अस्थायी श्रेणियों में विस्तार समेत इसमें सुधार के लिए वर्षों से किए जा रहे प्रयासों में भारत अग्रणी रहा है।*

**■ महासभा अध्यक्ष को हिंदी अनुवाद की प्रति भेंट की**

राजदूत हरीश ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग को भविष्य के लिए समझौते के हिंदी अनुवाद की एक प्रति भी भेंट की, जिसे ऑनलाइन पोस्ट किया गया है। भविष्य के लिए समझौता शांति-सुरक्षा, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल सहयोग, मानवाधिकार, लिंग, युवा और भावी पीढ़ियां, और वैश्विक शासन में परिवर्तन सहित कई विषयों को शामिल करता है।






### लॉस एंजलिस : विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजलिस में शुक्रवार तड़के हुए एक विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई। टीवी के फुटेज से पता चलता है कि विस्फोट ट्रकों से भरी एक पार्किंग में हुआ। विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। एजेंसी

## बांग्लादेश में हिंसा के बाद 164 गिरफ्तार, अब तक 5 की मौत

### शनिवार सुबह 6 बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया कर्फ्यू

**ढाका।** बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के गृह नगर गोपालगंज में बीते बुधवार को हुई हिंसा में शुक्रवार को 164 लोगों को गिरफ्तार किया गया और कर्फ्यू की समय-सीमा बढ़ा दी गई। वहीं, नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) की रैली के दौरान हुई झड़पों में अब तक पांच लोग मारे जा चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, 164 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सैकड़ों अन्य लोगों की तलाश जारी है। यहां तक कि नौसेना और तटरक्षक बल के जवान भी गोपालगंज हिंसा में शामिल संदिग्धों को पकड़ने के लिए गश्त कर रहे हैं। पुलिस ने पुष्टि की है कि गिरफ्तार लोगों तथा कई अज्ञात लोगों पर बुधवार को पुलिस वाहन पर हमला करने, उसे आग लगाने व अधिकारियों पर शारीरिक हमलों का आरोप है। बुधवार शाम से लागू कर्फ्यू 22 घंटे के लिए था, जिसे शनिवार सुबह 6 बजे तक बढ़ा दिया गया है। एजेंसी

**कर्फ्यू के दौरान जुमा की नमाज के लिए छूट दी गई**

गंभीर रूप से घायल रमजान मुन्सी को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। सेना और दंगा नियंत्रण पुलिस ने पूरे जिले में निगरानी रखने के लिए अर्धसैनिक बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और तटरक्षक बल के अतिरिक्त जवानों को बुलाया है। मुस्लिमों को जुमा की नमाज अदा करने की अनुमति देने के लिए इसमें कुछ समय के लिए ढील दी गई।





